मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	31.7	26.1
जमशेदपुर	34.4	25.6
डालटनगंज	33.2	26.0

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, मंगलवार 10 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3 ● वर्ष : 2, अंक : 153

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

सर्राफा

सोना (बिक्री)	67,400
चांदी (किलो)	85,000

ब्रीफ खबरें

वेलकम गेट गिरा बाल-बाल बचे नीतीश

पटना। बिहार के सीएम नीतीश कुमार एक हादसे में बाल-बाल बच गए. सोमवार को नीतीश बाढ़ और मोकामा पहुंचे थे. बाढ़ के बेलछी प्रखंड में कई प्रोजेक्टस का सीएम उद्घाटन और शिलान्यास किया. इसके बाद जैसे ही उनका काफिला ब्लॉक ऑफिस से निकलने वाला था कि वहां बना वेलकम गेट गिर गया. इसके बाद थोड़ी देर तक काफिला रुका रहा. सुरक्षा में तैनात अधिकारियों और कुछ लोगों ने आनन-फानन में दौड़ कर गेट को उठाया. हादसे के वक्त नीतीश की गाड़ी पीछे थी.

महंत नृत्य गोपाल दास आईसीयू में भर्ती

लखनऊ। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है. अस्पताल ने बताया कि उनकी हालत गंभीर है और डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है. मेदांता के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि महंत को पेशाब और खाने में दिक्कत हो रही है और फिलहाल डॉक्टरों की टीम उनकी देखरेख कर रह है. उनकी हालत गंभीर बनी हुई है.

दिल्ली में इस साल भी पटाखों पर बैन

नयी दिल्ली। दिल्ली में इस साल भी पटाखों पर बैन लगा दिया गया है. यह आदेश सोमवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने जारी करते हुए कहा, हम दिल्लीवासियों से यही कहना चाहते हैं कि दीए जला कर और मिठाई बांट कर त्योहार मनाएं. हमें त्योहार को धूमधाम से मनाना है. लेकिन, उतनी ही जिम्मेदारी से प्रदूषण पर भी लगाम लगानी है.

देश में मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि

नयी दिल्ली। भारत में मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि हो गई है. केंद्र सरकार ने एमपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि कर दी है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एमपॉक्स को लेकर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एडवायजरी भी जारी की है. एमपॉक्स वायरस से जूझ रहे विदेश से लौटे एक शख्स को अस्पताल में अलग रखा गया है. संक्रमण की पुष्टि उसके नमूनों की जांच से हुई है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि चिंता की कोई बात नहीं है.

वियतनाम में यागी तूफान, 59 लोग मरे

हनोई। वियतनाम में तूफान यागी और इसके कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है. आपदा की चपेट में आने से देश के उत्तरी क्षेत्र में 59 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं. प्राकृतिक आपदाओं के कारण 247 लोग घायल हुए हैं. इस आपदा से 1,13,000 हेक्टेयर चावल के खेत और 22,000 हेक्टेयर से अधिक अन्य फसलों के खेतों को नुकसान पहुंचा है.

असम और एमपी के राजनीतिक गिद्ध झारखंड में मंडरा रहे

सावधान रहिएगा : हेमंत

प्रमुख संवाददाता। रांची/ गिरिडीह

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जल्द ही झारखंड में विधानसभा चुनाव की घंटी बजने वाली है. उससे पहले ही राज्य में राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं. कोई असम से आ रहा है, तो कोई मध्य प्रदेश से आ रहा है. अभी छोटा-छोटा गिद्ध आ रहा है, लेकिन कुछ दिन बाद से बड़ा-बड़ा गिद्ध झारखंड में नजर आएगा. ये लोग आपके बीच में जूठा खाना परोसेगा, झूठ का आश्वासन देगा और आपको दिग्भ्रमित करेगा. कोई जात के नाम पर, कोई धर्म के नाम पर, कोई अगड़ा-पिछड़ा के नाम पर बरगला कर आपसे वोट मांगेगा. इसलिए आपलोग सावधान रहिएगा. गिरिडीह के गांडेय में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान सीएम ने यह बातें कहीं. उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके निशाने पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा थे.

हेमंत ने कहा कि पूर्व की सरकार ने यहां के अधिकतर पात्र लोगों को पेंशन योजना से वंचित रखा. पहले गांव के कुछ चुनिंदा बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं विधवा माता-बहनों को ही पेंशन की राशि मिल पाती थी, लेकिन अब आपकी सरकार ने ऐसा कानून बना दिया कि अब गांव में जितने भी वृद्धजन हैं सभी को पेंशन प्राप्त हो रहा है. आज हरेक दिव्यांगजन एवं विधवा माता-बहनों सहित पात्र सभी लोगों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन की राशि निर्धारित समय पर मिल रही है. अब सभी पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पेंशन योजना से आच्छादित किया जा चुका है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में उनकी सरकार किसानों के कृषि ऋण को माफ करने का काम किया है, गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ हो रहा है, बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है. बच्चों के पढ़ने के लिए निजी स्कूल के तर्ज पर स्कूलों का निर्माण किया गया. राज्य में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं. आज उनकी सरकार गरीब, आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित, पिछड़े, अल्पसंख्यक के बच्चे-बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. गरीब के होनहार बच्चे विदेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. महिलाओं का सशक्तीकरण सुनिश्चित हुआ है. आज राज्य सरकार गांव-देहात से चल रही है. इस अवसर पर मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, मंत्री इरफ़ान अंसारी, राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज़ अहमद, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक कल्पना सोरेन, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी तथा गिरिडीह एवं धनबाद जिले के उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे. - शेष पेज 07 पर

बोले सीएम

- ढिबरी लेकर भी खोजेंगे तो बिना पेंशन वाला बुजुर्ग नहीं मिलेगा
- राज्यहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए
- हर वर्ग को मिला लाभ, महिलाओं के चेहरे पर दिखी मुस्कान
- अब झारखंड के कार्यों का अनुकरण दूसरे राज्य कर रहे हैं

मिली सौगात

सीएम ने गिरिडीह और धनबाद जिले को 465.14 करोड़ की दी सौगात, 310 योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं दोनों जिलों के 13.06 लाख लाभुकों के बीच 639.16 करोड़ रुपए की बांटी परिसंपत्तियां.

हम कानून बताते हैं, पर भाजपा के लोग असंवैधानिक बता कर लटका देते हैं

सीएम ने कहा कि हम कानून बनाते हैं, पर भाजपा के लोग इसे असंवैधानिक बता देते हैं. खतियानी कानून बनाते हैं तो भाजपा के लोग कोर्ट में चले जाते हैं. मईयां योजना को लेकर भी कोर्ट चले गए. महिलाओं को सम्मान देने से रोकने के लिए कानून का सहारा ले रहे हैं. इनके पास बड़े-बड़े वकील और जज हैं जो इस्तीफा देकर भाजपा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं.

आदिवासी को सरना धर्म कोर्ड क्यों नहीं दिया

सीएम ने कहा, यहां घुसपैठिए की बात होती है. कहा जा रहा है कि आदिवासियों की संख्या घट रही है. हम बोलते हैं कि आदिवासी को सरना धर्म कोर्ड क्यों नहीं दिया. विधानसभा से सरना धर्म कोर्ट पास करा कर केंद्र को भेजा. वहां कुंडली मार कर लोग बैठ गए. देश में लैटरल इंट्री के नाम से आदिवासी दलित की जगह पर बैकडोर से लोगों घुसाने की तैयारी हो रही है. झारखंड के पिछड़ों के अधिकार की बात करें तो हमारे पूर्व सीएम ने जो ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण मिलता था, उसको काट कर 14 प्रतिशत कर दिया.

नहीं हो सका बीमा प्रीमियम जीएसटी घटाने का फैसला, नवंबर में अगली बैठक में निर्णय संभावित, वित्त मंत्री ने बताया ऑनलाइन गेमिंग पर राजस्व 412% तक बढ़ा

नयी दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद वित्त मंत्री के साथ फोटो सेशन कराते परिषद के सदस्य.

बड़ी राहत: कैंसर की दवाओं व नमकीन पर घटाया जीएसटी

एजेसियां। नयी दिल्ली

जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक के बाद सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर की दवाओं और नमकीन पर जीएसटी दर घटाने का ऐलान किया. वित्त मंत्री ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद ने बैठक के दौरान कई फैसले लिए. उन्होंने बताया कि सरकारी संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट देने का भी फैसला किया गया है. उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैंसर की दवाओं पर भी जीएसटी घटाया गया है. वित्त मंत्री ने कहा कि नमकीन पर जीएसटी दर भी संभावित रूप से कम की गई.

वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि वाणिज्यिक संपत्तियों को किराए पर देने को रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत लाया गया जाएगा. कैंसर की दवाओं पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% करने का उद्देश्य कैंसर के इलाज की कुल लागत को और कम करना है. जीएसटी परिषद ने चुनिंदा नमकीन पर कर को 18% से घटाकर 12% करने का फैसला किया है. सीतारमण के मुताबिक, छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग रेवेन्यू 412% बढ़कर 6,909 करोड़ रुपए हो गया है. वित्त मंत्री ने बताया कि दरों को तर्कसंगत बनाने पर जीओएम को स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी. दो स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की गईं जिसमें एक रियल एस्टेट पर और दूसरी दरों के युक्तिकरण से जुड़ी थी. वित्त मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो की भी स्थिति भी परिषद की बैठक के दौरान पेश की गई. उन्होंने कहा कि कैसीनो राजस्व में 30% की वृद्धि हुई है.

बीमा प्रीमियम पर छूट के लिए करना होगा इंतजार

बैठक में हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस के प्रीमियम भुगतान पर लगने वाले 18 फीसदी जीएसटी के घटने पर फैसला नहीं हो पाया है. बैठक में हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस के प्रीमियम भुगतान पर लगने वाले जीएसटी को घटाने पर चर्चा हुई, लेकिन इस मुद्दे पर ज्यादा अध्ययन करने के लिए इस मामले को जीओएम के पास भेज दिया गया है. बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी रेट में कटौती पर स्टडी करने के लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स बनाया गया है. इस जीओएम को अक्टूबर 2024 के आखिर तक रिपोर्ट तैयार करना होगा. और नवंबर में जीएसटी काउंसिल की बैठक में इस पर जीएसटी कांउसिल की बैठक में चर्चा होगी. सूत्रों के मुताबिक अधिकतर राज्य बीमा प्रीमियम की दरों में कटौती के पक्ष में हैं. अगर जीएसटी दरें कम की जाती हैं, तो यह लाखों पॉलिसीधारकों के लिए फायदेमंद होगा, क्योंकि प्रीमियम राशि घट जाएंगी. जीएसटी आने से पहले बीमा प्रीमियम पर सेवा कर लगता था. बता दें, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी वित्त मंत्री को पत्र लिख कर इस टैक्स से राहत देने की अपील की थी, तब से ही विपक्ष इस मुद्दे को राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाए हुए हैं. वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी संसद में बजट पर चर्चा के बाद अपने जवाब में इस मुद्दे को जीएसटी काउंसिल में उठाने की बात कही थी.

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

कब होगी जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति?

संवाददाता। रांची

याचिकाकर्ता श्वेता त्रिपाठी द्वारा सिविल जज जूनियर डिवीजन की नियुक्ति को लेकर दाखिल मामले की सुनवाई करते हुए सोमवार को हाईकोर्ट ने जेपीएससी का अध्यक्ष पद खाली रहने पर नाराजगी जताई. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि जेपीएससी अध्यक्ष या प्रभारी अध्यक्ष की नियुक्ति कब तक की जाएगी. जेपीएससी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया कि अध्यक्ष का पद 22 अगस्त से रिक्त है, इसलिए सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस परीक्षा की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है. बता दें कि 21 अगस्त 2024 को जेपीएससी अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा अपने पद से रिटायर हो गईं. नीलिमा केरकेट्टा को 2022 में जेपीएससी की कमान सौंपी गई थी. 22 अगस्त से जेपीएससी के अध्यक्ष का पद ख़ाली है. हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है.

आज फिर होगी मामले की सुनवाई, 22 अगस्त से रिक्त है अध्यक्ष का पद

क्या है मामला

दरअसल, प्रार्थी श्वेता त्रिपाठी की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस के एग्जाम को जल्द कराने को लेकर याचिका दाखिल की गई थी. जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि मेंस का एग्जाम अब तक क्यों नहीं हुआ है. इस पर जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अध्यक्ष का पद रिक्त है, इसलिए सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस की परीक्षा की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है. कोर्ट को यह बताया गया कि जेपीएससी के नये अध्यक्ष के रूप में फिलहाल किसी की नियुक्ति नहीं हुई है. न ही किसी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.

पटना में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

पटना। बिहार में विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगातार निशाना साध रहा है. इसी बीच, बिहार की राजधानी पटना में सोमवार की सुबह अपराधियों ने चौक थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि मृतक भाजपा के नेता भी थे. पुलिस के मुताबिक, घटना पटना सिटी के एक रेस्टोरेंट के पास की है. बताया जाता है कि पटना सिटी निवासी श्याम सुंदर शर्मा उर्फ मुन्ना शर्मा अपने कुछ रिश्तेदारों को ऑटो में बिठाने गए थे. इसी क्रम में बाइक सवार बदमाशों ने उनसे सोने की चेन लूटने की कोशिश की. जब इसका उसने विरोध किया तो गोली चला दी गई, जिससे उनकी मौत हो गई. घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बाइक पर बैठकर मौके से फरार हो गए. फिलहाल पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच की जा रही है. एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज द्वारा अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है. पेज 11 भी देखें

- पटना में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

बड़ी विडंबना: 20 लाख केस में से सिर्फ 9.6 लाख केस का ही निष्पादन

राज्य भर में 10.21 लाख म्यूटेशन के केस रिजेक्ट

रवि भारती। रांची

झारखंड में 10 लाख 21 हजार 506 म्यूटेशन के केस रिजेक्ट कर दिए गए हैं. म्यूटेशन के लिए सोमवार नौ सितंबर तक कुल 19 लाख 99 हजार 476 केस आए. इसमें सिर्फ नौ लाख छह हजार 236 केस का ही निष्पादन हो पाया है. 71,734 केस पेंडिंग हैं. आंकड़े के मुताबिक रांची में रिकॉर्ड दो लाख 61 हजार 621 म्यूटेशन के केस रिजेक्ट कर दिए गए.

वहीं धनबाद और हजारीबाग में भी म्यूटेशन के एक लाख से अधिक केस रिजेक्ट किए गए हैं. धनबाद में एक लाख 31 हजार 418 केस रिजेक्ट किए गए हैं, जबकि हजारीबाग में एक लाख छह हजार 329 केस रिजेक्ट कर दिए गए हैं. गिरिडीह में 69,124, पूर्वी सिंहभूम में 47,088, पलामू में 64,384 और बोकारो में 63,432 केस रिजेक्ट हुए हैं. वहीं नौ सितंबर को म्यूटेशन के 775 केस आए, जिसमें 599 केस रिजेक्ट किए गए।417 केस का निष्पादन हुआ - शेष पेज 07 पर

2.61 लाख केस रिजेक्ट राजधानी रांची में सबसे अधिक

- धनबाद और हजारीबाग में एक लाख से अधिक केस रिजेक्ट

किस जिले में कितने म्यूटेशन के केस रिजेक्ट हुए

जिला	रिजेक्ट केस
कोडरमा	40,662
खूंटी	13,733
गढ़वा	30,101
गुमला	13,957
गिरिडीह	69,124
गोड्डा	972
चतरा	28,425
जामताड़ा	850
दुमका	5,431
देवघर	13,120
धनबाद	1,31,418
पूर्वी सिंहभूम	47,088
पलामू	64,384
पश्चिमी सिंहभूम	9,695
पाकुड़	8,441
बोकारो	63,432
रांची	2,61,621
रामगढ़	14,510
लातेहार	12,535
लोहरदगा	9,880
सरायकेला-खरसावां	28,265
साहिबगंज	18,856
सिमडेगा	4,805
हजारीबाग	1,06,329

जमीन विवाद बन गया जी का जंजाल

जमीन विवाद के कारण झारखंड में जमीन रक्तरंजित होती जा रही है. जमीन विवाद सुलझाने के लिए बिहार से 82,129 नक्शे तीन ट्रकों में भर कर झारखंड मंगाये गये. इस पर 52 करोड़ रुपए खर्च किए गए. इन नक्शों को बिहार के गुलजारबाग प्रेस से फोटी कॉपी कर मंगाया गया था. इसके बाद इन नक्शों की डिजिटल कॉपी तैयार करनी थी, लेकिन हुई नहीं.

रैयती जमीन की नहीं हो पाई मैपिंग

झारखंड सरकार का नक्शा मंगाने का मुख्य उदेश्य था कि राज्य के हर गांव की मैपिंग का सही अंदाजा लगाया जा सके. इससे बिहार-झारखंड की लंबित परिसंपत्तियों का बंटवारा सही तरीके से हो पाता. नक्शे की एक कॉपी रैयत के पास होती और दूसरी कॉपी प्रिंटिंग प्रेस में होती. लेकिन इस पर काम शुरू नहीं हो पाया. रैयती जमीन की मैपिंग नहीं होने के कारण भूमि विवाद बढ़ता जा रहा है. अवैध कब्जा के मामले बढ़ते जा रहे हैं.

नुकसान से नुकसान को संभालने की 'सूझ'

अंशुमान तिवारी

बादबां से उलझ गया लंगर...

लंबे पसोपेश के बाद एनडीए सरकार ने दूसरे कार्यकाल में जब मुक्त व्यापार के सफीने उतारने की हिम्मत दिखाई तो पहला ही समझौता भंवर में फंस गया. बढ़ना था निर्यात और आफत बन गया बढता आयात यानी इंपोर्ट. वह भी कीमती सोना-चांदी का. दुबई से. यह मुक्त व्यापार समझौता है अमीरात (यूएई) वाला.

खुले दरवाजे तो...

इस बार बजट में वित्त मंत्री ने अचानक सोने यानी गोल्ड पर इंपोर्ट ड्यूटी घटा (15 प्रतिशत से 6 प्रतिशत) दी. बढ़ते गोल्ड इंपोर्ट पर लानतें भेजते-भेजते और विदेशी मुद्रा भंडार की फिक्र करते हुए सरकार गोल्ड का आयात सस्ता कर बैठी. अचानक !

हुआ यूं कि अमीरात वाले एफटीए से हो रहे नुकसान कम करने के लिए सरकार को गोल्ड इंपोर्ट की नीति ही बदलनी पड गई.

सोना-चांदी के सस्ते या मुफ्त आयात से 2024 में सरकार को 63,000 करोड़ के राजस्व की चपत लगी

मई 2022 में सरकार ने यूएई के साथ मुक्त व्यापार समझौता (सीईपीए) किया था. पहले कार्यकाल में तो मुक्त व्यापार की बातचीत भी वर्जित थी, मगर अगले कार्यकाल में 'स्वदेशी' दिल बदले और यूएआई वाले समझौते की बातचीत सिर्फ 88 दिनों में पूरी हो गई. यह पहला बहुआयामी विशाल मुक्त व्यापार समझौता है, जिसमें सभी उत्पाद और सेवाएं शामिल थीं. दोनों देशों ने एक-दूसरे को 90 प्रतिशत निर्यातों पर रियायत दी .

समझौते में एक निर्धारित सीमा तक सोना एक प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी पर और इसके बाद कितना भी सोना सात प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी पर आयात की छूट है. अगर प्लेटिनम मिला गोल्ड आयात होता है, तो कोई शुल्क नहीं. चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी अन्य देशों से आयात की तुलना में करीब आधी है.

गोल्ड का महंगा आयात कम होना था, मगर इंपोर्ट करने वालों ने अमीराती सोना चांदी से बाजार भर दिया.

एफटीए के दरवाजे अमीरात से, वित्त वर्ष 2024 में गोल्ड का इंपोर्ट 148 प्रतिशत बढ़कर 7.6 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया. जीटीआरआइ के अनुसार यूएई से चांदी का इंपोर्ट लगभग 60 गुना बढ़ गया.

जीटीआरआइ बता रहा है यूएई सीईपीए में सोना-चांदी के सस्ते या मुफ्त आयात से 2024 में सरकार को 63,000 करोड़ के राजस्व की चपत लगी सो अलग इस समझौते के तहत 2026 से सोने और 2030 से चांदी का इंपोर्ट डयूटी फ्री हुआ, तो फिर क्या होगा?

अमीराती सोना चांदी कुछ इतना भारी पड़ा कि जुलाई में आए बजट में समग्र गोल्ड इंपोर्ट को ही सस्ता कर दिया गया, ताकि दुबई वाले चैनल की चमक कुछ फीकी पडे.

अलबत्ता नुकसान से नुकसान को संभालने की 'सूझ' कारगर हुई नहीं दीखे है. शायद अमीरात वाला समझौता बदलेगा.

हैरत से देखता है समुंदर मिरी तरफ़
कश्ती में कोई बात है या बादबां में है - परवीन शाकिर

नोटः लेखक आर्थिक मामलों पर करीब से नजर रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार हैं. यह टिप्पणी उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है. वहीं से सभार लिया गया है.

मणिपुर: पीएम मोदी की विफलता माफी योग्य नहीं: मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी। नयी दिल्ली

मणिपुर में हिंसा की नई लहर के बीच कांग्रेस ने सोमवार को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की. विपक्षी पार्टी ने केंद्र सरकार से संवेदनशील सुरक्षा स्थिति की जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया. पार्टी ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाए आयोग को अपनी जांच तेज करनी चाहिए.

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी की मणिपुर में घोर विफलता माफी के लायक नहीं है. उन्होंने कहा कि पूर्व राज्यपाल अनसुइया उइके ने भी मणिपुर की जनता की आवाज उठाई है. उन्होंने कहा कि मणिपुर के लोग परेशान और दुखी हैं और वे चाहते हैं कि पीएम मोदी उनके बीच आएं.

विपक्षी पार्टी की ओर से यह बयान तब आया है, जब शनिवार को राज्य के जिरिबाम जिले में ताजा हिंसा में छह लोग मारे गए. पुलिस के मुताबिक, जिरिबाम जिले में उग्रवादी सोते समय एक व्यक्ति के घर में घुसे और उसे गोली मार दी. हत्या के बाद समुदायों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें पांच हथियारबंद लोग मारे गए. राज्य में जातीय संघर्ष के शुरुआत में जिरिबाम हिंसक घटनाओं से दूर था. लेकिन जून में समुदाय के एक व्यक्ति की हत्या के बाद यहां भी हिंसा शुरू हुई. इस हत्या के लोगों ने एक-दूसरे समुदायों के उग्रवादियों को जिम्मेदार ठहराया.

पीएम ने मणिपुर में छोड़ दी संवैधानिक जिम्मेदारी

खरगे ने कहा कि पीएम मोदी ने मणिपुर में पिछले 16 महीनों में एक पल भी नहीं बिताया. जबकि वहां लगातार हिंसा हो रही है. उन्होंने मणिपुर के सीएम पर भी आरोप लगाया कि वह विफलता छिपाने की कोशिश कर रहे हैं. खरगे ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने भी पीएम मोदी की तरह मणिपुर में सुरक्षा की संवैधानिक जिम्मेदारी छोड़ दी है और चुनावी राज्यों में रैलियों में व्यस्त हैं. खरगे ने केंद्र से मांग की है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री को तुरंत बर्खास्त किया जाए और सभी उग्रवादी समूहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाए. विपक्षी पार्टी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित मणिपुर आयोग को अपनी जांच तेजी से पूरी करनी चाहिए.

दर्जनों युवा संगठन आदिवासी आंदोलनों में सक्रिय रहे, अब बन गए हैं राजनीतिक पार्टियों के नेता-कार्यकर्ता

जनआंदोलनों के साथी रहे आदिवासी चेहरों ने थामा पार्टियों का दामन

बसंत मुंडा । रांची

इस विधानसभा चुनाव में बहुत कुछ नया दिखने वाला है. जन आंदोलनों के साथी रहे आदिवासी संगठनों के लोल राजनीतिक पार्टियों का दामन थामने लगे हैं. कभी आदिवासी मुद्दों पर आवाज बुलंद करने वाले अब राजनीतिक कार्यकर्ता, नेता के रुप में मुखर होते दिखेंगे. पहले वह सरना धर्म कोड, कुरमी बनाम एसटी आंदोलन, सीएनटी-एसपीटी एक्ट, स्थानीय नियोजन नीति जैसे मुद्दों को लेकर सड़क पर आंदोलन खड़ा करते रहे हैं.

आदिवासी सेना और जेसीवाईए

आदिवासी सेना और जेसीवाईए के कार्यकारी अध्यक्ष रहे अलबिन लकड़ा व विकास तिर्की झामुमो का दामन थाम चुके हैं. उनके साथ अमरनाथ लकड़ा व सुजीत कुजूर भी झामुमो में शामिल हुए हैं. ये चारो नेता दारोगा रुपा तिर्की की मौत के मामले में जोरदार आंदोलन किया था. रुपा तिर्की के परिवार को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतरे थे.

अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद : शिडयूल ट्राईब (एसटी) में शामिल करने के लिए कुरमी जाति ने झारखंड में जबरदस्त आंदोलन किया था. इस आंदोलन के खिलाफ आदिवासियों समूहों ने भी आंदोलन किया था. आदिवासियों के आंदोलन को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने एक मुकाम दिया था. अब इसके महिला मोर्चा अध्यक्ष कुंदरसी मुंडा, आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप, आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा, लोहरा समाज के अभय भुटकुंवर भारत आदिवासी पार्टी में शामिल हो गए हैं.

आदिवासी युवकों को संगठित करने वाले भी दल से जुड़े : पिछले करीब सात-आठ सालों से शहरी इलाकों में आदिवासी युवाओं को संगठित करने के काम में लगे शशि पन्ना ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली हैं. इस तरह के काम में लगे अजीत लकड़ा झामुमो युवा मोर्चा से जुड़ गए हैं. दूसरी ओर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, महासचिव संतोष तिर्की, केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप, केंद्रीय सरना समिति के बबलू मुंडा अलग-अलग पार्टियों-खेमे में अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं. ऐसे में रांची में आदिवासी मुद्दों पर आंदोलन करने वाले युवाओं की धार कम होती दिखाई दे रही है.

राजनीतिक दल से अब भी अलग

वर्तमान में कई धार्मिक-सामाजिक जन संगठन ऐसे भी हैं, जो सीधे तौर पर या प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से राजनीति दलों से दूर हैं. विशेषकर आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के फूलचंद तिर्की, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद महानगर अध्यक्ष पवन तिर्की, ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट के महासचिव प्रवीण कच्छप, जय आदिवासी केंद्रीय परिषद की निरंजना हेरेंज, आदिवासी युवा मोर्चा के अजय टोप्पो, कांके सरना समिति के डब्लू मुंडा, जेसीवाईए के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की, केंद्रीय सरना समिति भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव ऐसे ही संगठनों में शामिल है.

ई हैं फाटक बाबा, बड़का कुरसी हथियाए, अभियो चैन नहीं, अब टिकट ला लार टपकाइले हैं

संजय सिंह

चुनावी चकल्लस

ई लो बिन झारखंड में पसीना बहाइले झरखंडी कहावे वाला नेताजी लोग ईहां टपके लगे. टपके ही न लगे हैं, कुछ तो बेसिए टरटराए भी लगे हैं. इनमें ज्यादा पंजा लड़ावे लगी ईहां टपके हैं. खुद को महान ग्रेसी कांग बताइले हैं. अईसन नेताजी लोग झकाझक उजरका कुर्ता-पजामा धारण कर पंजा लडावे लगी बेकरार हैं. पंजियारे नेताजी लोगन के पांच बरिस बाद अपन पैदाईशी जगह के इयाद सताइले है. देखिए ई लोग ढेरे चकल्लस बाज है. ई नेताजी लोग दिल्ली में गेटिंग-सेटिंग कईले रहता है. झारखंड से ई लोग के कोनो मतलब न रहता है, लेकिन जब लाभवाला पद या चुनाव में टिकट की चाहत होती है, तो पद व टिकटवा हथियावे लगी, ई नॉन रेसीडेंट झारखंड़ी तो ईहां टपक कर लोर चुआवे लगते है. भाई जी लोग अईसन-अईसन गीता गावे लगेंगे कि पूछिए मत. ईहां जिंदगी भर पार्टी के दरी बिछावे से लेकर धरना-प्रदर्शन करेवाला नेताजी लोग हाथ-पैर मारले रहते हैं, लेकिन कोई सुनवईया रहे तब न. सब तो ऊपरे ऊपरे दिल्लीए लेबल पर होता रहता है. पार्टी संगठन ला खून-पसीना बहावेवाला नेता-कार्यकर्ता लोग ताकईत रह जाता है और ई एनआरजे लोग उ लोगन के मुंह चिढाईले रहता है. कोनो उपायो तो न है. देखिए ने एगो नेताजी के बाबूजी हजारबाग वाली जगह से राजनीति चमकाइले थे, लेकिन उनके बेटाजी लोग ईहां पैदा तो जरूर हुए, लेकिन पढ़े-लिखे ला दिल्ली सेट कर गए. बचपन से जवानी वहीं गुजार दिए, झारखंड में दर्शन बहुत कमे दिए या यों कहिए कि दिए ही नहीं. हजारबाग वाले इलाके के ई फाटक बाबा हैं. बोले-बतियावे में में तो अईसन महारत हासिल है कि पूछिए मत. खूबे मीठी-मीठी बोलते हैं. राजनीतिक गेटिंग-सेटिंग में माहिर. महोदय गजबे कईले रहते हैं, दिल्लीए अगोरले रहते हैं. लेकिन जब-जब कोनो लाभ का पद हथियावे ला रहता है, उपरे से सेटिंग कर पद लेले झारखंड में अवतरित हो जाते हैं. पहिले युवा थे तो जवानी वाला राज रजे, फिर देखाईए न दिए. अईसन लापता हुए, जइसे गदहा के सिर से सिंग. दिल्ली अगोरले रहे, फिर अचानक झारखंड में बोर्ड-निगम के अध्यक्ष पद बंटे लगा, तो फाटक बाबा पद लेले टपक गिए. हो गए धार्मिक...मंदिर के पॉलिटिक्स करे लगे. ईहां के कुछ चकमगलू लोगन के साथे रख लिए. आजू-बाजूवाला बना लिए. अब राज भोगले हैं. और ईहां जो लोग था हाथ मलित रह गया. बेचारा लोग करियो का सकता है. सिर्फ गाल सा देवाल बजाइत रहता है, कहता है- जब ऊपरेवाला (भगवान जी नहीं, पंजा छाप बड़का नेताजी) मेहरबान, तो गदहवा पहलवान होबे करेगा. ई फाटक बाबा ईहां के जमीनी नेता-कार्यकर्ता लोगन के मुंह चिढ़ाईले एगो बड़का कुरसिया पर राज रजले हैं. लेकिन बाबा के तइयो मन ना भरा है. बाबा लकलकाईल है चुनाव लड़े लागी. लार टपकाईले दिल्ली वाला नेताजी लोगन के आगे-पीछे कईले हैं. बाबा को विधानभा का टिकटवा चाहिए. यानि बोर्ड-निगम के भी राज रजेंगे, विधानसभा भी ऊहे बाबा जाएंगे. सभ कुछ बाबा को ही चाहिए. बाबा हजारबाग वाला सीटवा पर नजर गड़ाईले हैं. झारकंड से दिल्ली तक तक एक कईले हैं. हारे चाहे जीतें, बाबा के ख्वाहिश है कि हजारबाग वाला सीटवा से किस्मत आजमाए. विशेष लगाव है फाटक बाबा के ऊ सीटवा से. काहे कि बाबूजी भी ऊ सीटवा से विधायक रहे हैं, तो फाटक बाबा चाहते हैं कि उनकी विरासत पर एक फिर से राजनीति चमका लें. फाटक बाबा हइयो हैं बहुते चतुर चालाक. केकरा केने से लंघी मारेंगे बुझाईबो न करेगा. सब लोग बाबा के मीठी-मीठी बोलिया में ही उलझल रह जाता है और बाबा ऊपरे से गेटिंग-सेटिंग कर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं. बाकी गीत गाइले रहते हैं, जलनेवाले जला करें, जल-जल कर मरा करें... भाई लोग से हमरा का लेना-देना है.

ब्रीफ खबरें

जल संसाधन विभाग के जू. इं. को दें प्रोन्नति

रांची । जल संसाधन विभाग के जूनियर इंजीनियर को असिस्टेंड इंजीनियर रैंक में प्रोन्नति पाने वाले अभियंताओं के लिए अच्छी खबर है. हाई कोर्ट में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान कहा है कि याचिका दाखिल करने वाले अभियंताओं को उसी तारीख से प्रोन्नति दी जाये, जिस तारीख से उनके कनीय अभियंताओं को प्रोन्नति दी गई है. उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग के अभियंता अनिल कुमार, जयराम एव विद्या भार्गव की तरफ से अलग-अलग याचिका दाखिल किया था. जिसमें कहा गया है कि विभाग ने 22 मई 2013 को उनसे जूनियर अभियंताओं को प्रोन्नति दी, लेकिन उन्हें प्रोन्नति नहीं दी गई.

जेएसएलपीएस के रिक्त पद भरे जाएंगे: मंत्री

रांची । ग्रामीण विकास मंत्री ने जेएसएलपीएस के रिक्त पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरु करने का आदेश दिया है. जेएसएलपीएस में 500 नए पदों का सृजन किया जाये. इन पदों पर एससी, एसटी व पिछड़ा वर्ग के युवाओं को तरजीह दी जाये. इसके साथ ही उन्होंने आदेश दिया है कि एनआरईपी, एमकेएसपी और जोहार परियोजना के 363 कांट्रेक्ट कर्मियों को उनकी योग्यता और अनुभव के आधार पर डीएवाई एनएलआरएम परियोजना में समायोजित किया जाये. ताकि सभी को रोजगार मिले.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व ऑब्जर्वर भी बैठक में होंगे शामिल

रांची । झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को दिल्ली बुलाया गया है. वह 10 सितंबर को दिल्ली में होने वाली ऑब्जर्बर भी बैठक में शामिल होंगे. यह बैठक दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में दिन के तीन बजे से होगी. इसमें प्रदेश अध्यक्ष के अलावा कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव भी शामिल होंगे.

बीटेक छात्रा की दुष्कर्म व हत्या के दोषी राहुल राज की फांसी की सजा बरकरार

- बूटी बस्ती में राहुल राज ने छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद जलाकर हत्या कर दी थी
- हाईकोर्ट ने सीबीआई की विशेष अदालत के फैसले को बरकरार रखा

विधि संवाददाता । रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने बीटेक की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने और बाद में जिंदा जलाकर हत्या करने के जुर्म में जेल में बंद राहुल राज को बेल देने से इनकार कर दिया है. साथ ही निचली अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें उसे फांसी की सजा दी गई है.

सोमवार को हाईकोर्ट ने राहुल राज की अपील याचिका अर्जी खारिज कर दी है. उल्लेखनीय है कि राहुल राज को रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी. इस फैसले के खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई की.

जानकारी के मुताबिक राहुल राज ने रांची के बूटी मोड़ इलाके में भाड़े के घर में रह रही बीटेक की एक छात्रा के साथ पहले दुष्कर्म किया था. फिर बाद में साक्ष्य मिटाने के लिए उसे जिन्दा जला दिया था. यह घटना वर्ष 2016 में हुई थी. स्थानीय पुलिस की जांच में इस मामले के आरोपी को पकड़ा नहीं जा सका था. पुलिस हत्या का खुलासा नहीं कर पायी थी. जिसके बाद सीबीआई ने मामले की जांच की. सीबीआई ने उत्तर प्रदेश में छिप कर रह रहे राहुल राज को गिरफ्तार किया था. सीबीआई की विशेष अदालत में उसके खिलाफ ट्रायल चला. ट्रायल के बाद सीबीआई रांची की विशेष अदालत ने 20 दिसंबर 2019 को राहुल राज को दोषी करार देते हुए, उसे फांसी की सजा सुनाई थी.

आपराधिक मामले में बरी व्यक्ति रिहा होने के आधार पर हिरासत के लिए मुआवजे का हकदार नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता । रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि आपराधिक मामले में बरी किया गया व्यक्ति मुआवजे का दावा नहीं कर सकता है. क्योंकि ट्रायल के दौरान या उससे पहले पुलिस या किसी अन्य एजेंसी द्वारा आरोपों के आधार पर किसी को जेल भेजना मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं है. दरअसल, रांची के रहने वाले बंशीधर शुक्ला ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दायर की थी. अपनी याचिका में उन्होंने कहा था कि रांची सीबीआई के विशेष कोर्ट ने उन्हें जालसाजी के मामले में वर्ष 2004 में दोषी करार दिया था. जिसके बाद उन्होंने सीबीआई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी, लेकिन अपील कोर्ट ने भी उनकी सजा को बरकरार रखा. इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में सीबीआई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की थी. हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के बाद अदालत ने सीबीआई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए उन्हें निर्दोष करार दिया. हाईकोर्ट से निर्दोष करार दिये जाने के बाद बंशीधर शुक्ला ने ट्रायल के दौरान उन्हें न्यायिक हिरासत में रखे जाने को मानवाधिकार का उल्लंघन बताते हुए हाईकोर्ट में मुआवजे की मांग को लेकर याचिका दाखिल की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया गया. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई.

सुनील तिवारी की याचिका पर चार सप्ताह में लें निर्णय

सुप्रीम कोर्ट का हाईकोर्ट को निर्देश

विधि संवाददाता । रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के प्रेस सलाहकार रहे सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न केस में ट्रायल कोर्ट को चार्ज फ्रेम पर रोक लगाने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश कुमार की बेंच ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को यह निर्देश दिया है कि सुनील तिवारी की याचिका पर चार सप्ताह में निर्णय लिया जाए. दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने 31 जुलाई को सुनील तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ चार्ज फ्रेम किए जाने पर रोक लगा दी थी. जिसके खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी.

बता दें कि खूंटी की एक युवती ने सुनील तिवारी पर दुष्कर्म करने और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली देने का आरोप लगाया है. युवती ने 16 अगस्त 2021 को रांची के अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. इस मामले में पुलिस ने सुनील तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था.

चार्जफ्रेम पर रोक जारी

रांची । सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के केस में हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा चार्ज फ्रेम किए जाने के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है. सुनील तिवारी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई.

काउंसिल सदस्य मनोज कुमार व राम सुभग ने महाधिवक्ता को दिया धन्यवाद

संवाददाता । रांची

झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य मनोज कुमार और रामसुभग सिंह ने सोमवार को हाईकोर्ट में महाधिवक्ता राजीव रंजन से मिले और राज्य सरकार द्वारा वकीलों के कल्याण के लिए गए निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया. इस दौरान बार काउंसिल के सदस्यों ने वकीलों के हित में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में श्री रंजन की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की. काउंसिल सदस्य मनोज सिंह और रामसुभग सिंह ने महाधिवक्ता से आग्रह किया कि मेडिकल योजना में सेवानिवृत्त वकीलों को शामिल करने की दिशा में कदम उठाया जाए. ताकि इस योजना का लाभ सेवानिवृत्त वकीलों को भी मिले. महाधिवक्ता ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए बार काउंसिल के सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनके अनुरोधों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा. इसके साथ ही महाधिवक्ता ने सुझाव दिया कि एक सदस्यता अभियान चलाया जाए, ताकि राज्यभर के सभी वकीलों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस कार्यक्रम की पहुंच को व्यापक बनाना महत्वपूर्ण है, ताकि हर वकील लाभान्वित हो.

आरसेटी में उम्मीदवारों के डीएसटी-सीपी-टीओटी के लिए आवेदन आमंत्रित

रांची । केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय अकादमी रुडसेटी को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के लिए राष्ट्रीय संसाधन संगठन के रूप में मान्यता दी है. जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग के तहत प्रशिक्षित ग्रामीण गरीबों एनसीवीईटी प्रमाण देने वाली संस्था और मूल्यांकन एजेंसी के रूप में भी काम करती है. योग्य उम्मीदवारों को आमंत्रित किया जाता है, जिनके पास डोमेन ज्ञान, शैक्षिक योग्यता और कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, सौंदर्य व कल्याण, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, हथकरघा व हस्तशिल्प, बीएफएसआई, आईटी-आईटी-ईएस, मीडिया और मनोरंजन आदि सेक्टर में न्यूनतम पांच वर्ष का उद्योग अनुभव है. टीओटी जिलों में आरसेटी से संपर्क कर सकते हैं. टीओटी और डीएसटी सीपी में सफल उम्मीदवार आरसेटी द्वारा वार्षिक कार्य योजना के अनुसार बैचवार नियुक्त किया जाता है. इस संबंध में एक टीओटी और डीएसटी-सीपी कार्यक्रम कृषि क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक- आरसेटी, रांची में आयोजित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के 60 प्रतिभागी 19 से 20 तक सितंबर 2024 भाग लेंगे.

लोगों की समस्याएं सुन कर समाधान करेगी झारखंड पुलिस

पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

वरीय संवाददाता । रांची

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरुआत मगंलवार 10 सितंबर से होगी. डीजीपी अनुराग गुप्ता की पहल पर इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है. इसे लेकर राज्य के सभी जिलों की पुलिस अलग-अलग जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन करेगी. 18 मुख्य मुद्दों पर लोगों की समस्याएं सुनकर उसका समाधान करेगी. कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए राज्य के 21 जिलों में 21 आईजी और डीआईजी रैंक को जिम्मेदारी सौंपी गयी है. इस दौरान डीएसपी या उसके ऊपर के स्तर के अधिकारी उन शिकायतों पर ध्यान देंगे, जिनमें अनुसंधानकर्ता ने किसी निर्दोष व्यक्ति को फंसाने व किसी दोषी व्यक्ति को बचाने के लिए गलत अनुसंधान किया हो. ऐसे मामलों में सुनिश्चित करेंगे कि पुनः जांच हो और बाद में न्याय हो सके.

11 मुद्दों पर होगी सुनवाई

- गुमशुदा बच्चों की जानकारी लेना व मामला दर्ज करना.
- इलाके की संस्थाओं में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा.
- लोगों को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में बताना.
- नए आपराधिक कानून व जीरो एफआईआर के बारे में बताना.
- डायल 112 के बारे में बताना,
- साइबर ठगी होने पर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराना.
- अपराध, अपराधियों, साइबर अपराध, चीट-फंड के बारे में सूचना.
- थाना के कर्मी, होमगार्ड व चौकीदार का व्यवहार.
- मानव तस्करी करने वालों की पहचान करना.
- डायन प्रताड़ना के मामलों की जानकारी जुटा कर कार्रवाई करना.
- नशे के कारोबार व उसमें शामिल अपराधियों की जानकारी जुटाना.
- ऐसे चौक-चौराहे जहां अड्डाबाजी होता है, उसके बारे में पता करना.

10 से 12 दिन में हो जाएगा सीट शेयरिंग पर फैसला: मीर

रांची । कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने लगातार दो दिनों तक कांग्रेस नेताओं से मुलाकात कर फीडबैक लिया. मीर ने रविवार की देर शाम नेताओं-कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. फिर सोमवार की सुबह भी नेता-कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया. लगभग दो घंटे तक चली बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया. इसके बाद वे जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हो गए. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सीट शेयरिंग पर फैसला अगले 10 से 12 दिनों के अंदर हो जाएगा. वे लगातार झामुमो नेता सहित सीएम हेमंत सोरेन के संपर्क में भी हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना टारगेट नहीं है, अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल करना मकसद है.

कांग्रेस नेताओं को दिए टॉस्क : प्रदेश प्रभारी ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस नेताओं को टॉस्क भी दिया. जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव की रणनीति के तहत कुछ कमेटी का भी गठन किया जाएगा. इसका खाका तैयार करने का निर्देश दिया गया. साथ ही घोषणा पत्र तैयार करने के लिए जनता से रायशुमारी का भी निर्देश दिया गया.

पिछले साढ़े चार साल में एक ढेला का भी नहीं हुआ काम : बाबूलाल

रांची । बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि साढ़े चार साल में एक ढेला भी काम नहीं हुआ. सीएम हेमंत सोरेन द्वारा भाजपा पर लेबल लगाने का आरोप हास्यास्पद है. बाबूलाल ने ट्वीट में आगे लिखा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाएं झारखंड को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जा रही हैं. सीएम हेमंत सोरेन से कहा है अपने अधिकारियों से कोर्ट-कचहरी और वकील के खर्चे का हिसाब मांगने की बजाय, केंद्र सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मांगिए. आगामी चुनाव में जनता-जनार्दन आपको सत्ता से हटा कर राजनीतिक बेरोजगार का भी लेबल लगाने जा रही है.

16 नीतियों के तहत निवेशकों के 3231 आवेदन आए, सिर्फ 59 को मिली स्वीकृति

राज्य की औद्योगिक नीति की ओर निवेशकों की रुझान कम

प्रमुख संवाददाता । रांची

झारखंड में उद्योगों के लिए बनी नीतियों की ओर निवेशकों का रुझान कम होता नजर आ रहा है. उद्योग विभाग के आंकड़ों के अनुसार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बनी 16 नीतियों के तहत निवेशकों की ओर से 3,231 आवेदन आए, जिसमें से सिर्फ 59 आवेदनों को ही स्वीकृति किया गया है. वहीं छोड़े-बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग ने 13,489 ईकाई को क्लीयरेंस सर्टिफिकेट दिया है. जबकि उद्योग विभाग ने पहले से चल रहे 120 उद्योगों को ऑफरेशनल सर्टिफिकेट दिया है. वन विभाग ने जिन उद्योगों को क्लीयरेंस दिया है, उनमें अधिकांश में पेड़ काटने और उसे दूसरी जगह पर शिफ्ट करने की स्वीकृति दी है.

10 औद्योगिक नीतियों के लिए एक भी आवेदन स्वीकृत नहीं : 10 औद्योगिक नीतियों के लिए एक भी आवेदन की स्वीकृति नहीं दी गई हैं. इन औद्योगिक नीतियों में निजी मेडिकल कॉलेज की स्थापना, झारखंड बीपीओ-बीपीएम पॉलिसी, झारखंड ऑटोमोबाइल पॉलिसी, झारखंड ईएसडीएम पॉलिसी, झारखंड फीड प्रोसेसिंग, झारखंड फिल्म पॉलिसी, झारखंड इंडस्ट्रियल पार्क पॉलिसी, झारखंड आइटी पॉलिसी, झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी और झारखंड टूरिज्म पॉलिसी शामिल हैं.

किस नीति के तहत कितने आवेदन और कितने स्वीकृत

औद्योगिक नीति का नाम	आवेदन	स्वीकृति
निजी मेडिकल कॉलेज की स्थापना	11	00
इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2001	51	03
झारखंड बीपीओ-बीपीएम पॉलिसी	26	00
झारखं ऑटोमोबाइल पॉलिसी	51	00
झारखंड ईएसडीएम पॉलिसी	11	00
झारखंड एक्सपोर्ट पॉलिसी	89	02
झारखंड फीड प्रोसेसिंग	36	00
झारखंड फिल्म पॉलिसी	14	00
झारखंड फूड प्रोसेसिंग	298	01
झारखंड इंडस्ट्रीयल इंवेस्टमेंट पॉलिसी	1561	23
झारखंड इंडस्ट्रियल पार्क पॉलिसी	05	00
झारखंड इंडस्ट्रियल पॉलिसी	138	09
झारखंड आइटी पॉलिसी	38	00
झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी	212	00
झारखंड टेक्सटाइल फूटवेयर	655	10
झारखंड टूरिज्म पॉलिसी	38	00

क्लासिफाइड

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, मंगलवार 10 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 2, अंक : 153

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

कार्यकारिणी की बैठक : जल्द ही सीट शेयरिंग पर भी होगा फैसला, झारखंड से है जदयू का नैसर्गिक संबंध

झारखंड में जदयू लड़ेगा चुनाव, भाजपा से हो रही बात: संजय झा

प्रमुख संवाददाता। रांची

जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा ने स्पष्ट किया है कि झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव मे जदयू भी लड़ेगी. इसके लिए बीजेपी के साथ बातचीत हो रही है. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चाहते हैं कि झारखंड में संगठन मजबूती के साथ खड़ा होगा.

सोमवार को पुराने विधानसभा के विधायक क्लब में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बाद संजय कुमार झा मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि सीट शेयरिंग पर जल्द ही फैसला हो जाएगा. संगठन की मजबूती के लिए एक महीने के अंदर विधानसभा स्तर पर कई कार्यक्रम किए जाएंगे. इन कार्यक्रमों में पार्टी के टॉप लीडर भी शामिल होंगे.

मंत्री बन्ना गुप्ता की शह पर हुआ है एफआइआर : आहार पत्रिका को लेकर अरगोड़ा थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी पर सरयू ने कहा कि यह सब मंत्री बन्ना गुप्ता के शह पर हो रहा है. बन्ना गुप्ता के करीबी वकील ने एफआइआर की ड्राफ्टिंग की है. उन्होंने कहा कि जिस मनोज सिंह ने एफआईआर दर्ज कराया है, उसका कनेक्शन अपराधिक छवि वाले सुरेंद्र बंगाली है. उन्होंने कहा कि सदन के अंदर सबूत के साथ मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ मामले उठाए. तीन-तीन बार सरकार स्तर से जांच कराए जाने की बात हुई, पर हुआ कुछ नहीं. इससे तो यही प्रतीत होता है कि मंत्री बन्ना गुप्ता को मुख्यमंत्री का संरक्षण प्राप्त है.

- एनडीए फोल्डर में ही रह कर लड़ेंगे चुनाव
- पूर्व मंत्री लालचंद महतो के छोटे भाई चेतलाल महतो ने थामा जदयू का दामन
- प्रदेश जदयू की कार्यसमिति में हुआ चुनाव पर मंथन

एनडीए के साथ ही लड़ा जाएगा चुनाव

संजय झा ने कहा कि एनडीए फोल्डर में ही रहकर चुनाव लड़ा जाएगा. जदयू का झारखंड से नैसर्गिक संबंध है. एनडीए के जो भी उम्मीदवार होंगे, उनकी जीत सुनिश्चित करने का काम किया जाएगा. मौके पर पूर्व मंत्री लालचंद महतो के छोटे भाई चेतलाल महतो ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की.

संजय झा ने सरयू को बताया सर्वमान्य नेता

संजय झा ने सरयू राय को सर्वमान्य नेता बताते हुए कहा कि दल के अंदर और बाहर इनकी बड़ी भूमिका होगी. सरयू राय बिहार के सीएम के मित्र हैं. उनका सरयू राय पर विशेष ध्यान है. ये पार्टी के लिए मजबूत स्तंभ हैं. संगठन की मजबूती के साथ दल के विस्तार की जिम्मेवारी भी इन पर होगी.

वर्तमान सरकार ने निजात पाने के लिए जनता व्याकुल

जदयू के प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार से निजात पाने के लिए प्रदेश की जनता व्याकुल है. बैठक में प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, बिहार के विधायक मनोज यादव, बिहार विधान परिषद सदस्य विजय कुमार सिंह सहित कई नेता मौजूद थे.

भाजपा से भले ही अलग हूं, पर विचारधारा आज भी वही है: सरयू

- जमशेदपुर पूर्वी सीट से चुनाव लड़ने की कर रहा हूं तैयारी

रांची। निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा कि मैं भाजपा से भले ही अलग हूं, लेकिन मेरी विचारधारा आज भी वही है. सोमवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मैं जिस सीट से (जमशेदपुर पूर्वी) से विधायक हूं, उसी सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा हूं. क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान करने में जुटा हुआ हूं. फिर उन्होंने कहा कि जब तक राष्ट्रीय स्तर पर कोई निर्णय नहीं होता, तब तक कुछ कहना मुनासिब नहीं होगा. बताते चलें कि 2019 के चुनाव में सरयू राय ने जमशेदपुर पूर्वी से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्होंने पूर्व सीएम रघुवर दास को पटखनी दी थी. 2014 के चुनाव में राय ने जमशेदपुर पश्चिमी सीट से जीत हासिल की थी.

ब्रीफ खबरें

सीएम हेमंत आज डोबो में परिसंपत्ति का करेंगे वितरण

जमशेदपुर। सीएम हेमंत सोरेन मंगलवार को सरायकेला-खरसावां के डोबो स्थित काजू मैदान में कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलो की जनता को संबोधित करेंगे. इस दौरान वे लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण करेंगे. साथ ही कई योजनाओं का कार्यक्रम स्थल से ऑनलाइन शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे. कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी हैं. तीनों जिले के अधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं. प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम का हेलीकॉप्टर कार्यक्रम स्थल के समीप ही लैंड कराया जाएगा.

संवेदक पर चली गोली, बाल-बाल बचा

लातेहार। शहर के रेलवे स्टेशन, बाजारटांड के समीप अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की. घटना रविवार की रात्रि तकरीबन साढ़े नौ बजे की है. अपराधियों ने शहीद वीरेंद्र शर्मा चौक के समीप पीसीसी सड़क निर्माण करा रहे स्टेशन निवासी संवेदक अजित शर्मा को टारगेट कर गोली चलाई. हालांकि इस गोलीबारी में शर्मा बाल-बाल बच गए. गोली उनके सिर के ऊपर से गुजर गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि दो अपराधी एक बाइक पर सवार होकर दो आए थे. घटना के समय चौक में कई लोग मौजूद थे.

पत्नी की हत्या कर पति फरार, जांच में जुटी पुलिस

मेदिनीनगर। बाजार क्षेत्र स्थित कुंड मोहल्ला में एक दर्दनाक घटना हुई है. पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी है. घटना को अंजाम देने के बाद वह शहर से भाग गया है. परिजनों के अनुसार कुंड मोहल्ला निवासी सहाबू अंसारी दिल्ली में रह कर नौकरी करता है और 10 दिन पहले ही मेदिनीनगर स्थित अपने घर लौटा था. उसका अपनी पत्नी के साथ काफी दिनों से विवाद चल रहा था. विवाद खत्म कराने को लेकर दोनों के बीच कई बार सुलहनामा भी हुआ था.

धनबाद में एकता रैली, हजारों की भीड़ बनी ऐतिहासिक क्षण की गवाह

मासस का माले में विलय

रिजवान शम्स। धनबाद

पांच दशकों से कोल राजधानी में मजदूरों के बीच मजबूत आवाज बने मासस का सोमवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित एकता रैली के दौरान माले में विलय हो गया. विलय की आधिकारिक घोषणा मासस के कार्यकारी अध्यक्ष और निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने की. अरूप चटर्जी ने इस विलय को वामदल की मजबूती से जोड़ा है. माले के केंद्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी इस ऐतिहासिक निर्णय में शामिल होने को पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि मासस (एमसीसी) और माले की विचारधारा एक ही है. देश में परिवर्तन की चाह तैर रही है. इस विलय से नयी ताकत मिलेगी. लोकसभा चुनाव में यूपी की तरह बिहार और झारखंड में परिणाम नहीं आया, लेकिन विधानसभा चुनाव में बीजेपी को सत्ता में आने नहीं देंगे.

भट्टाचार्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन के मजबूत होने से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की मनमानी में कमी आई है. यूट्यूबर्स पर नकेल कसने से सरकार को पीछे हटना पड़ा. बीजेपी झारखंड में सिर्फ तोड़फोड़ की राजनीति कर रही है. उन्होंने कहा कि भाजपा और उनके सहयोगी संगठन सिर्फ झारखंड सरकार को अस्थिर करने का काम कर रहे हैं. केंद्र सरकार सीबीआई और ईडी का दुरूपयोग कर विरोधियों को परेशान कर रही है. लेकिन अब इंडिया गठबंधन ने मजबूती से उसका सामना किया और मुंहतोड़ जवाब दिया. विधानसभा चुनाव में हम भाजपा को हराने का काम करेंगे. मासस के केंद्रीय अध्यक्ष आनंद महतो ने सभा की अध्यक्षता की. हालांकि उनकी तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें बीच सभा से ही जाना पड़ा. सभा का संचालन माले के जनार्दन सिंह और हलधर महतो ने किया. इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में वाम समर्थक मौजूद थे.

गोल्फ ग्राउंड में जनसभा, बोले दीपंकर- विलय से मिलेगी मजबूती

माले-मासस की विलय रैली को संबोधित करते दीपांकर भट्टाचार्य. मौके पर मौजूद हजारों समर्थक.

अपनों के बलिदानों से आगे बढ़ी है पार्टी : विनोद सिंह

बगोदर के विधायक विनोद सिंह ने कहा कि क्रांतिकारी कम्युनिस्ट धाराओं के रूप में मासस व भाकपा माले एक ही दौर में उभरे थे. एके राय के नेतृत्व में मासस ने कोलियरियों के राष्ट्रीयकरण के लिए मजदूरों का नेतृत्व किया और मजदूर आंदोलन और झारखंड आंदोलन को एक मंच पर लाया. दोनों ही दलों ने क्रांतिकारी संघर्षों को आगे ले जाने के लिए अपने नेता गुरुदास चटर्जी व महेंद्र सिंह को खोया भी है.

एके राय ने की थी मासस की 1972 में स्थापना

मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) का स्वतंत्र अस्तित्व अब समाप्त हो गया है. 29 अप्रैल 1972 को वरिष्ठ वाम नेता एके राय ने इस पार्टी की स्थापना की थी. एक वक्त था, जब झारखंड के धनबाद में मासस की तूती बोलती थी. एके राय स्वयं तीन बार धनबाद के सांसद रहे. निरसा और सिंदरी विधानसभा की सीट से मासस के प्रत्याशी कई बार विजयी हुए. पार्टी अब धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही थी. एके राय के बाद उनके जैसा नेतृत्व पार्टी को दुबारा नहीं मिल पाया.

हेमराज साव व आकाश कुमार अपहरण हत्याकांड की गुत्थी सुलझी

हनीट्रैप करने वाली दो महिला सहित आठ आरोपी गिरफ्तार

- हत्याकांड का मास्टरमाइंड रिटायर्ड पुलिस अधिकारी बेटा
- देशी पिस्टल, देशी कट्टा, गोली, मोबाइल, चाकू दो कार बरामद

संवाददाता। चतरा

गिरफ्तार अपराधियों के साथ पुलिस पदाधिकारी तथा बरामद सामान.

टंडवा के धनगड्डा निवासी हेमराज साव व आकाश कुमार के अपहरण हत्याकांड की गुत्थी टंडवा तथा पिपरवार पुलिस की संयुक्त टीम ने सुलझा ली है. हत्याकांड में शामिल मास्टरमाइंड का सहयोगी हनीट्रैप करने वाली दो महिलाओं समेत 8 अपराधियों को टंडवा पुलिस ने जाल बिछा कर मगध संघमित्रा बाईपास रोड बसरिया से गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार अपराधियों में राजा कुमार साव (25) पिता अर्जुन साव ग्राम दामुडीह कटकमदाग हजारीबाग, अमित कुमार उर्फ गोलू (23) वर्ष पिता जितेंद्र सिंह ग्राम ताजपुर चौपारण हजारीबाग, मोहम्मद कासिम (26) वर्ष पिता मोहम्मद ईशाक ग्राम दामुडीह कटकमदाग हजारीबाग, नीरज कुमार सिंह (29) वर्ष पिता भोला सिंह ग्राम सिरसी कटकमदाग हजारीबाग, धनु पासवान उर्फ प्रवीण पासवान (37) वर्ष पिता अर्जुन राम दीपूगड़ा कोर्रा हजारीबाग, दीपक शाह पिता सुखदेव साव ग्राम धनगडा टंडवा जिला चतरा, चाहत प्रवीण (19) पिता मोहम्मद नौशाद आलम धोबी गली मालवीय मार्ग हजारीबाग, तथा रुचि कुमारी उर्फ दिया साहू (20) पिता राजदीप साहू डेमोटांड मुफस्सिल हजारीबाग शामिल है. हत्याकांड में प्रयुक्त देशी पिस्टल, देशी कट्टा, गोली, मोबाइल, चाकू, सहित दो कार मारुति अर्टिगा रजिस्ट्रेशन नंबर ज 15 एम 0563 तथा अपहृत युवकों से लूटी गई स्विफ्ट डिजायर कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर jh01 ई वी 6477 भी जब्त किया गया है. उपरोक्त जानकारी टंडवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात रंजन बरवार ने सोमवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. उन्होंने बताया चतरा एसपी विकास पांडे के निर्देश पर मेरे निर्देशन में गठित टंडवा तथा पिपरवार थाना प्रभारी की संयुक्त टीम को कांड उद्भेदन में बड़ी कामयाबी मिली. उन्होंने बताया नाबालिक लड़की के पिता ने अपनी बेटी के आशिक आकाश को रास्ता से हटाने के लिए हत्या की गंदी साजिश रची थी. हनी ट्रैप करके लड़का को कोडरमा घाटी जंगल में ले जाकर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था. हत्याकांड का मास्टरमाइंड पुलिस सेवा का रिटायर्ड अधिकारी का पुत्र है जिसका आपराधिक इतिहास रहा है. उन्होंने बताया कि यह कांड अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराया गया था जिस कारण इसका उद्भेदन करना काफी कठिन थी. इस मामले में सभी अपराधी पुलिस की बढ़ती सक्रियता से घबराकर अर्टिगा कर में सवार होकर बिहार भागने की फिराक में थे जिसकी भनक पुलिस को लग गई और सभी मौके पर दबोच लिए गए.

एरिया कमांडर मुनेश्वर गंझू ने किया सरेंडर

कहा- लेवी वसूली की पार्टी बन गई है टीपीसी

संवाददाता। रांची

टीपीसी एरिया कमांडर मुनेश्वर गंझू ने रांची पुलिस के समक्ष सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया. रांची एसएसपी चंदन सिन्हा और सीआरपीएफ के अधिकारियो के समक्ष मुनेश्वर गंझू ने एसएसपी ऑफिस में आत्मसमर्पण किया. मुनेश्वर मूल रूप से हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के डमारू गांव का रहने वाला है. उसके खिलाफ रांची, हजारीबाग और चतरा जिले के अलग-अलग थाना में कुल 26 मामले दर्ज हैं. मुनेश्वर झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया. वह कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा था.

टीपीसी संगठन लेवी वसूलने और शोषण करने में लगी हुई है : मुनेश्वर ने कहा कि टीपीसी संगठन लेवी वसूलने और शोषण करने में लगी हुई है. यह पार्टी न्याय-अन्याय की बात अब नहीं कर रही है. इस पार्टी के शीर्ष नेताओं को सिर्फ लेवी का पैसा चाहिए. टीपीसी संगठन के शीर्ष नक्सली कमांडर नीचे के कमांडरों का शोषण और सिद्धांत के विपरित कार्य करने और इलाकों के ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से लेवी के लिए प्रताड़ित करने के लिए दबाव बनाने का निर्देश देते हैं. नक्सलियों द्वारा की जा रही ग्रामीणों की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर परिवार के साथ रहकर सामान्य जीवन जीने के लिए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर रहे हैं. मुनेश्वर ने अपने अन्य नक्सली साथियों से अपील की है कि वे लोग भी झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति का लाभ लेकर हथियार डालें और पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें.

पति से विवाद के बाद पत्नी चार बच्चों के साथ कुएं में कूदी, 3 की मौत

बोकारो। गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना अंतर्गत बड़की सिधावारा पंचायत के मूरपा गांव में एक महिला अपने पति के साथ विवाद के बाद शनिवार की रात अपने चार बच्चों के साथ कुएं में कूद गयी. घटना में दो बेटी व एक बेटे की मौत हो गयी. महिला और उसकी बड़ी बेटी को बचा लिया गया.

घटना गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना अंतर्गत बड़की सिधावारा पंचायत के मूरपा गांव की है. जानकारी के अनुसार शनिवार की रात को रंजीत गंझू के साथ उसकी पत्नी कौशल्या देवी का विवाद हुआ था. इसके बाद महिला तीन बेटियों और एक बेटे के साथ कुआं में कूद गयी. हल्ला होने के बाद लोग जुटे और महिला और उसकी 14 साल की एक बेटी को बचा लिया गया. वहीं डूबने से दो बेटियों और एक बेटे की मौत हो गयी.

आज से फिर शुरू होगी उत्पाद सिपाही बहाली दौड़

वरीय संवाददाता। रांची

उत्पाद विभाग के लिए सिपाही नियुक्ति के लिए शारीरिक जांच का दौड़ 10 सितंबर से दुबारा शुरु होगी. पलामू के चियांकी हवाई अड्डा स्थित जांच केंद्र पर दौड़ नहीं होगी. बाकि छह चयन पर्षदों के केंद्रों पर शारीरिक जांच होगी. शारीरिक जांच परीक्षा 19-20 सितंबर तक होगी. उल्लेखनीय है कि दौड़ के दौरान 14 अभ्यर्थियों की मौत होने के बाद पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पर रोक लगा दी थी. मौतों की जांच का आदेश दिया था. साथ ही शारीरिक जांच की प्रक्रिया की समीक्षा करने का निर्देश दिया था.

समीक्षा के बाद शुरू होगी दुबारा जांच : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद अधिकारियों ने शारीरिक जांच प्रक्रिया की समीक्षा के बाद फिर से इसे दुबारा शुरू करने का फैसला लिया है. छह केंद्रों, जहां तीन सितंबर से अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा होनी थी, अब वहां प्रतिदिन तीन हजार अभ्यर्थियों की जांच होगी. पहले एक दिन में 6000 अभ्यर्थियों की दक्षता जांच होती थी. जिन दक्षता परीक्षा चार सितंबर को होनी थी, अब वह 12 से 13 सितंबर तक होगी. अभ्यर्थियों को सुबह 7:00 बजे के पहले अपने केंद्रों पर रिपोर्टिंग करनी होगी. ताकि पंजीयन आदि कर शारीरिक जांच परीक्षा सुबह 9:00 बजे या इससे पहले संपन्न करा लिया जायेगा.

यहां शुरू होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

रांची (स्मार्ट सीटी क्षेत्र, धुर्वा)

रांची (झारखंड जगुआर, टेंडरग्राम, रांची)

गिरिडीह (पुलिस केंद्र, गिरिडीह)

हजारीबाग (जेएपीटीसी, पदमा)

जमशेदपुर (सीटीसी मुसाबनी)

साहिबगंज (जैप-9)

प्रतिभागियों के लिए परामर्श भी जारी

- जिन अभ्यर्थियों को कोई लंबी बीमारी हुई हो या कभी सांस फूलने की बीमारी हुई हो, वे निश्चित रूप से अपने डॉक्टर से सलाह ले लें.
- यदि अभ्यर्थी को हृदय गति तेज होने की शिकायत रही हो या दौड़ते समय कठिनाई होती है, तब भी वे अपने डॉक्टर से परामर्श ले लें.
- केंद्रों पर ऑक्सीमीटर व बीपी मशीन उपलब्ध होगी, जिन अभ्यर्थियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो, वे दौड़ से पहले जांच करायें.

चुनावी तैयारी सभी दलों के नेता अपनी-अपनी दावेदारी के लिए प्रयास में जुट गए हैं

क्षेत्र के साथ प्रत्याशी आकाओं की कर रहे गणेश परिक्रमा

समीर चक्रवर्ती। रांची

झारखंड में अभी चुनावी बिगुल नहीं बजा है. लेकिन अपनी दावेदारी को लेकर सभी दलों के टिकट के दावेदारों ने क्षेत्र के साथ ही अपने आकाओं की गणेश परिक्रमा शुरू कर दी है.

पलामू में जहां डालटनगंज भंडरिया सीट पर भाजपा और कांग्रेस में टिकट की दावेदारी को लेकर भावी प्रत्याशी अपना जोर लगाना शुरू कर दिया. भाजपा का यहां सिटिंग विधायक आलोक चौरसिया है. वहीं पूर्व मेयर से लेकर कई वरिष्ठ भाजपाई भी अपनी दावेदारी से संगठन को अवगत करा दिया है. कांग्रेस में भी दावेदारों में पूर्व मंत्री से लेकर पूर्व जिलाध्यक्ष तक लाइन में हैं. वहीं पांकी में भाजपा के सिटिंग विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के अलावा भी कई अन्य भी लाइन में हैं, जबकि कांग्रेस से पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह, रुद्र शुक्ला के बाद अब पूर्व मंत्री मधु सिंह के पुत्र लाल सूरज भी टिकट के दावेदारों में शामिल हो गये हैं. वहीं आप पार्टी से भी ओंकार नाथ जयसवाल के साथ निर्दलीय भी शामिल है, जिसमें बड़ा नाम विनोद सिन्हा का है, जो लगातार क्षेत्र के भ्रमण कर रहे हैं. लोगों को बता रहे कि पांकी में विकास कार्य हुआ ही नहीं है. वहीं विनोद के दौरे से दो राष्ट्रीय दलों के टिकट के दावेदारों में अभी से चिंता है. कहीं खेला नहीं हो जाए. वहीं पाटन-छतरपुर विधानसभा सीट पर भी टिकट के दावेदारों में गजब का रेस चल रहा है. यहां कांग्रेस ने पिछले 20 साल से अपना प्रत्याशी नहीं दिया है. इस बार कांग्रेस इस सीट पर प्रत्याशी देने की मांग ने जोर पकड़ी है.

वहीं भाजपा में सिटिंग विधायक पुष्पा देवी के साथ ही कई अन्य दावेदार भी सामने आ गये हैं, जबकि एनडीए के घटक दल जदयू भी इस सीट पर अपनी दावेदारी को लेकर पूरी तरह से तैयारी कर रही है. वहीं हुसैनाबाद सीट पर भाजपा के कई नये व पुराने चेहरे अपनी दावेदारी को मजबूती के साथ रख रहे है. जबकि कांग्रेस भी इस बार इस सीट पर अपनी तैयारी करके बैठी है. जबकि झामुमो ने भी इस सीट पर अपनी दावेदारी को मजबूती देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है. यही हाल विश्रामपुर विधानसभा का है. यहां दोनों राष्ट्रीय दलों के कई दावेदार अपनी टिकट की दावेदारी को लेकर क्षेत्र भ्रमण के साथ अपने पार्टी के कद्दावर नेताओं की गणेश परिक्रमा के पीछे नहीं हट रहे हैं. यहां भी कई निर्दलीय समाजसेवी भी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर अपनी दावेदारी कर रहे हैं.

ब्रीफ खबरें

लोहरसी पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने सुरेंद्र

मेदिनीनगर। पांकी प्रखंड के लोहरसी शिव मंदिर परिसर में सोमवार को दुर्गा पूजा कमेटी गठन को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई. बैठक में दुर्गापूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया, सर्वसम्मति से गठित कमेटी में अध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष बलिंदर साव व अवधेश गुप्ता, सचिव दिलीप प्रसाद गुप्ता को बनाया गया. मौके पर रंजय ठाकुर, रविन्द्र कुमार ठाकुर, दिलीप पाल,डब्लू पासवान , मुकेश गुप्ता, रोहित प्रजापति, धर्मेन्द्र बड़ाईक, सूर्यनाथ पांडे, श्रवण, राहुल, उपेन्द्र, कुंदन, त्रिपुरारी, आर्यानंद, दिलीप ठाकुर, संदीप पाल, प्रेम साव आदि मौजूद थे.

नौडीहा थाना प्रभारी ने की दुकानदारों के साथ बैठक

नौडीहा। नौडीहा थाना प्रभारी अमित दिवेदी ने नौडीहा बाजार के सभी दुकानदारों के साथ बैठक कर दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने कि बात कही. थाना प्रभारी ने कहा सभी दुकानदारों की और चौक चौराहों प्रशासन के तरफ से कैमरा लगाया जायेगा और हर समय निगरानी की जायेगी. दुकानदारों ने थाना प्रभारी से एक मांग किया कि नौडीहा बाजार में पुराने थाना परिसर में कुछ पुलिस कर्मियों की तैनाती किया जाये. थाना प्रभारी अमित दिवेदी ने कहा कि इस विषय पर पलामू पुलिस अधीक्षक को जानकारी दी जायेगी.

सोन नदी में डूबने से बुजुर्ग की मौत

हुसैनाबाद,(पलामू)। देवरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनपुरवा निवासी 60 वर्षीय सरयू पासवान की मौत सोन नदी में डूबने से हो गई. बताया जाता है कि सोमवार की सुबह सरयू पासवान शौच के लिए घर से निकले थे. इसी दौरान सोन नदी में डूबने के कारण उनकी हो गयी.मृतक के परिजनों ने घटना की सूचना देवरी ओपी को दी.कार्रवाई के दौरान मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया. पुलिस ने स्थानीय मुखिया व मृतक के परिजन से पोस्टमार्टम न कराने के सम्बंध में आवेदन लेकर मृतक का शव उनके परिजनों को सौंप दिया है.

राजकीय उर्दू उत्क्रमित मवि में ताला तोड़ कर हुई चोरी

हैदरनगर(पलामू)। हैदर नगर थाना क्षेत्र के राजकीयकृत उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय केवाल में बीती रात चोरों ने विद्यालय के कार्यालय कक्ष व दो अन्य कमरों का ताला तोड़ कर दस कुर्सी, दो बोरा चावल, बच्चों का किट, नोट बुक खेल सामग्री, बायोमैट्रिक डिवाइस,टैब के अलावा विद्यालय का दस्तावेज चुरा लिया है. हेडमास्टर गोविंद राम ने हैदर नगर थाना में लिखित आवेदन देकर कहा है कि उन्हें सहायक शिक्षिका इशरत जहां ने सुबह सूचना दी थी. विद्यालय आने पर कार्यालय व दो कमरों का ताला टूटा पाया.

नुरू पंचायत में लगा शिविर, उमड़ी भीड़

पांकी (पलामू)। पांकी प्रखंड नुरू पंचायत सचिवालय के परिसर में सोमवार को आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी,आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन नुरु पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी,पंचायत समिति सदस्य मिथलेश यादव, पंसस प्रतिनिधि बबलू सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं पिता काटकर किया गया. मौके पर उपमुखिया नागेंद्र साव, वार्ड सदस्य संतोष राम, यशवंत कुमार यादव , मुकेश गुप्ता, अंजनी साव, बलि यादव आदि शामिल थे.

इस बार विधानसभा चुनाव में मुद्दा बनेगा पांकी का अमानत बराज

शिलान्यास के दो दशक बाद भी नहीं हो पाया पूरा काम

शिवशंकर पासवान । पांकी (पलामू)

झारखंड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं तत्कालीन भू राजस्व मंत्री स्व मधु सिंह, जल संसाधन मंत्री रामचंद्र केशरी की उपस्थिति में 24 वर्ष पहले पांकी अमानत बराज का शिलान्यास हुआ था. जो आज भी पूरा नहीं हुआ. यह इस बार भी चुनावी मुद्दा बनेगा. सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जल संसाधन मंत्री रामचन्द्र केशरी व स्थानीय विधायक सह भू राजस्व मंत्री रहे स्व. मधु सिंह की उपस्थिति में 2001 में बड़े ही जोश-खरोश के साथ पांकी अमानत बराज की आधारशिला रखी गई थी. लोगों के बीच बराज निर्माण को लेकर काफी उम्मीदें व अरमान जगे थे. जलस्तर बढ़ने के आसार से लोग काफी उत्साहित थे. बाद के वर्षों में स्थानीय लोगों को निराशा ही हाथ लगी. बराज निर्माण में महज पुल व फाटक का निर्माण कर कार्य बंद कर दिया गया. पिछले कई दशक से विधायक सांसद निर्वाचित हुए परंतु आज तक पांकी अमानत बराज उदासीनता का दंश झेल रहा है. पांकी के महत्वकांक्षी योजना इसी तरह अधूरी पड़ी हुई है. इस बार भी यह मुद्दा प्रत्याशी उठाने लगे हैं.

अमानत नदी पर बने बराज में नहीं लगा गेट.

बराज निर्माण के दौरान नक्सलियों ने पहुंचाई थी क्षति

पांकी में अमानत बाराज निर्माण कार्य करा रही दिल्ली की शेखर कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी को कई बार नक्सलियों ने नुकसान भी पहुंचाया. बावजूद बाराज निर्माण कार्य के तहत पुल व गार्डवाल निर्माण पूरा कराया गया. बाराज के भीतरी हिस्से के दोनों ओर बांध निर्माण कार्य अब भी अधूरा है.

मुआवजे की मांग को लेकर हो चुका है प्रदर्शन

अमानत बराज निर्माण कार्य स्थल के समीप स्थित बांध क्षेत्र के डूब वाले इलाके के लुकुआ, बोरोदीरी,बनखेता, चंदरपुर, लोथरवा, नुरू, भइयां, कुरहा, कहुईया, खांड़, खांड़ पर समेत दर्जनों गांवों में अब पानी के लाले पड़े हुए है. मालूम हो कि बाराज निर्माण में आ रही बाधा को दूर नहीं किया गया. बाराज निर्माण में ग्रामीणों की जमीन ली गई. बावजूद ग्रामीणों को मुआवजा नहीं दिया गया. इस कारण ग्रामीणों ने भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर कार्य बंद करा दिया था. बावजूद इस कार्य पूरा कराने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हुई है.

घटना के आठ माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

संवाददाता । मेदिनीनगर

खास बातें

- परिवार के 10 सदस्यों ने दी आत्मदाह की चेतावनी
- कार्रवाई की मांग को ले मुन्नी देवी ने एसडीओ को लिखा पत्र

छतरपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी मुन्नी देवी पति स्व. नरेश ठाकुर ने छतरपुर एसडीओ को पत्र लिखकर अपने पति के हत्या के आठ माह बाद भी हत्यारों को नहीं पकड़े जाने पर चिंता जताते हुए परिवार के 10 सदस्यों के साथ मेदिनीनगर एसपी कार्यालय के समक्ष आत्मदाह की चेतावनी दी है. पत्र में मुन्नी देवी ने कहा है कि मेरे पति नरेश ठाकुर पिता पूरन ठाकुर की 24 दिसंबर 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस संबंध में मैंने 28 दिसंबर 2023 को छतरपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी. इस मामले में लगभग आठ माह बीतने के बाद भी पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है और न ही आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. मुन्नी देवी ने कहा कि अब तक इस हत्या मामले का उदभेदन भी नहीं किया गया है. पत्र में उन्होंने 20 सितंबर 2024 को परिवार के सदस्यों स्वयं मुन्नी देवी, रविन्द्र ठाकुर, नागेन्द्र ठाकुर, रानी कुमारी, उमेश कु० ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर, पुरन ठाकुर, मानमती देवी, दुर्गावती देवी व कोशिला देवी पलामू एसपी कार्यालय के समक्ष दिन के 11 बजे आत्मदाह की बात कही है.

शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का समापन

खेलों से प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार होता है: धीरज साहू

खास बातें

- परिवार के 10 सदस्यों ने दी आत्मदाह की चेतावनी
- कार्रवाई की मांग को ले मुन्नी देवी ने एसडीओ को लिखा पत्र

संवाददाता । लातेहार

स्थानीय खेल स्टेडियम में शहीद स्मारक नॉक आउट फुटबाल टूर्नामेंट का शुक्रवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच समापन हुआ. फाईनल मैच संत जोसेफ विद्यालय प्लस टू विद्यालय महुआडांड बनाम मायापुर क्लब गारू के बीच खेला गया. उद्घाटन राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु और विधायक रामचंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से झण्डोतोलन और फीता काटकर किया. उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं फुटबॉल में किक मकर मैच शुभारंभ किया. खेले गए फाईनल मैच का विजेता संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय रही. विद्यालय ने मायापुर क्लब की टीम को 1-0 से हराया.

राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु के द्वारा विजेता टीम को पुरूस्कार स्वरूप नगद 21000 और उप विजेता टीम को 15000 नगद दिया गया. संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु ने कहा कि इस तरह के खेल प्रतियोगिता आयोजन करने से बच्चों के मन में प्रतियोगिता का भाव जागृत होती है. दूसरी ओर राष्ट्र के लिए भी कुछ करने की इच्छा शक्ति जागृत होती है.

साहु ने कहा के यंहा के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला. मुझे इससे काफी खुशी मिली. आगे इससे भी बडा आयोजन होगा. विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि महुआडांड प्रखण्ड के लोगों में खेल प्रतिभा छिपी हुई है. लेकिन पिछले काफी समय से इस क्षेत्र में इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन नही किया जा रहा है. इसे देखते हुए स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं खेल प्रेमियों के सहयोग से शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है. मौके पर विशिष्ट अतिथि बीडीओ अमरेन डांग, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, 20सूत्री सदस्य सह उपप्रमुख अभय मिंज, पंचायतीराज के प्रदेश के जोनल कॉडिनेटर अजीत पाल कुजूर, फादर दिलिप तिर्की, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिडोल्फ खलखो, रामनरेश ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, वार्ड सदस्य अलिका एक्का, रानू खान, नुरूल अंसारी, शफरूल अंसारी, किशोर तिर्की, मुखिया रेणु तिग्गा, उषा खलखो, रोशनी कुजूर, सुषमा कुजूर, कमला किण्डो आदि मौजूद थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट के अध्यक्ष सह प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमीर सोहेल, उपाध्यक्ष नितिन टोप्पो, कोषाध्यक्ष पप्पू खान, सचिव सद्दाम खान, जावेद अख्तर, राजेश ठाकुर, शहीद अख्तर, नवीन प्रकाश तिर्की, राजा खान, अफरोज खान, खुशदिल खान, अनुरवि खाखा, इरफान, परवेज, निशांत, अजय कुमार शर्मा, राजन खान आदि का योगदान सराहनीय रहा.

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया : शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट के समापन समारोह के अवसर पर स्थानीय खेल स्टेडियम महुआडांड में रंगारंग आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया. रांची ग्रुप के कलाकारों के द्वारा कई आकर्षक प्रस्तुति दी गई. ग्रुप के कलाकार की प्रस्तुती कर शमा बांध दिया लोग जम कर झुमे.

समापन समारोह के मौके पर अतिथिगण व पदाधिकारी.

जिला परिषद उपाध्यक्ष ने विद्यालय अवधि में नो इंट्री लगाने की मांग की

बालूमाथ (लातेहार) । जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बालूमाथ शहर में विद्यालय की अवधि में नो एंट्री लगाने की मांग की है.

उन्होंने कहा कि बालूमाथ के शहरी क्षेत्र में पहले से ही यात्री बसों के अवैध रूप से ठहराव के कारण जाम लगा रहता है. भारी वाहनों के प्रवेश के कारण एक तरफ जहां दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है वहीं दूसरी ओर दुर्घटना की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है. कई बार तो यह जाम घंटों लगा रहता है. पूर्व में जिला परिषद की बैठक के माध्यम से इसकी मांग की जा चुकी है लेकिन प्रशासन के द्वारा अभी तक सकारात्मक एवं समुचित प्रयास नहीं किए गए हैं. पूर्व में भी स्थानीय प्रशासन एवं स्थानीय थाना को जिला परिषद के माध्यम से यह पत्र दिया गया था. जिसमें यात्री बसों के अवैध ठहराव पर आर्थिक दंड का भी प्रावधान था. जो अभी तक अमल में नहीं आ पाया है.

फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

धुरकी। थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी कला गांव निवासी कई वर्षों से फरार विभिन्न कांडों के अभियुक्त के घर धुरकी पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है. बताते चलें कि धुरकी थाना कांड संख्या 47/22 में फरार चल रहे गनियारी कला निवासी अभियुक्त धीरज सिंह पिता बालमुकुंद सिंह के घर सोमवार को इश्तेहार चिपकाया है. जानकारी देते हुए एसआई सुनील कुमार रवि ने बताया कि फरार चल रहे अभियुक्त पर हत्या व चोरी का केस दर्ज था. उसके डर से अभियुक्त कई वर्षों से फरार चल रहा था.

न्यूज अपडेट

मंत्री यमुना सिंह की 14वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

बरवाडीह (लातेहार)। झारखंड सरकार के पहले वन एवं पर्यावरण मंत्री यमुना सिंह की 14 वीं पुण्यतिथि सोमवार को मनायी गई. पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड के राजा मेदनी राय इंटर कॉलेज परिसर में स्थापित स्व यमुना सिंह के प्रतिमा स्थल में आयोजित की गई. स्व यमुना सिंह की पुत्री मंजू देवी, पौत्र तुषार सिंह के अलावा जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी समेत कई सामाजिक और राजनितिक संघठन के लोग शामिल हुए और बारी बारी से स्व यमुना सिंह की प्रतिमा का माल्यार्पण किया. स्व यमुना सिंह की पुत्री मंजू सिंह ने कहा की यमुना सिंह ने व्यक्ति नहीं विचारों के लिए काम किया और उसी के बदौलत जनता ने उन्हें तीस साल से अधिक सेवा करने का मौका दिया.

चैनपुर में मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान चलाया गया

मेदिनीनगर। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत शाहपुर कल्याणपुर सेमर टांड़ विवेकानंद नगर में बूथ समिति की बैठक हुई. बैठक में बतौर प्रभारी सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय मौजूद थे. श्री पांडे ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी के साथ बैठक कर सभी मेंबरों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाना है. जिसमें पीएम एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जन-जन तक पहुंचाना है तथा व्हाट्सएप के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारियां एक दूसरे से शेयर करना है तथा एक दूसरे का सुख-दुख में साथ रहते हुए पार्टी के लिए कार्य करना है. उन्होंने कहा कि हमारा बूथ सबसे मजबूत के तहत आप सभी ने लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर योगदान दिया.

हुसैनाबाद गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच

हुसैनाबाद (पलामू)। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर अंतर्गत सभी स्वास्थ केंद्रों में गर्भवती महिलाओं को एएनसी जांच किया गया. इसके तहत सभी गर्भवती महिलाओं को टीटी का इंजेक्शन दिया गया. उनका बीपी, शुगर,ओजीटीटी आदि की जांच चिकित्सकों व चिकित्सा कर्मियों ने किया. इस अभियान के तहत अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में 80 व हैदरनगर में 70 महिलाओं का एएनसी जांच कर उन्हें गर्भावस्था के दौरान खान पान के अलावा जरूरी जानकारी दी गई. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. विनेश कुमार ने बताया कि किसी कारण वश जो गर्भवती महिला कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाई है, उन्हें स्वास्थ्य सहिया नजदीकी अस्पताल में ले जाकर टीटी का इंजेक्शन लगवाने का काम करेंगी.साथ ही उनके स्वास्थ्य की जांच कराएंगे.

शराब दुकानों की मनमानी,ग्राहकों में आक्रोश

हुसैनाबाद(पलामू)। हुसैनाबाद के शराब दुकानों की मनमानी ग्राहक इन दिनों परेशान है. दुकान के सेल्समैन जबरन ग्राहकों से प्रिंट से अधिक पैसा वसूल रहे है. हुसैनाबाद में विदेशी शराब दुकानों पर ग्राहकों से जबरन निर्धारित मूल्य तालिका से अधिक पैसा लिया जा रहा है ।यह मामला पूर्व में भी ग्राहकों ने अखबार के माध्यम से मदनिषेध के विभागीय उच्च पदाधिकारी को अवगत कराया था। लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. शराब दुकानदारों द्वारा मूल्य से अधिक रुपए जबरन उगाही करने व बिना नेम प्लेट अनुज्ञप्ति संख्या व मूल्य तालिका लगाने का शिकायत पलामू जिला मदनिषेध विभाग के कोऑर्डिनेटर व पलामू स्टॉक इंचार्ज प्रदीप कुमार,मनोज यादव से भी किया था। उन्होंने बताया कि जल्द ही मूल्य तालिका लगाई जाएगी, वहीं दुकान के सेल्स मैन पंकज कुमार सिंह देख लेने की बात कहते है.

महुआडांड़ में गणेश पूजा पर भंडारा का आयोजन

महुआडांड़(लातेहार)। गणेश चतुर्थी का त्योहार महुआडांड प्रखंड मे आर्यन संघ के द्वारा (बाजार शिव मंदिर) धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है. सोमवार कोभंडारा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल एवं मनिका पश्चिम जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, सुनील जायसवाल, बिहारी जायसवाल, शंकर दास, उत्तम कुमार, बिगन प्रसाद एवं ने संयुक्त रूप से फीता काटकर भंडारा का शुभारंभ किया. भंडारा का विधिवत मंत्रोच्चार मुख्य पुजारी राजेश पाठक के द्वारा किया गया. 101 किलो चावल के खिचड़ी का भोग लगा.

सतबरवा पंचायत सचिवालय में लगा शिविर

सतबरवा (पलामू)। सतबरवा पंचायत सचिवालय में सोमवार को झारखंड सरकार के द्वारा चौथी बार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर लगाया गया. शिविर में मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना , शिक्षा विभाग , स्वास्थ्य विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा , मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्री बाई फुले , कृषि, पशुपालन, झारखंड मुख्य मंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए लोगों ने आवेदन जमा करवाए. इस मौके पर मुखिया पति कमलेश प्रसाद काफी सक्रिय रहे, शिविर में आये लोगों को फार्म भरने व लगाये गये स्टॉल पर जमा कराने में मदद की.

डॉ भीमराव अंबेडकर चौक का उद्घाटन

महुआडांड (लातेहार)। प्रखंड के बाजार क्षेत्र में डा भीम राव अंबेडकर चौक का उद्घाटन सोमवार को पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज साहू और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर किया. मौके पर धीरज साहू ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान का निर्माण किया. समाज के हर तबके के लोगों को समानता का अधिकार दिया था. इस चौक का उद्घाटन बाबा साहब को एक सच्ची श्रद्धांजलि है. यह हमेशा उनकी याद दिलाता रहेगा. विधायक ने भी इस कार्य की प्रशंसा की और बाबा साहब को देश का एक सच्चा सपूत बताया.

सरकारी योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : संदीप उरांव

संवाददाता । लातेहार

जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निर्देश पर स्थानीय स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के द्वारा सदर प्रखंड के डीही पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया गया और योजनाओं की जानकारी दी गयी. बता दें कि इस पंचायत में 10 सितंबर को आपकी योजना, आपकी सरकार व आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. मौके पर समाजसेवी संदीप उरांव ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की. उन्होंने कहा कि इस शिविर में प्रखंड के अधिकारी भाग लेंगे, आप उनके समक्ष अपनी समस्या को रख सकते हैं। आपकी समस्या का समाधान शिविर में होगा. मौके पर स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहने का अपील की. संस्था के कलाकारों ने ग्रामीणों को बताया कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 साल की उम्र की महिलाओं को एक हजार रूपये प्रति माह सम्मान राशि दी जा रही है. सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है. सरकार ने हड़िया एवं दारू बेचने वाले महिलाओं के लिए फूलों झानो आशीर्वाद योजना लाई है. उन्होंने मुख्य मंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, मुख्यमंत्री हरित योजना आदि की जानकारी. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली. कार्यक्रम में बसंत, योगेश्वर राम, बसंती देवी, प्रतिमा कुमारी, जिया कुमारी, जितेंद्र पासवान आदि शामिल थे.

पटेल नगर दुर्गा पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन

हुसैनाबाद (पलामू)। शहर के पटेल नगर सार्वजनिक भवन में बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता पूर्व नगर अध्यक्षा बहन उषा देवी ने की . बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन पर चर्चा की गयी.वहीं पूर्व के पूजा समिति को सर्वसम्मति से भंग करते हुए नए व ऊर्जावान सदस्यों को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गयी. जिसमें सर्वसम्मति से नीतीश कुमार पटेल, उर्फ गणेश को अध्यक्ष बनाया गया,वही अजित चौधरी उपाध्यक्ष, तथा मोहित पटेल को सचिव एवं सह सचिव राहुल पटेल,वहीं कोषाध्यक्ष सोनू पटेल,सह कोषाध्यक्ष प्रवीण पटेल को बनाया गया, इस दौरान पूजा के नवनियुक्त अध्यक्ष गणेश ने बताया कि जपला शहर में कुर्मी टोला हर वर्ष ऐतिहासिक पूजा में एक अलग पहचान हैं. अभिभावक सह संरक्षक के रूप में अनुज चौधरी, कामेश्वर चौधरी, उषा देवी,रामेश्वर राम, तेतरी कुवर, वहीं पूजा सम्पन कराने के लिए कार्यकारणी सदस्य के रूप में मंटू पटेल,रितेश पटेल,आकाश पटेल,निशांत पटेल शामिल हैं.

महुआडांड़ में दर्जनों युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

संवाददाता । लातेहार

जिले के महुआडांड़ में दर्जनों युवाओं ने अन्य दलों को छोड़ कर कांग्रेस का हाथ थामा है. मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने इस युवाओं का माल्यापर्ण कर कांग्रेस में स्वागत किया. उन्होंने कहा कि युवाओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी के नीति व सिद्धांतों से प्रभावित हो कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं. कांग्रेस की सदस्या ग्रहण किये युवाओं ने मनिका विधानसभा विधायक रामचंद्र सिंह की प्रशंसा की और कहा कि विधायक श्री सिंह ने क्षेत्र में विकास के कई कार्य किये हैं. उनसे क्षेत्र की जनता काफी प्रभावित है. मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्यवक अजीत तिवारी व जिलाध्यक्ष अमीत बरुआ मुख्य रूप से मौजूद थे. युवाओं को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराने में इनकी अहम भूमिका रही. श्री तिवारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी. उन्होंने युवाओं से राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की अपील की.

सम्मान | राधाकृष्ण प्रजापति की पांडुलिपि को संरक्षित रखनेवाले हुए सम्मानित

पलामू के साहित्य व साहित्यकारों पर किया जाएगा शोध

संवाददाता । मेदिनीनगर

पलामू का इतिहास पुस्तक अध्ययन के दौरान पलामू के साहित्यकारों के बारे में पढ़ने को मिला. मैं समझता हूं कि दुनिया के साहित्य पर लिखने की बजाय पलामू के साहित्य और साहित्यकारों पर काम किया जाए तो बहुत बड़ा काम होगा. यह काम यहां के साहित्यकर्मियों को और हिंदी विषय से जुड़े शोधार्थियों को करने की जरूरत है. पलामू में विश्वविद्यालय स्थापित है और इस विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग या साहित्य के किसी अन्य भाषा के विभाग इस कार्य को कर सकती है. उक्त बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 52 वीं कड़ी में पलामू का साहित्य व विषय पर आयोजित परिचर्चा के दौरान शिक्षक अक्षयलाल प्रजापति ने कही. इससे पूर्व पलामू के कबीर कहे जाने वाले राधाकृष्ण प्रजापति के नाती जगजीवन प्रजापति एवं जीवनबंधु प्रजापति को इप्टा एवं प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से उनकी पांडुलिपियों को संरक्षित रखने के लिए सम्मानित किया गया. इप्टा के अध्यक्ष प्रेम भसीन ने कहा कि पलामू एक ऐसा जिला है जिसके मुख्यालय में एक चौक का नाम साहित्य समाज चौक है. इप्टा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व वरिष्ठ रंगकर्मी उपेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि पलामू में साहित्य का सृजन स्थानीय लोगों ने तो किया ही बाहर के साहित्यकारों को भी अपनी और आकर्षित किया है. परिचर्चा के दौरान वक्ताओं ने पलामू के महत्वपूर्ण साहित्यकारों में प्रोफेसर रामदीन पांडे, राधा कृष्ण प्रजापति, महावीर वर्मा, द्वारिका प्रसाद, ज्योति प्रकाश, बागेश्वरी प्रसाद वाजपेई, रामेश्वरम, सत्यनारायण नाटे, बद्र नियाजी, महजूर शमसी, ललित प्रसाद गुप्ता, चतुर्भुज नारायण, डॉ शोएब राही, नदीम बल्खि, दिनेश्वर प्रसाद दिनेश, डा चन्द्रेश्वर कर्ण, सिद्धेश्वर नाथ ओंकार सहित अन्य साहित्यकारों का स्मरण करते हुए उनके साहित्य की चर्चा की. परिचर्चा में पंकज लोचन, गोविंद प्रसाद, कुलदीप राम और शैलेंद्र कुमार शर्मा ने अपने विचारों को अभिव्यक्त किया. कार्यक्रम के अंत में यह निर्णय लिया गया कि संस्कृतिक पाठशाला की अगली कड़ी में प्रति सप्ताह एक एक साहित्यकारों के बारे में विस्तार से चर्चा की जाए. कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शंकर प्रसाद व अच्छे लाल प्रजापति ने किया. कार्यक्रम का संचालन शिव शंकर प्रसाद एवं धन्यवाद ज्ञापन रविशंकर ने किया. मौके पर नुदरत नवाज, जगजीवन प्रजापति, जीवन बंधु प्रजापति, संजीव कुमार संजू, प्रेम कुमार, शशि पांडे सहित अन्य लोगों उपस्थित थे.

इप्टा के पाठशाला में शामिल लोग.

आंदोलनकारियों का झारखंड बंद 11 को

मेदिनीनगर। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के पलामू ईकाई की बैठक सोमवार को शाहपुर किला परिसर में हुई. बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष दाउद केरकेट्टा ने की. बैठक श्री केरकेट्टा नें बताया कि झारखंड आंदोलनकारियों के प्रति झारखंड सरकार का रवैया उदासीन है. सरकार के इस रवैए व आंदोलनकारियों को उनका अधिकार और उचित मान-सम्मान नहीं देने के खिलाफ 11 सितंबर को एकदिवसीय झारखंड बंद का आह्वान किया गया है. बंदी की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस भी निकाला जाएगा. बैठक में केन्द्रीय कमेटी सचिव अरूण कुमार दूवे, केन्द्रीय कमेटी सदस्य शंखनाथ सिंह, प्रमंडलीय पदाधिकारी बालकिशुन उरांव, जिला उपाध्यक्ष नलिन चंद्र कुमार, रामरतन मेहता आदि शामिल थे.

ब्रीफ खबरें

ग्रामीण विकास मंत्री 23 को सिमडेगा में

सिमडेगा। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने आज सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री डा इरफान अंसारी से मुलाकात की. कोलेबिरा विधायक ने मंत्री को 23 सितम्बर को सिमडेगा आने का न्योता दिया. जहां मंत्री डॉक्टर अंसारी ने 23 सितम्बर को सिमडेगा आने की बाद जिले के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे.

किड्जोन अकादमी में वार्षिकोत्सव का आयोजन

सिमडेगा। किड्जोन अकादमी सिमडेगा में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया. इस मौके पर सिमडेगा जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सिमडेगा को मुख्य अतिथि के रूप मे आमंतत्रित किया गया. उन्होंने इस मौके पर कहा आज के बच्चे कल की भविष्य हैं. इन्हें शिक्षा के क्षेत्र में बौद्धिक विकास के साथ-साथ सर्वांगीण विकास करे. जिससे आगे चलकर हमारे क्षेत्र का नाम रोशन करें.

शिक्षिका के घर चोरी के तीन आरोपी धराये

सिमडेगा। सिमडेगा पुलिस सदर थाना क्षेत्र के सोनार टोली में एक शिक्षिका के घर हुई चोरी मामले का खुलासा करते हुए चोरी की सामान सहित तीन चोरों को गिरफ्तार किया.बता दें कि सदर थाना क्षेत्र के सोनार टोली में विगत 21 अगस्त को दीप्ति रानी नामक एक शिक्षिका जब वह घर पर नहीं थी. तब उनके घर से चोरों ने हाथ साफ करते हुए करीब 08 लाख के सामान और कैश चोरी कर ली थी. जिसके बाद पुलिस काण्ड का त्वरित उद्भेदन करने के लिए एक टीम का गठन कर काण्ड दर्ज होने की तिथि से ही लगातार छापामारी करते हुए मो नईम , विवेक व अफताब को दबोचा.

शिक्षक का आदर करना शिष्यों का परमोधर्म है

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को मुख्य चौक पर संचालित एसडी आइडियल पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित कर मनाया गया. इस बीच स्कूल के बच्चों और शिक्षकों के द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प वर्षा और झारखंडी रीति-रिवाज के साथ करते हुए मंच तक ले जाया गया. इधर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित व सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया. यहां पर एसडी आइडियल के विद्यार्थियों के द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति और फिल्मी व नागपुरी गीतों की प्रस्तुति दी गई. साथ ही नुक्कड़ नाटक कर अतिथियों का मन मोह लिया गया. वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि कांग्रेस कमेटी के किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी ने कहा कि गुरू के बिना विद्यार्थियों के बेहतर कैरियर की कल्पना नहीं किया जा सकता है.

राजद नेता ने किया निधन पर शोक व्यक्त

कांडी। प्रखंड क्षेत्र के एक युवक व एक बच्चे के आकस्मिक निधन को लेकर राजद नेता नरेश सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है. विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कांडी प्रखंड के सलेया गांव के स्व. बेलास शर्मा के पुत्र सुदामा शर्मा का गढवा के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान अचानक मौत हो गई. इधर शव के आने की जानकारी मिलने पर समाजसेवी सह राजद के प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह ने इस दुःखद घड़ी में तत्काल ग्राम सलेया में मृतक के निवास स्थान पर जाकर शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की.

जंगली हाथियों के उत्पात की चपेट में आये पीड़ित ग्रामीणों से मिले मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव,कहा

पीड़ित परिवार वालों को हरसंभव मदद देगी सरकार

संवाददाता। कुडू/लोहरदगा

जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिको एवं कुडू हमीद नगर में विगत कुछ दिन पूर्व जंगली हाथियों के द्वारा काफी उत्पात मचाया गया था. इस दौरान हाथियों के झुंड ने कुडू हमीद नगर निवासी शौकिन अंसारी उम्र 40 वर्ष को कुचलकर मार डाला था. इसके अलावा कई घरों को जंगली हाथियों के द्वारा नुकसान पहुंचाया गया. जिसकी सूचना पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव हाथियों के चपेट से पीड़ित ग्रामीणों से मिले एवं हाथियों द्वारा पहुंचाए गए नुकसान पर तत्काल आर्थिक सहयोग किया एवं पदाधिकारियों से बात कर मुआवजा उपलब्ध कराने की बात कही व तत्काल भोजन उपलब्ध कराने की बात कही, इसके साथ ही पीड़ित परिवार के आवास निर्माण एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए पदाधिकारी से बात करें करने की बात कही इसके साथ साथ उच्चस्तरीय पदाधिकारियों से बात कर हाथियों की ट्रेंकुलाइजेशन के लिए दो नई टीम उपलब्ध कराने की बात कही. मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, इकबाल खान, सामुल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, कमरूल इस्लाम, तल्हा अंसारी, सूरज मुंडा, हलीम अंसारी, सुशील उरांव, जतरू उरांव, अवधेश उरांव, संजय मुंडा, सनी मुंडा, सीताराम मुंडा, दिलेश मुंडा, परदेसिया उरांव, महेंद्र उरांव, काली उरांव, मंगरू उरांव, देवकी मुंडाईन, दिलू मुंडा आदि उपस्थित थे.

हाथी से प्रभावित परिवारों से मिलते मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव.

मंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

विभाग पूरी तरह से है मुश्तैद कर रहा है कार्रवाई : डीएफओ

संवाददाता। गढ़वा

जिले के रंका, रमकंडा, चिनियां आदि प्रखंडों में लगातार हाथियों का उत्पात बढ़ता जा रहा है. इससे ग्रामीणों को जान माल के नुकसान सहित काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया है. मंत्री श्री ठाकुर ने अपने आवास पर वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में मंत्री ने मानव-हाथी संघर्ष की घटनाएं, आज तक विभाग द्वारा की गई कार्रवाई, भविष्य की कार्रवाई और संभावित समाधान, ग्रामीणों को मुआवजा की स्थिति की जानकारी लिया. मौके पर मंत्री ने वन विभाग के पदाधिकारियों को क्षेत्र में हाथियों के बढ़ रहे उत्पात की समस्या से निजात दिलाने का निर्देश दिया. साथ ही पीड़ित ग्रामीणों को यथाशीघ्र मुआवजा देने, हाथी-मानव संघर्ष को रोकने की दिशा में अधिकारियों को विशेष कदम उठाने का निर्देश दिया.

गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल के डीएफओ एबिन बेनी अब्राहम ने बताया कि इस मामले में विभाग समुचित कार्रवाई कर रही है. हाथी प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों के बीच वन प्रबंधन समिति के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. हाथी के हमले के दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है. साथ ही विभाग की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों को मिर्च जलाकर हाथी को दूर रखने का प्रशिक्षण दिया गया है. साथ ही ग्रामीणों के बीच मिर्चा एवं मशाल जलाने के लिए तेल, टार्च आदि का वितरण किया गया है. अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में हाथी भगाने के लिए पश्चिम बंगाल से विशेषज्ञ दल को बुलाया गया है. यह टीम काम कर रही है. मुआवजा की लंबित मामले को निपटाने के लिए विभाग कुछ ग्रामीणों को चिन्हित कर फार्म भरने आदि कार्यों का प्रशिक्षण दे रही है. ताकि नुकसान का मुआवजा यथाशीघ्र दिया जा सके. डीएफओ ने बताया कि इसके अतिरिक्त भी यदि प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर जाने या अन्य किसी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता होगी तो विभाग वह भी उपलब्ध करायेगी.

वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मंत्री.

छात्र, नौजवानों के उत्साह से विरोधियों की नींद उड़ गई है : मिथिलेश

गढ़वा। झारखंड के हेमंत सरकार द्वारा राज्य में चलाई जा रही जनहित की योजनाओं एवं गढ़वा में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं, नौजवानों, महिला एवं पुरुषों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है. गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया.

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर नौजवानों छात्र-छात्राओं, महिला, पुरुष सभी का रुझान काफी तेजी से झामुम की ओर बढ़ा है. झामुमो के के प्रति छात्र, नौजवानों के बढ़ते उत्साह से एवं रुझान से विरोधियों की नींद उड़ गई है. उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता, छात्र, नौजवान, गरीब, किसान, महिलाओं के हित सहित क्षेत्र की आधारभूत संरचनाओ के विकास से सभी लोग प्रभावित हैं. आज के समय में सभी को विकास चाहिए. धोखेबाजों एवं बहुरूपियों को जनता अच्छी तरह से पहचान चुकी है.

पटेल नगर दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन

हुसैनाबाद(पलामू)। शहर के पटेल नगर सार्वजनिक भवन में बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता पूर्व नगर अध्यक्षा बहन उषा देवी ने की . बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन पर चर्चा की गयी.वहीं पूर्व के पूजा समिति को सर्वसम्मति से भंग करते हुए नए व ऊर्जावान सदस्यों को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गयी. जिसमें सर्वसम्मति से नीतीश कुमार पटेल, उर्फ गणेश को अध्यक्ष बनाया गया,वही अजित चौधरी उपाध्यक्ष, तथा मोहित पटेल को सचिव एवं सह सचिव राहुल पटेल,वहीं कोषाध्यक्ष सोनू पटेल,सह कोषाध्यक्ष प्रवीण पटेल को बनाया गया,इस दौरान पूजा के नवनियुक्त अध्यक्ष गणेश ने बताया कि जपला शहर में कुर्मी टोला हर वर्ष ऐतिहासिक पूजा में एक अलग पहचान हैं. अभिभावक सह संरक्षक के रूप में अनुज चौधरी,कामेश्वर चौधरी,उषा देवी,रामेश्वर राम, तेतरी कुँवर,वहीं पूजा सम्पन कराने के लिए कार्यकारणी सदस्य के रूप में मंटू पटेल, रितेश पटेल,आकाश पटेल, निशांत पटेल शामिल हैं.

मलय नदी में बच्चे की डूबने से मौत,दो बचे

सतबरवा/पलामू। सतबरवा के बड़का पत्थर स्थित मलय नदी में नहाने के दौरान पानी डुबने से एक बच्चे की मौत हो गयी. वहीं साथ नहा रहे दो बच्चों को ग्रामीणों ने बचा लिया. घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई. जानकारी के अनुसार मौत के मुंह में समा चुके मासूम की पहचान शिव मांझी के पोता रुद्र कुमार 4 वर्ष के रूप में हुई है. बताया जाता है कि रुद्र अपने भाई और एक साथी के साथ बड़का पत्थर मलय नदी में नहाने गया था. नहाने के दौरान रूद्र अधिक गहरा पानी में चला गया और वह डूब गया.

जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

एनजीटी के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें सीओ : डीसी

जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स बैठक की करते डीसी व अन्य.

संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई. बैठक में थाना वार अवैध बालू उठाव व अवैध खनिज परिवहन को लेकर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई. इसमें सभी अंचल अधिकारियों व थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाये जाने, कार्रवाई का प्रतिवेदन खनन पदाधिकारी व उपायुक्त कार्यालय में समर्पित करने का निदेश दिया गया. उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि 15 अक्टूबर तक एनजीटी के आदेशानुसार नदियों से बालू का खनन व उठाव बंद है. ऐसे में इस आदेश का पालन अक्षरशः अपने-अपने क्षेत्र में सभी पदाधिकारी व थाना प्रभारी कराएं. अवैध रूप से बॉक्साइट, आयरन, कोयला आदि का परिवहन करनेवालों पर भी कार्रवाई की जाए एवं सभी आदेशों का हर हाल में अनुपालन कराएं. बैठक में एसपी हारिस बिन जमां, डीटीओ संजय कुमार, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, एसडीओ अमित कुमार, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे.

खिलाड़ियों की तरक्की के लिए कृतसंकल्पित हैं : अनिल भगत

झापीपा के कार्यकारी अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को जर्सी व फुटबॉल दिये

संवाददाता। किस्को/लोहरदगा

झापीपा के किस्को प्रखंड अध्यक्ष मनोज उरांव की अगुवाई में केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत किस्को प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे है. इसी क्रम में झापीपु के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल भगत लोहरदगा जिला के किस्को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत परहेपाट के जनवल गांव के खिलाड़ियों के बीच खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जर्सी सेट और फुटबॉल वितरित कर उन्हें हौसला बढ़ाया. इस बीच खिलाड़ियों को जर्सी और फुटबॉल उपलब्ध कराने के पश्चात कहा कि खिलाड़ियों की तरक्की के लिए मेरा सकारात्मक प्रयास है. उन्होंने कहा कि आप अपनी मेहनत जारी रखें आपको आगे बढ़ाने में हमेशा तत्पर रहेंगे. अनिल कुमार भगत ने कहा कि लोहरदगा के खिलाडियों का बेहतर भविष्य निर्माण को लेकर पूरी तरह से सक्रिय भूमिका अदा की जाएगी. उन्होंने कहा कि आपके अंदर प्रतिभा की भरमार है, आप हड़िया दारू नशापान को छोड़कर खेल के मैदान में संघर्ष करें कामयाबी आपके हाथों में होगी. मौके पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी और ग्रामीण मौजूद थे.

खिलाड़ियों को जर्सी व फुटबॉल देते अनिल भगत.

न्यूज अपडेट

नगर परिषद के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद् सिमडेगा के विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्य रूप से पेयजल आपूर्ति, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, हाउस होल्ड कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत आवास निर्माण के संबंध में समीक्षा की गई.बैठक में शहरी पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली गई, जिस पर नगर परिषद् प्रशासन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जुटको एजेंसी द्वारा पेयजल आपूर्ति को लेकर पानी टंकी, पाईप इंस्टॉल सहित अन्य कार्यों के लिए सर्वे कर ड्राइंग तैयार किया जा रहा है. तथा पेयजल विभाग परिसर में पानी टंकी निर्माण किया जा रहा है.उपायुक्त ने एजेंसी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जांच करने की बात कहीं. प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी के तहत निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया. सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर प्लांट के अधिष्ठापन किया गया जिसका संचालन के विषय पर भी चर्चा कर उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया.

प्रशिक्षुओं ने चलाया पोषण जागरूकता अभियान

कुडू/लोहरदगा। अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में पोषण सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया.अभियान के क्रम में रैली ,जनसंपर्क के साथ टिको और आस पास के क्षेत्रों में लोगों को जागरुक किया गया. अभियान में लोगों को पोषण सप्ताह, पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थो को अपनाकर बीमारी और रोगों से दूर रहने की जानकारी दी गयी. झालो, जतरी, सुगिया आदि ग्रामीण महिलाओं से प्रशिक्षुओं द्वारा कुपोषण,पौष्टिक आहार आदि पर बात-चीत की. प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि यह सप्ताह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाया जाता है.

इस बार दोनों सीटों पर भाजपा की जीत होगी:बबन

सिमडेगा । भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा के जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता और जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने विधानसभा चुनाव में जनता का भाजपा के प्रति रुझान और चुनावी तैयारियों के बारे में बताया. जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने बताया कि इस बार विधानसभा चुनाव में दोनों विधानसभा भाजपा मजबूती के साथ लड़ेगी. सभी बूथों में कड़ी मेहनत से बूथ कमेटी को सुदृढ़ीकरण किया गया है. जनता का रुझान भाजपा पर है. क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का दौरा होगा. दोनों विधानसभा में भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के प्रवाह से संगठन और क्षेत्र में मजबूती मिलेगी. जिला के पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी का सभी बूथों पर दौरा चल रहा है. बूथ स्तर में चुनाव की मैराथन बैठक जारी है. उन्होंने आगे कहा कि हेमंत सोरेन के राज्य में जनता ठगा–ठगा महसूस कर रही है.

चौकीदार के लिए लिखित परीक्षा संपन्न:अपर समाहर्ता

सिमडेगा। जिले में रिक्त पड़े चौकीदारों के लिखित परीक्षा संपन्न हो गयी है, अब शारीरिक जांच बाकी है. उक्त बातें सोमवार को अपर ज्ञानेन्द्र ने पत्रकारों को दी. उन्होंने बताया कि शारीरिक जांच परीक्षा की तिथि जल्द घोषित होगी. लेकिन इसी बीच एक अभ्यर्थी और एक तथाकथित व्यक्ति जो मोटी रकम के एवज में चौकीदार नियुक्ति कराने का दावा कर रहे हैं. इन दोनों के बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है. जिसके संबंध में अपर समाहर्ता ने सभी अभ्यर्थियों से सतर्क रहने की अपील की और कहा कि मेधा सूची के अनुसार ही नियुक्ति होगी. अतः किसी भी विचौलिये से सतर्क रहें और कोई ऐसे कहता वैसे के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराएं. मौके पर सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे.

सरकार की योजनाओं सभी लाभ उठाये:शांति बाला

सिमडेगा। जिले के गरजा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किया गया. इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सिमडेगा जिला महिला अध्यक्ष कांग्रेस सिमडेगा ने कहा सरकार न सिर्फ योजनाओं को धरातल पर उतार रही है. बल्कि योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम कर रही है. इसी कड़ी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरु किया है. इसके तहत एक बार फिर राज्य सरकार योजनाओं को लेकर ग्रामीणों के घर पहुंच रही है. ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण योजना का लाभ ले सके. और वैसे व्यक्ति जो सरकार की योजनाओं से वंचित है उन्हें हम उसके अनुरूप योजना से जोड़ने का काम कर रहे हैं इसीलिए ऐसी योजनाओं का हर व्यक्ति लाभ ले.

विकास को कोसो दूर है बोकबा गांव: एनोस एक्का

सिमडेगा /कोलेबिरा। विधान सभा क्षेत्र के कोलेबिरा प्रखंड अवस्थित बोकबा गांव में ग्रामीणों ने बैठक की. जिसमें भारी संख्या में महिला ,पुरुष व युवा में झारखंड पार्टी का दामन थामा. इस अवसर पर झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा आज़ादी के 76 साल बाद भी आज कोलेबिरा विधानसभा में विकास कोसों दूर है. इसकी मुख्य वजह जाति-धर्म में उलझ कर राजनीति के शिकार हो रहे है आम लोग. अभी झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी उफान पर है. हर दल का ज़ोर धर्म और जाति से जुड़े समीकरणों को साधने पर है. वही आम लोग सड़क, बिजली, पानी जैसे बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं.

सातवीं बार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने नीरज

मझिआंव। मुख्य शहर के हृदयस्थली में बसे दुर्गा मंदिर के प्रांगण में यंग स्टार क्लब दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने बैठक की. अशोक कमलापुरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गई. उसके पश्चात पूर्व अध्यक्ष नीरज कमलापुरी को सर्व सम्मति से सातवीं बार यंग स्टार क्लब दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया. दीपक माली, विद्यानंद उर्फ टिंकू तिवारी एवं मिथिलेश कमलापुरी उर्फ मुरल को उपाध्यक्ष बनाया गया. मनीष कुमार गुप्ता एवं धनंजय गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया.

प्रतियोगिता स्व. सारू पाहन फुटबॉल प्रतियोगिता पर वन मी आर्मी का कब्जा

लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन व मेहनत जरूरी है: सुखदेव

संवाददाता। लोहरदगा

जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झालजमीरा फुटबॉल मैदान पर चार दिवसीय स्व सारू पाहन फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ. प्रतियोगिता में लोहरदगा, खूंटी, गुमला, रांची, लातेहार और सिमडेगा जिले की टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल को प्रदर्शित किया. समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत थे. फाइनल में वन मी आर्मी और खूंटी टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ. जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में खूंटी टीम को पराजित कर खिताब पर वन मी आर्मी टीम ने कब्जा जमाया. लोगों को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि खिलाड़ी अनुशासित तरीके से सफलता की प्राप्ति कर सकते है. उन्होंने कहा कि फुटबॉल खेल के अलावा सभी खेलों एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने हेतु हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाते आ रहे है और आगे भी जारी रहेगा. सांसद ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में एक से बढ़कर एक प्रतिभावान खिलाड़ियों का समूह है. उन्हें बेहतर प्लेटफार्म मिले, इसे लेकर मजबूत कदम उठाने का कार्य किया जाएगा. उन्होंने कहा कि खिलाड़ी निरंतर परिश्रम करें ताकि आपके भविष्य में खेल के माध्यम से रोजगार का सृजन हो सके. उल्लेखनीय है कि चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता और उप विजेता बनी टीम के अलावा 12वें स्थान तक जगह बनाने वाली टीमों को मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत व अन्य अतिथियों के द्वारा खस्सी और जर्सी सेट देकर सम्मानित किया.

प्रतियोगिता को सफल बनाने में इनकी रही भूमिका : लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम झालजमीरा में आयोजित चार दिवसीय स्वर्गीय सारू पाहन फुटबॉल प्रतियोगिता को सफल बनाने में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, समाजसेवी जगरनाथ उरांव, सलीम अंसारी उर्फ बड़े, आलोक साहू, जगदीप भगत,वीरेंद्र यादव, जिवरा उरांव, प्रदीप उरांव, तेवारी उरांव, बंधन मुखिया, हफीज अंसारी, मास्कल खेस, सारू उरांव, परमानंद उरांव, फुलदेव उरांव, छोटेलाल उरांव व आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण की भूमिका अहम रहा.

फाइनल खेल रही दोनों टीम के साथ सांसद व अन्य.

योजनाओं के संधारण में सभी लोग सक्रिय भूमिका निभाएं : रीना कुमारी

संवाददाता। लोहरदगा

जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक जिप अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई. बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई. . जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की द्वारा सेन्हा प्रखंड के तोड़ार पंचायत में स्थित खराब जलमीनार को ठीक कराने की मांग उठायी. साथ ही, हर घर जल योजना में आ रही परेशानियों के बारे में भी बताया. किस्को जिप सदस्य द्वारा देवदरिया पंचायत में कूप निर्माण में प्रयोग की जा रही खराब ईंट की भी बात को बैठक में रखा. मामले की जांच कराने के लिए डीडीसी को निर्देश दिया गया. पाखर पंचायत में नव-निर्माण हुए सड़क के बह जाने पर एजेंसी की सुरक्षा राशि को रोकने एवं जांच करने का भी निर्देश डीडीसी को दिया गया है. जिले में जर्जर एवं खराब सड़क एवं बिजली के खंभों एवं तारों को जल्द से जल्द ठीक करने का भी निर्देश दिया गया. बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिप उपाध्यक्ष विनोद उरांव, जिप सदस्य कैरो सुखदेव उरांव, जिप सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिप सदस्य भण्डरा राजमनी उरांव, जिप सदस्य पेशरार रूबी कुमारी, जिप सदस्य किस्को सभी प्रखण्ड प्रमुख आदि थे.

खिलाड़ियों को जर्सी व फुटबॉल देते अनिल भगत.

ब्रीफ खबरें

जिला स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन

हजारीबाग। जिला स्कूल के प्रांगण में रविवार को स्कूल के पूर्व शिक्षक सम्मान समारोह सह छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्कूल के 2000 और 2001 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने हिस्सा लिया. समारोह में पूर्व प्राचार्य डॉ तालेश्वर महतो, शुखमंगल सिंह, संत कुमार यादव, उपेंद्र सिंह, उपेंद्र कुमार, रजनी कांत प्रसाद का सम्मान किया गया. साथ ही वर्तमान प्राचार्य और शिक्षकों का भी सम्मान किया गया.

अवैध आइसक्रीम फैक्ट्री की जांच की मांग उठाई

हजारीबाग। झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरजीत नाग वाला ने हजारीबाग के उपायुक्त को पुलिस लाइन के अंदर आवासीय क्वार्टर के नजदीक चल रही आइसक्रीम फैक्ट्री की जांच के लिए एक पत्र लिखा है. हजारीबाग पुलिस लाइन के अंदर आवासीए क्वार्टर के नजदीक खाता नंबर 20, प्लॉट नंबर 837, रकबा 6 डिसमिल, महल नूरा,थाना संख्या 136 में अवैध रूप से आवासीय परिसर में आइसक्रीम फैक्ट्री शुभम जायसवाल द्वारा चलाई जा रही है.

जिला टेंपो संघ ने लिया पूजा मनाने का निर्णय

चतरा। शहीद विनय भारती पार्क के सामने एसआर होटल में जिला टेंपो संघ की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष राजू कुमार दबगर व संचालन प्रयाग यादव ने की. बैठक में संघ द्वारा विश्वकर्मा पूजा न्यू बस स्टैंड में मनाने का निर्णय लिया गया. एक कमेटी का गठन किया गया. इसमें अध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष रंजन साव, सचिव मिथिलेश कुमार, कोषाध्यक्ष पप्पु प्रजापति को बनाया गया.

खड़ी स्कॉर्पियो की चोरी करने का प्रयास

हजारीबाग। मुफसिल थाना क्षेत्र के नूतन नगर स्थित चेन्नई आई अस्पताल के पास खड़ी स्कॉर्पियो की अज्ञात चोरों ने रविवार की रात लॉक तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया. बताया जा रहा है कि यह स्कार्पियो चेन्नई आई अस्पताल के डॉक्टर को पटना से हजारीबाग लेकर आई थी. अज्ञात चोरों ने गाड़ी की लॉक खोलकर चोरी करने का प्रयास किया लेकिन इसी बीच चालक की नींद टूट गई. उसने आवाज दी तो चोर फरार हो गए.

सिकनी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

रामगढ़। दुलमी प्रखंड की सिकनी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ मदन महली, पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा, उपमुखिया उमाशंकर महतो आदि उपस्थिति रहे. मंगलेश ने राज्य सरकार की पहल की सराहना की, जिसका उद्देश्य आम जनता को योजनाओं का लाभ पहुंचाना है.

स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मना

रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया. इसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थीयों ने भाग लिया. इस दौरान सेमिनार, भाषण, नाटक और लेखन प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किया गया. नाटक में बच्चों ने बताया कि शिक्षा हमारे लिए कितनी आवश्यकता है. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और विजेता पुरस्कार दिया गया.

अच्छी खबर : हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र स्थित कारकस डिस्पोजल साइट पर अलग-अलग जगह गिद्ध का दिखना सुखद संकेत

देश और दुनिया में विलुप्त हो रहे गिद्धों को पसंद आ रहा अपना हजारीबाग

संवाददाता। हजारीबाग

सड़े- गले जीवों के मांस को खाकर सफाई करनेवाले अपमार्जक गिद्ध को हजारीबाग पसंद आ रहा है. एक तरफ जहां पूरी दुनिया से गिद्ध 99 प्रतिशत समाप्त हो गए, वहीं हजारीबाग में प्राकृतिक अवस्था में गिद्ध अपना कुनबा बढ़ा रहे हैं. दुनिया भर में गिद्धों को बचाने के लिए कई स्तर पर प्रयास चल रहे हैं. दूसरे देश से बचाए गए गिद्ध हजारीबाग आ रहे हैं. नेपाल से सेटेलाइट टैग लगा गिद्ध हजारीबाग आया, काफी समय तक ठहरा और फिर वापस चला गया.

बता दें कि पिछले माह बांग्लादेश से सेटेलाइट टैग लगा गिद्ध हजारीबाग आया था. बीमार हालत में जब वह विष्णुगढ क्षेत्र में गिरा तो उस पर टैग लगा देख लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां फैलीं, लेकिन हजारीबाग में वन्यप्राणी संरक्षण में कार्यरत संस्था नियो ह्यूमन फाउंडेशन ने इस भ्रांति को दूर किया और स्थानीय वन विभाग के साथ मिलकर गिद्ध का इलाज कराया. गिद्ध 26 दिन बाद ठीक हो गया तो उसे फिर से खुले आसमान में उड़ान भरने के लिए छोड़ दिया गया. हाल ही में गिद्ध जागरूकता दिवस बीता है. हजारीबाग में गिद्धों को बढ़ाने का प्रयास जारी है और ऐसे प्रयासों की सराहना भी होनी ही चाहिए. एक ओर जहां गिद्ध विलुप्तप्राय होते जा रहे हैं. देशभर में इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकार द्वारा कई जगह एक्स सीटू कंजर्वेशन किया जा है. वहीं हमारे हजारीबाग में ये उन्मुक्त गगन में विचरण करते हुए प्राकृतिक पर्यावास में अपना कुनबा बढ़ा रहे हैं. गिद्ध यूं तो सामान्य तौर पर हजारीबाग में दिखते ही हैं, लेकिन कई अन्य देशों का सफ़र तय करके हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र स्थित कारकस डिस्पोजल साइट पर अलग-अलग जगह गिद्ध का दिखना सुखद संकेत है. यह बेहद जरूरी भी है. गिद्ध सड़े गले मृत पशुओं को खाकर कई तरह की महामारियों, बीमारियों-जैसे कोलेरा, एंथैक्स, रैबिज इत्यादि से बचाते हैं और मनुष्य की सहायता करते हैं. इन्हें हजारीबाग में आशियाना बनाना और प्रवास करना भी अच्छा लगता है.

हजारीबाग में गिद्धों की तीन प्रजातियां पाई गईं

बता दें कि भारतवर्ष में गिद्धों की नौ प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें हजारीबाग में तीन प्रजातियां पाई गई हैं. गिद्ध की विलुप्ति का मुख्य कारण मवेशियों में प्रयोग होने वाली दर्द निवारक दवा डाइक्लोफेनेक हैं. अतः डाइक्लोफेनेक की जगह मेलोक्सीकेम का प्रयोग कर इनके संरक्षण में सहयोग किया जा सकता है. गिद्ध को वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 के शेड्यूल- I में संरक्षण प्राप्त है और इसे नुकसान पहुंचाना कानूनन जुर्म है. गिद्धों के संरक्षण और जागरूकता के लिए कार्य कर रही हजारीबाग की संस्था न्यू ह्यूमन फाउंडेशन द्वारा हर साल इसकी गणना और पहचान की जाती है. गिद्ध की मृत्यु दर अधिक और प्रजनन दर बहुत कम है. एक जोड़ा गिद्ध साल में सिर्फ एक ही अंडा देता है और उसका प्रजनन करते हैं. गिद्ध संरक्षण की दिशा में हजारीबाग को फिलहाल प्रोविजनल सेफ जोन घोषित किया गया है. उम्मीद है कि गिद्धों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आने वाले दिनों में इसे वल्चर सेफ जोन घोषित किया जा सकता है. क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल ने भी हजारीबाग में गिद्धों के संरक्षण और जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की. विशेषकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में बीमार होकर पड़े गिद्ध को स्वस्थ करके सुरक्षित छोड़े जाने पर गिद्ध संरक्षण में कार्यरत संस्था न्यू ह्यूमन फाउंडेशन और वन विभाग को बधाई दी.

समस्या : नाक बंद कर आते जाते हैं लोग, जानवर खा रहे हैं प्लास्टिक

सफाईकर्मियों की हड़ताल से शहर में पसरा कचरा

संवाददाता। हजारीबाग

नगर निगम के सफाईकर्मियों की हड़ताल के कारण शहर में कचरे का अंबार लग गया है. कहीं सड़क पर कचरा उड़ रहा है, तो भीड़ भाड़ वाले इलाके में जानवर प्लास्टिक को चबाते देखे जा रहे हैं. बता दें कि हजारीबाग नगर निगम के लगभग 500 सफाईकर्मी पिछले 15 दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं. इसी कारण चौक चौराहा, मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर सहित कई स्थानों पर कचरे के ढेर लग चुके हैं. लोगों को नाक बंद कर आना जाना पड़ रहा है. शहर की सफाई नहीं होने के कारण अब लोग सड़क पर कचरा फेंक रहे हैं. बरसात के सीजन में सड़े गले कचरे से बीमारी फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है. ऐसे में अगर समय रहते शहर के चौक-चौराहों साफ नहीं किया गया तो बड़ी बीमारी फैल सकती है, ऐसे में लोग बीमार पड़ सकते हैं.

इस संबंध में सफाई कर्मियों ने बताया कि हजारीबाग नगर निगम के पास लगभग साढे 500 सफाई कर्मी और अन्य सफाई कर्मी हैं. सरकार वैसे सफाई कर्मियों को परमानेंट करें जो 10 साल से अधिक समय से कार्य कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि हम सफाईकर्मियों ने कोरोनाकाल में भी, जब आम लोग अपने घर से बाहर नहीं निकलते थे, अपनी जान को जोखिम में डालकर नगर निगम के विभिन्न स्थानों पर सफाई का काम कर रहे थे. हमारी मांगें कोई बड़ी नहीं हैं. एरियर का भुगतान और सेवा को स्थायी करना यह कोई बड़ी बात नहीं है. नगर निगम जो भी टैक्स के रूप में पैसा वसूलता है वह पूरा पैसा सीधा सरकार के खजाने में चला जाता है. ऐसे में हमारी मांग है कि हमारे मानदेय का भुगतान सरकारी स्तर से किया जाए ताकि हमारा घर और परिवार भी सुरक्षित रहे और सरकार के खाते में भी सीधा पैसा जा सके.

बारिश के मौसम में सड़े गले कचरे से बीमारी फैलने का खतरा उत्पन्न

नगर निगम की सफाईकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण भीड़ भाड़ इलाके में जमा कचरे में मुंह मारती गाय.

सांसद ने मंत्री व सचिव तक पहुंचाई मांगें, वार्ता के लिए दिलाया समय

पूरे प्रदेश में सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से सफाई व्यवस्था ठप हो गई है. हजारीबाग शहरी क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है. इस संबंध में सोमवार को क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल ने सकारात्मक पहल करते हुए झारखंड राज्य लोकल बॉडीज एम्पलाइज फेडरेशन, कर्मचारी संघ हजारीबाग इकाई के पदाधिकारी के साथ अपने झंडा चौक स्थित सांसद सेवा कार्यालय में विशेष बैठक की, जिसमें उन्होंने उनकी समस्याएं जानीं और तत्काल झारखंड राज्य के नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन और संबंधित विभाग के सचिव सुनील कुमार से दूरभाष पर बात करते हुए संबंधित मामले पर संज्ञान लेकर कर्मचारी संघ से वार्ता हेतु विशेष समय दिलवाया और साथ ही उनसे यथाशीघ्र इनकी न्यायोचित मांगों पर पहल करने का आग्रह किया. सांसद ने नगर निगम क्षेत्र के कर्मचारियों से भी आग्रह किया कि आपकी जायज मांगों को लेकर हम भी वकालत करेंगे, लेकिन शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले जनजीवन को राहत हो इसके लिए आप भी अपने काम में लौटें. सांसद ने कहां कि सफाई कर्मियों द्वारा मुझे एक मांग पत्र मिला है, जिसमें कई मांगें बेहद ही जायज हैं और राज्य सरकार को तत्काल उनकी मांगों पर पहल करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि हजारीबाग नगर निगम में कुल 493 पद हैं, जिनमें करीब 98 से 100 के करीब ही परमानेंट किए गए हैं. बाकी जो निविदा पर हैं उन्हें भी परमानेंट करना चाहिए. सफाई कर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर जनजीवन को राहत पहुंचाते हैं. ऐसे में उनकी जो भी मांगें हैं सरकार को उन्हें अविलंब मानना चाहिए.

बिरहोर लाभुकों के अबुआ आवास निर्माण में बरती जा रही अनियमितता

- लाभुकों के खाते से पैसे निकालवा ब्रोकर जैसे तैसे निर्माण करवा रहा
- गुणवत्ता ऐसी कि बनने के साथ ही हो जाएंगे सभी अबुआ आवास बेकार

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड की चोरदाहा पंचायत के ग्राम जमुनियातरी में बिरहोर समुदाय के 22 महिला लाभुकों को अबुआ आवास मिलने की सूचना है. जिसका निर्माण लाभुक नहीं, बल्कि गांव के स्कूल में कार्यरत एक पारा शिक्षिका राहिल हेम्ब्रेम व उनके पति द्वारा करवाया जा रहा है. आरोप है कि ब्रोकर द्वारा अबुआ आवास के निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है. गुणवत्ता को ताक पर रखकर जैसे तैसे सिर्फ हल्का मशाला देकर ईंट को जोड़कर दीवार खड़ी कर दी जा रही है. मुख्यालय से दूर होने के कारण विभाग के अधिकारी भी शायद ही इन गांवों में पहुंच पाते हैं, जिसका लाभ उठाकर ब्रोकर मनमाने ढंग से कार्य करवा रहा है. इसका खुलासा तब हुआ जब झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बिरेंद्र राणा जमुनियातरी लोगों का हाल चाल लेने पहुंचे. वहां के बिरहोर परिवारों ने खुलकर इसकी शिकायत झामुमो नेता से की. ग्रामीणों ने बताया कि गांव के स्कूल की पारा शिक्षिका राहिल हेम्ब्रेम काम करवा रही है. उन्होंने हमलोगों को बैंक ले जाकर वहां से पैसे निकालवाकर ले लिये. राहिल द्वारा 16 अबुआ आवास बनाये जा रहे हैं. राहिल द्वारा चोरदाहा निवासी राहुल पासवान को प्रति आवास के लिए 30 हजार पर ठेका दिया गया है. राहिल चोरदाहा पंचायत की मुखिया अर्चना हेम्ब्रेम की फुआ बताई जाती है. आख़िर किसके आदेश से एक ब्रोकर को दर्जनों अबुआ आवास का ठेका दे दिया गया है. कहीं विभाग के भी कर्मी की भी संलिप्ता तो नहीं है इसमें. पूरे मामले की अतिशीघ्र जांच की जरूरत है ताकि ऐसे लोगों पर कार्रवाई और गरीब बिरहोर परिवारों के सपनों का घर बन सके.

शिविर में डीएलएओ ने किया 25 लाख के चेक का वितरण

संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का आयोजन सोमवार को बेलखोरी पंचायत सचिवालय में आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ बीडीओ मनीष कुमार, मुखिया बीजूल देवी, पंचायत समिति सदस्य राम टहल गुप्ता, बीस सूत्री अध्यक्ष राम भरोस यादव ने संयुक्त रूप से किया. बीडीओ ने विभाग वार लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर संबंधित विभागों के कर्मियों को आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया. शिविर के माध्यम से डीएलएओ वैभव कुमार सिंह ने जेएसएलपीएस समूह बेलखोरी के सदस्यों के बीच 25 लाख रुपये का चेक वितरण किया. बीडीओ ने कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध छात्रों के बीच साइकिल एवं लाभुकों के बीच पेंशन सर्टिफिकेट का वितरण किया. वहीं विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त लगभग आवेदनों को ऑन द स्पॉट निष्पादित किया गया, जिसमें सार्वजन पेंशन योजना, साइकिल वितरण, जॉब कार्ड, धोती साड़ी के अलावा स्वास्थ्य जांच, पशु दवा, जाति प्रमाण पत्र का निष्पादन किया गया.

कार्यक्रम में सहयोग नहीं करने वाले डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा

मयूरहंड (चतरा)। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सहयोग नहीं करने वाले डीलर के विरुद्ध बीडीओ मनीष कुमार ने निलंबन की कार्रवाई करने को लेकर उपायुक्त को पत्र लिखा है. बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि सोकी पंचायत में सरकार की महत्वाकांक्षी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें ढेबादेरी डीलर अनुज्ञप्ति संख्या 01/01 विनोद कुमार मेहता द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया गया. इसके कारण दर्जनों लाभुकों को महत्वाकांक्षी योजना से वंचित रहना पड़ा. उनके कर्तव्य हीनता को देखते हुए उपयुक्त को पत्र प्रेषित कर कार्रवाई के लिए अनुशंसा की गई है.

युवाओं को रोजगार नहीं, तो सरकार नहीं : विद्यार्थी मोर्चा

संवाददाता। चतरा

भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के बैनर तले भारतीय विद्यार्थी मोर्चा, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ, भारतीय बेरोजगार मोर्चा, भारतीय विद्यार्थी छात्रा प्रकोष्ठ द्वारा झारखंड राज्य का 5वां राज्य अधिवेशन कार्तिक उरांव मेमोरियल उच्च विद्यालय, उटा मोड़, चतरा में ई. सौम्या रंजन की अध्यक्षता में हुआ.

इसमें वक्ताओं ने युवाओं के मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए. कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, जिससे बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार हो रहे हैं. बेरोजगारी का दंश झेल रहे छात्र आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं. युवा, छात्र, महिला के साथ शिक्षण संस्थान भी सुरक्षित नही हैं. व्याभिचार, दुराचार के साथ उत्पीड़न की घटनाएं लगातार विकराल रूप धारण कर रही हैं. किसी सरकार का ध्यान युवा बेरोजगारी, नियोजन नीति, तथा विद्यार्थियों की समस्या पर नहीं है. स्कालरशिप भी समय पर नहीं मिलती है. इस प्रकार गैर बराबरी व ब्राह्मणवादी व्यवस्था के खिलाफ राष्ट्रव्यापी संगठन का निर्माण कर जन आंदोलन करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थी एवं बेरोजगार युवा मजबूर हैं. कार्यक्रम का उद्घाटन डा.शोभा कुजूर ने किया, जबकि मुख्य अतिथि दुलार ठाकुर (प्रो. चतरा कालेज) उपस्थित रहे. संचालन सुभद्रा विरुआ ने किया.

पुलिस अधीक्षक ने जागरूकता और एलईडी वाहन को किया रवाना

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

संवाददाता। रामगढ़

नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु मंगलवार को को छावनी परिषद फुटबॉल मैदान में जिला स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन रामगढ़ पुलिस द्वारा किया जाएगा. कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार जिला समाहरणालय परिसर से जागरूकता व एलईडी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

एसपी ने सभी जिले वासियों से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी किसी भी तरह की समस्या को सीधा पुलिस प्रशासन के समक्ष रखने की अपील की. उन्होंने अपने आस-पड़ोस में भी लोगों को 10 सितंबर को आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के प्रति जानकारी देने की अपील की. जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, डालसा के अधिकारी, पैरा लीगल वालंटियर आदि उपस्थित रहेंगे. इस दौरान नागरिकों की शिकायतों/समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा. वहीं व्यक्ति अपनी समस्याओं, ऑनलाइन फ्रॉड, डायल 112 के तहत कोई अपील/सहायता, क्षेत्र में अड्डेबाजी, ड्रग्स की स्मगलिंग, ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री, किसी क्षेत्र में अफीम की खेती, डायन कुप्रथा, मानव तस्करी, गुमशुदा, घरेलू हिंसा आदि मामलों में शिकायत व आवेदन दे सकते हैं. लंबित मामलों आदि को लेकर भी शिकायत व आवेदन दे सकते हैं. आवेदन को त्वरित निष्पादित करने यथा संभव जल्द से जल्द निष्पादित करने का प्रयास किया जाएगा.

बैंड प्रतियोगिता में कस्तूरबा विद्यालय बना जिला चैंपियन

संवाददाता। रामगढ़

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में खेलो झारखंड अंतर्गत गांधी मेमोरियल 2 उच्च विद्यालय परिसर में बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कैथा, गांधी मैमोरियल 2 उच्च विद्यालय रामगढ़, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय मांडू और पतरातु ने भाग लिया. सभी विद्यालयों की बालिकाओं की टीम ने अलग अलग धुन पर अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया. कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कैथा की टीम ने शानदार बैंड का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया. दूसरे स्थान पर केजीबीभी मांडू और तीसरे स्थान पर केजीबीभी पतरातू की टीम रही. सिख रेजिमेंट सेंटर से आए निर्णायकों ने बच्चो का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों के बच्चों की बैंड प्रतियोगिता देखकर बहुत ही खुशी हो रही है. विजेता टीमों को सम्मानित किया गया. विजेता टीम राज्य बैंड प्रतियोगिता में रामगढ़ ज़िला का प्रतिनिधत्व करेगी. मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभात आनंद कुल्लू, शिक्षक बलविंदर सिंह, कमरुद्दीन अंसारी, शेखर कुमार, दीपक सिंह, मिथिलेश रविदास आदि मौजूद थे.

अपराध एक महीने में पैसा डबल करने वाला लाखों का चूना लगा कर फरार

कहीं नौकरी, तो कहीं पैसा डबल करने के नाम पर ठगी

- महिलाओं ने थाने में आवेदन देकर न्याय की लगाई गुहार

संवाददाता। हजारीबाग

जिले में इन दिनों ठगी का खेल खूब चल रहा है. कहीं नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी जा रही है, तो कहीं एक महीने में पैसा डबल करने की बात कह कर चूना लगाया जा रहा है. अब तक सैकड़ों लोग ठगी का शिकार हो चुके हैं, जिनमें ज्यादातर गांव की महिलाएं शामिल हैं. बता दें कि रविवार को शहर के दीपू गढा स्थित एक घर में लगभग 200 महिलाएं अपना डबल पैसा लेने के लिए पहुंची, लेकिन वहां ठगी करने वाला नहीं मिला. इसके बाद महिलाओं ने सोमवार को कोर्रा थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. हालांकि इस संबंध में कोर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि महिलाएं थाने आई थीं, लेकिन उन्होंने कोई आवेदन अब तक नहीं दिया है और न ही ठगी का कोई सबूत दिया है.

इस संबंध में भुक्तभोगी महिलाओं ने बताया कि चतरा जिले का एक युवक ने एएससी नामक कंपनी के नाम पर एक महीने में पैसा डबल करने के लिए आया था और उसने तरह-तरह के प्रलोभन देकर हम लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर ली. जब डबल करने का समय आया तो वह भाग गया. इसी सिलसिले में उसके दिए गए पते पर रविवार को गए थे, लेकिन वह वहां से वह फरार था. थाने में ठगी करने वाले युवक के विरुद्ध आवेदन दिया गया है. वहीं मदन प्रसाद मेहता ने बताया कि उसने भी 30 हजार रुपये डबल करने के लिए दिये थे. इसके अलावा उसने जितेंद्र से 67 हजार रुपये, रेखा देवी से एक लाख, 22 हजार रुपये, दिगंबर से 1 लाख, 11 हजार रुपये, सुनीता से 1 लाख, 40 हजार रुपये, आकाश कुमार से 74 हजार रुपये, शीला देवी से 71 हजार रुपये, मंजू देवी से 50 हजार रुपये, रीता देवी से 80 हजार रुपये, ममता देवी से 1 लाख, 71 हजार रुपये ठग लिए है.

सैकड़ों लोग ठगी का शिकार हो चुके हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं.

कई स्तर पर चल रहा ठगी का खेल

इधर, चार दिन पहले नौकरी दिलाने के नाम पर कथित तौर पर एक बड़े बैंक के उच्च अधिकारी द्वारा शहर के सैकड़ों छात्रों से मोटी रकम लेकर फरार होने का मामला समाजसेवी सह भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद ने सोशल मीडिया पर साझा किया था. वहीं अब कई कोचिंग संस्थान भी इसी ठगी के खेल में शामिल हो गए हैं. विद्यार्थियों को पहले अपने कोचिंग संस्थान में बुलाते हैं और फिर नौकरी दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम ऐंठते हैं.

हमारी आत्मा का ही स्वभाव है धर्म : सुयश सागर

धर्म-कर्म

- महापर्व दसलक्षण का दूसरा दिन उत्तम मार्दव धर्म पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

संवाददाता। हजारीबाग

परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज एवं छुल्लक श्री 105 श्रेय सागर जी महाराज के सानिध्य में दस दिनों तक चलने वाले महापर्व दसलक्षण का दूसरा दिन उत्तम मार्दव धर्म पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. रविवार को उत्तम क्षमा पर्व दसलक्षण के पहले दिन कई स्रावकों ने एकदिवसीय उपवास किया और कई ने दस दिवसीय उपवास का व्रत धारण किया. दस दिनों के तप साधना से ओतप्रोत दस लक्षण महापर्व में सुबह से ही पूजा, आराधना, विधान आदि की धार्मिक क्रियाएं शहर के दोनों जैन मंदिरों में हो रहे हैं. साथ ही केसरिया लिबास में स्त्री और पुरुष वर्ग बड़े ही मनमोहक अंदाज में पूजन अभिषेक करते नजर आ रहे हैं. दिगंबर जैन भवन बड़ा बाजार में भी सामूहिक कलश, अभिषेक, शांति धारा और विधान के कार्यक्रम हो रहें हैं. ग्वालियर से आए मुन्ना लाल जी पंडित जी और भोपाल से प्रदीप जी संगीतकार के युगल प्रयास से सभी श्रावक गण भक्ति रस में डूबे नजर आ रहे हैं. प्रातः 5.00 बजे से 5.45 बजे तक अग्नि ध्यान मुनि श्री के सानिध्य में हुआ. प्रातः5.45 से अभिषेक एवं शांति धारा बड़ा बाजार दिगंबर जैन भवन ऊपर तल्ले में तत्पश्चात प्रातः 6:30 से शांति धारा दिगंबर जैन मंदिर बडम बाजार में हुआ. प्रातः 7:15 से 9:00 तक दसलक्षण विधान एवं पूजन का कार्यक्रम हुआ. प्रातः 9:00 से 10:00 तक मुनि श्री का प्रवचन हुआ.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष पुरातत्व शक्ति में कमी होगा. समय सामान्य है. किसी कार्य के पहले सोच विचार कर करें. कार्य व्यवसाय व नौकरी में रुकावटें होंगी, पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. गायत्री मंत्र का जाप करें.

वृष दिन चिड़चिड़ा वाला होगा पर व्यापार में लाभ होगा. आय का मार्ग खुलेगा. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं. इतर का दान करें.

मिथुन लाभ में कमी होने की संभावना है. समय सामान्य है. संतान की शिक्षा में सुधार होगा. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

कर्क लग्न का मालिक नीच है. कामकाज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रखना होगा. नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. किसी बड़ा जोखिम उठाने से पहले विचार करें.

सिंह किसी महिला से विवाद हो सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. शुभफलों की प्रधानता रहेगी. अपनों के साथ विवाद से दूर रहें. मंदिर में जल की सेवा दें.

कन्या समय अनुकूल है, पर रुखे व्यवहार से बनी बनायी बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. आपके कार्य और प्रभाव से कामकाज सामान्य रहेगा. परीक्षा व प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं.

तुला आय के लिए दिन अच्छा है. कामकाज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते हैं. परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते हैं.

वृश्चिक समय लाभ का मौका देगा. बस कार्य पर ध्यान दें. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती हैं. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है.

धनु खर्च में वृद्धि होने से मन खिन्न होगा. विदेशी मेहमान से लाभ होगा. स्वास्थ्य और शिक्षा में खर्च अधिक होगा, पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. खर्चे में बढ़ोत्तरी होगी. खान-पान पर ध्यान दें.

मकर समय शुभ है. योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. काला वस्तु दान कर शनि को खुश करें.

कुंभ जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में ना पड़े. आलस्य का त्याग करें. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

मीन धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने का संभावना है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए.

राज्यपाल ने बाबा मंदिर में की पूजा-अर्चना

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोमवार को देवघर पहुंचे. वहां उन्होंने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की. उन्होंने बाबा भोलेनाथ से समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की.

चतरा के मजदूर की सड़क दुर्घटना में हैदराबाद में मौत, मचा हड़कंप

चतरा । जिले के एक मजदूर की सड़क दुर्घटना में हैदराबाद में मौत हो गई है. घटना रविवार रात की है. दुर्घटना में एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गया है. राज्य के उद्योग एव श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने इस घटना पर शोक जताया है. मजदूर का शव उसके पैतृक गांव लाने के लिए श्रम अधीक्षक चतरा को निर्देश दिया है. चतरा जिले के पत्थलगडा प्रखंड क्षेत्र के अनगड़ा गांव निवासी धनेश्वर यादव की मौत हैदराबाद में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने की खबर सुनकर मंत्री ने गहरा शोक व्यक्त किया. इस दुर्घटना में उसके साथी अनगड़ा गांव के ही झमन यादव गंभीर रूप से घायल हो गई है.

बगैर दलालों से मिले काम नहीं हो पा रहा परिवहन कार्यालय में

सिमडेगा । सिमडेगा बगैर दलालों से मिले परिवहन विभाग में कोई भी काम करा लेना बहुत बड़ी बात होगी. इसी वजह से परिवहन कार्यालय में काम करने के लिए दलाल को ही खोजते हैं और परिवहन विभाग में दलाल हावी है. दलालों से मिलने के बाद बड़ा से बड़ा काम भी आसानी से बगैर परेशान हुए सहज हो जाता है जबकि पदाधिकारी से मामूली जान पहचान पर यदि मोटरसाइकिल का एचपी हाइपोथिकेशन हटवाने के लिए भी महीने भर कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है और तब भी कार्यालय में रकम दिए बगैर काम करा लेना संभव नहीं हो पता है.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दीर्घायु हों, देश को है उनकी जरूरत, कांग्रेस के 14 और झामुमो के तीन विधायक संपर्क में

झारखंड में कांग्रेस और झामुमो के कई विधायक मेरे संपर्क में : हिमंता

संवाददाता। रांची

असम के सीएम सह झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी सोमवार को रांची पहुंचते ही राजनीतिक गलियारों में सनसनी फैला दी. उन्होंनें एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि में संपर्क में हमेशा कांग्रेस के 12 से 14 और झामुमो के दो से तीन विधायक संपर्क में रहते हैं. फिर कहा कि सभी को ले लेंगे तो पार्टी के लोग ही नाराज हो जाएंगे. पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान जरूरी है. हेमंत सोरेन के बयान कि विपक्ष उन्हें फांसी पर लटकाना चाहता है, के जवाब में हिमंता ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन

दीर्घायु हों, देश को उनकी जरूरत है.

भाजपा सिर्फ घुसपैठ रोकने को कह रही : हिमंता ने कहा कि भाजपा सिर्फ हेमंत सोरेन से घुसपैठ रोकने को कह रही है. घुसपैठ का मुद्दा इसलिए उठा रहे कि पाकुड़ में पहले हिंदू विधायक चुन कर आते थे, अब मुस्लिम विधायक बनते हैं. पाकुड़ डीसी से भी बदलती डेमोग्राफी के बारे में पूछा गया है. भाजपा उत्पाद सिपाही दौड़ में जान गंवाने वाले युवाओं के परिजन के लिए सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये मुआवजा की मांग कर रही है. पूर्व मंत्री बंधु तिर्की द्वारा लगाए गए आरोप पर कहा कि वीडियो कॉल पर बंधु तिर्की से कभी बात नहीं हुई. उनकी बेटी मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एयरपोर्ट पर मिली थी, तब हाय-हैलो हुआ था. असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा का रांची एयरपोर्ट पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद दीपक प्रकाश, सहित कई भाजपा नेताओं से उनका स्वागत किया.

कोल्हान के तीन पार्टी विधायकों पर सरकार रख रही पैनी नजर!

- हर दो-दो घंटे पर भेजी जा रही लोकेशन व मिलनेवालों की जानकारी

शैलेश सिंह। किरीबुरु

झारखंड सरकार कोल्हान के अपने तीन विधायकों की गतिविधियों पर निरंतर नजर रखे हुए हैं. सरकार को यह डर सता रहा है कि कहीं ये विधायक झामुमो को छोड़ भाजपा का दामन न थाम लें. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर आ रहे हैं. उनके दौरे के मद्देनजर सरकार की यह परेशानी बढ़ गई है. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने के बाद से ही ऐसी चर्चा व अफवाहें निरंतर फैल रही है कि चंपाई के करीबी कुछ झामुमो विधायक पाला बदल सकते हैं. सरकार के खुफिया विभाग के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार झारखंड पुलिस के उच्च अधिकारी के निर्देश पर कोल्हान के तीन विधायकों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है. इनमें से एक सरायकेला-खरसावां और दो पश्चिम सिंहभूम जिले के हैं. इन तीनों विधायक का लोकेशन व उनसे मिलने वाले लोगों की जानकारी हर दो-दो घंटे पर उच्च अधिकारी को भेजी जा रही है. उल्लेखनीय है कि खरसावां के विधायक दशरथ गागराई भी विगत रविवार गुवा में शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा मंच से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सामने अपने भाषण में बार-बार कहते रहे की हम मरना पसंद करेंगे लेकिन भाजपा में कभी जाना पसंद नहीं करेंगे. हम झामुमो के सच्चा कार्यकर्ता व शिबू सोरेन हमारे आराध्य हैं. भले हम चुनाव में हार जाएं लेकिन झामुमो नहीं छोडेंगे.

10 सितंबर को होगा ट्रायल, रेलवे ने जारी किया समयसारिणी

16 से चलेगी कोडरमा के रास्ते टाटा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस

संवाददाता। कोडरमा

भारतीय रेलवे ने 15 सितंबर से चलने वाली प्रस्तावित टाटा-पटना-टाटा वंदेभारत एक्सप्रेस का नंबर जारी कर दिया है. इसके साथ इसके समय और ठहराव को भी जारी कर दिया गया. रेलवे के द्वारा जारी समय के अनुसार यह ट्रेन आवागमन के क्रम में 450 किलोमीटर की दूरी 7.15 घंटे में तय करेगी. इस ट्रेन में कुल आठ कोच होंगे. ट्रेन का 10 सितंबर को टाटा से पटना ट्रायल होगा. टाटा से पटना आवागमन के क्रम में इस ट्रेन का ठहराव 6 स्टेशनों पर दिया गया है. इनमें मूरी, बोकारो स्टील सिटी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस (गोमो), पारसनाथ, कोडरमा और गया स्टेशन होगा. हालांकि, तकनीकी स्टॉपेज राजबेडा भी होगा.

15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टाटानगर स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन का शुभारंभ करेंगे. ट्रेन टाटानगर स्टेशन से 15 सितंबर को कितने बजे रवाना होगी यह अभी तय

नहीं है लेकिन रेलवे सूत्रों के अनुसार 16 सितंबर से वह जारी में टाइम टेबल के अनुसार चलेगी.

20893 होगा इस ट्रेन का नंबर : टाटा-पटना के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस का नंबर 20893 होगा जबकि पटना से टाटा के बीच चलने वाली इस ट्रेन का नंबर 20894 होगा. आने-जाने के क्रम में इस ट्रेन का एवरेज स्पीड 62 किलोमीटर प्रतिघंटा होगा. यह ट्रेन टाटा से गोमो के बीच 110 किलोमीटर प्रति घंटा के स्पीड से चल सकती है जबकि गोमो से कोडरमा, गया के बीच 130 किलोमीटर के स्पीड से चल सकती है. वहीं, गया - पटना के बीच यह ट्रेन 110 किलोमीटर प्रतिघंटा के स्पीड से चलेगी.

टाटा से पटना तक समय सारणी

सुबह 5.30 बजे खुलेगी टाटानगर से, मुरी-आगमन सुबह 7.13 बजे प्रस्थान सुबह 7.15, बोकारो स्टील सिटी- सुबह 8.08 बजे, 8.10 बजे, नेताजी सुभाष चंद्र गोमो स्टेशन-सुबह 8.53 बजे, 8.55 बजे, पारसनाथ-सुबह 9.05 बजे, 09.07 बजे, कोडरमा- सुबह 9.53 बजे, 9.55 बजे, गया- सुबह 11.05 बजे, 11.10 बजे, पटना- दोपहर 12.45 बजे पहुंचेगी. वापसी में दोपहर 2.15 बजे पटना से प्रस्थान करेगी, गया- दोपहर 3.30 बजे, 3.40बजे, कोडरमा- शाम 4.38, 4.40 बजे, पारसनाथ- शाम 5.43, 5.45 बजे, नेताजी सुभाष चंद्रबोस गोमो स्टेशन- शाम 5.48 बजे, 6.00 बजे, बोकारो स्टील सिटी- शाम 6.45 बजे, शाम 6.47, मुरी- शाम 7.23 बजे, 7.25 बजे, टाटानगर- रात 9.30 बजे पहुंचेगी.

जेडीयू महासचिव व देवघर जिला प्रवक्ता राजद में शामिल

संवाददाता। रांची

प्रदेश राजद कार्यालय में प्रदेश जेडीयू महासचिव बबिता राव पटेल व देवघर जिला प्रवक्ता जयंत पटेल ने राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में सोमवार को राजद में शामिल होकर सदस्यता ग्रहण की. मौके पर पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह यादव, अनीता यादव, प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, गिरधारी गोप, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, चंद्रिका यादव, फैजुल हक, नवल किशोर यादव, जमीरुद्दीन अंसारी, धनंजय पासवान, सूरज सिंह, केदार यादव, रामप्रवेश यादव, रामकुमार यादव, डॉ तुलसी महतो ने बुके देकर राजद में शामिल बबीता पटेल व जयंत पटेल ने बधाई दी. महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि राजद में शामिल बबिता पटेल व जयंत पटेल को शुभकामनाएं दी और कहा कि राजद का संगठन प्रतिदिन मजबूत हो रहा है. आगामी विधानसभा चुनाव में राजद मजबूती से चुनाव लड़ेगा.

आवासीय ग्रामीण खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

ग्रामीण क्षेत्र से खिलाड़ियों को उभरना हमारा मकसद : शंभू

संवाददाता। रामगढ़

सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र अंतर्गत सीएसआर गतिविधियों के तहत आयोजित 15 दिवसीय आवासीय ग्रामीण खेल प्रशिक्षण शिविर (कबड्डी) का समापन सोमवार को हुआ. इस दौरान खिलाड़ियों के बीच ट्रैक सूट, जर्सी, जूते, मोजे, स्टील पानी की बोतलें, हैंड टॉवेल और किट बैग का वितरण कर किया गया, जिससे बच्चे बेहद उत्साहित और खुश नजर आए. शिविर का मुख्य उद्देश्य कमांड क्षेत्र के किशोर व युवा खिलाड़ियों को निखारना और उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था. वहीं, शिविर में भाग लेने वाले 100 से अधिक खिलाड़ियों में से 24 प्रतिभागियों का चयन एक ट्रायल के माध्यम से किया गया. इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित सीसीएल के स्टाफ अधिकारी (उत्खनन) शंभू रजक ने कहा कि इस प्रकार के खेल न केवल खिलाड़ियों के शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं. वहीं, सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने कहा कि रजरप्पा क्षेत्र में यह खेल शिविर सीसीएल की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल है. हमारा प्रयास है कि ऐसे शिविरों के माध्यम से बच्चों को खेलों के प्रति रुचि और समर्पण के साथ-साथ अनुशासन का भी पाठ पढ़ाया जाए. इस दौरान सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. मौके पर कार्मिक अधिकारी उदय शेखर, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

मुंबई और बेंगलुरू के लिए हुए रवाना

कल्याण गुरुकुल खूंटी के 26 छात्रों को मिली नौकरी

संवाददाता। खूंटी

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजति, अल्पसंख्यक और पिछड़ी जाति कल्याण विभाग झारखंड सरकार और प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल खूंटी के 26 छात्रों को सोमवार संस्थान परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन कर दिल्ली और बेंगलुरू के लिए रवाना किया गया. इन 26 छात्रों को शोभा लिमिटेड में नौकरी मिली है. 17 लोगों को बेंगलुरू और नौ छात्रों को दिल्ली में जॉब लगा है. प्रधानाचार्य किशोर चंद्र मोहंती उन्हें शहरी झंडी दिखाकर और शुभकामना देकर विदा किया. उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजति, अल्पसंख्यक और पिछड़ी जाति कल्याण विभाग झारखंड सरकार और प्रेझा फ़ाउंडेशन द्वारा पूरे झारखंड में 28 कल्याण गुरुकुल एवं आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज एवं एक आईटीआई कॉलेज का संचालन किया जा रहा है.

इसी कड़ी में सोमवार को मल्टी स्किल कल्याण गुरुकुल खूंटी के प्रधानाचार्य किशोर चंद्र मोहंती ने कहा कि कि झारखंड के दूर-दराज क्षेत्र में रहने वाले लड़के-लड़कियों को गरीबी चक्र से बाहर निकालकर, आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर जीवन शैली एवं सुरक्षित रोजगार देने के लिए झारखंड सरकार के मार्गदर्शन में कल्याण गुरुकुल एक नया आयाम लिख रहा है. इस मौके पर सीनियर प्रिंसिपल किशोर चंद्र मोहती, प्रदीप कुमार विश्वास, पिंटू कुमार प्रसाद, चंदन कुमार, वेद प्रकाश,रमेश चंद्र जेना और मोहमद आलमगीर मौजूद थे.

झारखंड जनाधिकार महासभा के निशाने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष

खास बातें

- आज राजभवन के समीप होगा महाजुटान
- सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक होगा प्रदर्शन

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड जनाधिकार महासभा ने सत्ता पक्ष और विपक्ष को निशाने पर लिया है. भाजपा भगाओ और हेमंत सरकार जनमुद्दों पर वादा निभाओ के नारे के साथ राजभवन के समीप विशाल प्रदर्शन किया जाएगा. झारखंड जनाधिकार महासभा के बैनर तले 10 सितंबर को राज्यभर के विभिन्न संगठनों का राजभवन के समीप महाजुटान होगा. महासभा की ओर से कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा लगातार राज्य सरकार को गिराने और सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश होती रही है. वहीं हेमंत सरकार ने भी जनमुद्दों से जुड़े कई वादों को पूरा नहीं किया है.

जनाधिकार महासभा की ये हैं प्रमुख मांगें

- झारखंड भूमि अधिग्रहण अधिनियम को रद्द करने
- भूमि बैंक को रद्द करना
- पेसा नियमावली को अधिसूचित करना
- दलित को जाति प्रमाण पत्र और भूमि पट्टा देना
- मध्याह्न भोजन के तहत हर दिन अंडा देना
- लंबे समय से जेल में बंद विचाराधीन कैदियों को रिहा करना
- ईचा-खरकई डैम, लुगुबुरू पावर प्लांट सहित जनविरोधी प्रोजेक्ट को रद्द करना
- व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर लंबित वन पट्टा का वितरण करना

पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी आज से करेंगे प्रतिज्ञा यात्रा

संवाददाता। पलामू

पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने 10 से एक अक्टूबर तक प्रतिज्ञा यात्रा करेंगे. इस सिलसिले में त्रिपाठी ने सोमवार को परिसदन में पत्रकारों को जानकारी दी. पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने बताया कि 10 सितंबर से कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रतिज्ञा यात्रा का शुभारंभ होगा और एक अक्टूबर को इसका समापन होगा. मेदिनीनगर सदर प्रखंड के सिंगरा से इसकी शुरूआत होगी. त्रिपाठी ने कहा कि पदयात्रा की प्रतिज्ञा बताते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ से 10 युवाओं को नौकरी, जेएसएलपीएस महिला समूह को व्यवसाय के लिए एक लाख वित्तीय सहायता, कोयल, औरंगा, अमानत एवं सुकरी नदी को मलय नदी से जोड़ते हुए सैकड़ों नालों को बांधकर लिफ्ट एरिगेशन के माध्यम से किसानों को सिंचाई की उचित व्यवस्था, पलामू जिले में दिल्ली की तर्ज पर सुपर स्पेशलिस्ट हास्पिटल का निर्माण, कोयल नदी को बांधकर पेयजल की व्यवस्था, खासमहाल जमीन पर मालिकाना हक एवं मुफ्त बालू की उचित व्यवस्था कराना है.

उन्होंने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि के द्वारा उनके कार्यकाल में एक भी बड़े कार्य नहीं किये गए हैं. जो भी बड़े कार्य हुए हैं वे हमारी सरकार के द्वारा कराई गई है. विधानसभा चुनाव के बाद जब हमारी सरकार बनती है तो शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई की व्यवस्था को सुदृढ़ होगी. पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भोला पाण्डेय, मिथलेश सिंह, मनोज सिंह, जीशान खान समेत कई कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे.

पेज एक का शेष...

सावधान रहिएगा : हेमंत

भाजपा ने मुझे परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी : हेमंत ने कहा 4 साल सरकार परेशान रही. एक तो कोरोना ने 2 साल परेशान किया और उसके बाद 2 साल हमारे विरोधियों (बीजेपी) ने परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ा. मझे जेल में डाल दिया, लेकिन ये आपलोगों का आशीर्वाद है कि मुझे ज्यादा दिनों तक जेल में नहीं रख पाये. कहा कि ये सरकार व्यापारियों की सरकार नहीं है. ये सरकार झारखंडियों की मूलवासियों की सरकार है, क्योंकि ये सरकार रांची से नहीं बल्कि गांव से चलती है. सरकार बनने के बाद कई चुनौतियों से लड़ने के बाद भी हमने लगातार यहां के मूलवासी, यहां के आदिवासी, दलित पिछड़ा, अल्पसंख्यक सभी के लिए काम किया.

मुफ्त में कनेक्शन देकर सिलिंडर का दाम बढ़ा दिया : उन्होंने कहा कि हमलोग अपना हक अधिकार मांगते हैं तो बीजेपी की सरकार लाठी-पुलिस-जेल का काम करती है. राज्य का बकाया देने में इनका पसीना छूटता है. गरीबों को पेंशन देने का पैसा इनके पास नहीं है, लेकिन इनके व्यापारी साथियों का करोड़ों करोड़ रुपया माफ करने के लिए पैसा है. चंद लोगों के मुट्ठी में इस देश की अर्थव्यवस्था सिमट कर रह गई है. आज महंगाई आसमान पर है. इनलोगों ने मुफ्त का सिलिंडर बांटा. बाद में 1200 का सिलिंडर लाभुकों के सामने लाकर पटक दिया. आज उस सिलिंडर की क्या हालत है, जाकर गांव में देखो.

बेटियां बोझ नही, बेटियों को शिक्षित कर बनाएं मजबूत : हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छी शिक्षा व्यवस्था पर फोकस करते हुए सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना एवं गुरुजी क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है. कहा कि अब बेटियां बोझ नहीं है बल्कि आप सभी से निवेदन है कि आप अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा जरूर दिलाएं. अब राज्य की बेटियों की पढ़ाई-लिखाई, शादी-विवाह सहित सभी चीजों में राज्य सरकार आपको मदद करेगी. गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के जरिए 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण बैंक द्वारा दिया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना सहित कई योजनाओं का लाभ किसान एवं गरीब वर्ग के लोगों को देने का काम किया है. कहा कि अब राज्य में वनपट्टा का वितरण डिसमिल में नहीं बल्कि एकड़ में किया जा रहा है, ताकि आप सरकारी जमीन के मालिक बन सकें.

राज्य भर में 10.21 लाख

नक्शे को समझने के लिए भाषा बड़ी बाधा : नक्शा को समझने के लिए भाषा बड़ी बाधा बन गई है. नक्शा में कैथी भाषा का प्रयोग किया गया है. झारखंड में जो कैथी के जानकार थे, वे रिटायर कर गये. अब गिने-चुने लोग ही बचे हैं. 82129 नक्शों को समझना सरकार के लिए चुनौती बन गई है. खास कर संताल परगना में कैथी भाषा के जानकार नहीं है. अगर नक्शों का शुद्धीकरण हो जाता तो 80 से 90 फीसदी विवादों का हल निकल जाता.

तैयारी कांग्रेस के संवाद कार्यक्रम में तैयार की गयी चुनावी रणनीति

कांग्रेस को कांग्रेस से ही खतरा, भाजपा से नहीं: कमलेश

संवाददाता। आदित्यपुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सोमवार को सरायकेला दौरे के क्रम में एसिया भवन पहुंचे. उन्होंने संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को एक जुटता के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी करने का आह्वान किया. मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार जिला पदाधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया. अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस भले कमजोर हुई है, लेकिन महागठबंधन में हमारी भूमिका सक्रिय है. कांग्रेस में गुटबाजी

कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ता

को खत्म करना है. कांग्रेस पार्टी को भाजपा से नहीं, बल्कि कांग्रेस से ही खतरा है. कार्यकर्ता एकजुट रहकर विधानसभा चुनाव में महागठबंधन द्वारा तय प्रत्याशी को जिताने का काम करें. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता गांव देहात छोड़ चुके हैं जिसका खामियाजा भी भुगतान पड़ता है. संगठन को मजबूत करना प्राथमिकता है. विधानसभा चुनाव में चुनाव की तैयारी के संबंध में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी 81 सीटों पर हमारी तैयारी है लेकिन महा गठबंधन दल की बैठक में कांग्रेस के खाते में कितनी सीटे आएंगे यह तय होगा.

चंपाई को हर हाल में है हराना : बलमुचू : संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार बलमुचु ने कहा भाजपा में शामिल होकर पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला के विधायक चंपाई सोरेन ने महागठबंधन दल के नेता और वोटरों के साथ धोखेबाजी की है. इस विधानसभा चुनाव में किसी भी हाल में भाजपा और चंपाई सोरेन को जीतने नहीं देना है.

मंच छोड़ कार्यकर्ताओं के बीच बैठे प्रदेश अध्यक्ष : संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मंच के बजाय कार्यकर्ताओं के बीच बैठे जो चर्चा का विषय बना. केशव महतो कमलेश ने कार्यकर्ताओं से अपील की वे कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचावे कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर रमा खालको, पूर्व विधायक जेपी पटेल ,महासचिव अजय सिंह, सरायकेला जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अंबुज कुमार, सचिव सुरेश धारी, खरसावां विधानसभा प्रभारी राकेश तिवारी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पीके मिश्रा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजमल बल्कि, महिला कांग्रेस अध्यक्ष वैजयंती बारी आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे.

सोन एवं मलय में डूबने से मासूम समेत दो की मौत

पलामू । सोन एवं मलय नदी में डूबने से चार वर्षीय बच्चे समेत दो की मौत हो गयी जबकि दो बाल-बाल बच गए. दूसरा मृतक 60 वर्षीय बुजुर्ग बताया गया है. परिजनों ने बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार कर दिया है. बताया गया है कि हुसैनाबाद के देवरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनपुरवा निवासी सरयू पासवान (60) की सोमवार सुबह सोन नदी में डूबने से मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की लेकिन मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया. इसके बाद स्थानीय मुखिया की उपस्थिति में परिजनों ने लिखित रूप से पोस्टमार्टम न कराने का आवेदन दिया.

शांति के लिए तरसता मणिपुर

मणिपुर पिछले डेढ़ साल से अशांत है. यह एक गंभीर समस्या है जिसके निदान की दिशा में ठोस पहल भी स्तर पर नहीं दिखती है. यह युद्ध का समय नहीं है. दुनिया को नसीहत देने वाली सरकार आखिर मणिपुर में हिंसा रोकने में क्यों कारगर नहीं है. मणिपुर की राज्य सरकार पर पक्षपाती होने का आरोप नया नहीं है. बावजूद वहां के मुख्यमंत्री को न तो बदला गया और न ही वहां शांति के लिए व्यापक कार्य योजना का एलान किया गया. सवाल है कि आखिर देश के एक राज्य के लोग कब तक भय के बीच रहेंगे. संसद में इस पर बहस हो चुकी है. विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री पर मणिपुर जा कर शांति के लिए संदेश देने की बात करते रहे हैं. मणिपुर में जो कुछ हो रहा है, उससे पता चलता है कि हम किस तरह संवेदना से विमुख होते जा रहे हैं. मणिपुर में पुनः हिंसा का नया रूप देखने को मिल रहा है. लगातार तीन दिन ऐसी घटनाएं हुईं, जिन्होंने चौंकाया. हैरत में डालने वाली पहली खबर यह आई कि उग्रवादियों ने पहाड़ से तराई के इलाके में ड्रोन का इस्तेमाल कर बम गिराए हैं. फिर एक पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर रॉकेट दागे गए, जिसमें एक व्यक्ति की जान गई. शनिवार को मैतेई और कूकी समुदाय के उग्रवादियों के बीच जोरदार गोलीबारी हुई, जिसमें आधा दर्जन जानें गईं. जब यह हो रहा है, सुरक्षा बल हतप्रभ इसे देख रहे हैं. कई बार ऐसा लगता है कि राज्य में उनकी कोई उपस्थिति ही नहीं है. हिंसा की शुरुआत हुए 16 महीनों से ज्यादा का समय गुजर चुका है, मगर हालात काबू में लाने के लिए प्रशासन के स्तर पर जिस पहल की अपेक्षा थी, वह सिरे से गायब है. केंद्र एन. बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री बनाए रखने पर अड़ा रहा है, जबकि सिंह की कोई साख राज्य में बची है, इसे अब वे भी नहीं मानते होंगे! बीरेन सिंह पर आरंभ में ही यह इल्जाम लगा कि वे पूरे राज्य का नेता होने की भूमिका निभाने के बजाय एक समुदाय विशेष के नेता के रूप में काम कर रहे हैं. सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी उस समुदाय में अपना आधार नहीं खोना चाहती, संभवतः यही कारण है कि उसने बीरेन सिंह पर अपना दांव लगाए रखा है. हालांकि उसकी यह रणनीति भी लोकसभा चुनाव में विफल रही, जब राज्य की दोनों सीटें भाजपा ने गंवा दी. उसके बाद यह समझना कठिन रहा है कि केंद्र की मणिपुर को लेकर समझ क्या है. इस बीच इस भ्रम की बहुत भारी कीमत मणिपुर के दोनों संघर्षरत समुदायों के लोगों को चुकानी पड़ रही है. वहां के उग्रवादियों के पास रॉकेट लॉन्चर और बम गिराने में सक्षम ड्रोन जैसे आधुनिक हथियार कहां से आ रहे हैं, यह सवाल इस समय देश को परेशान कर रहा है. मणिपुर में बनते हालात को सिर्फ वहीं तक समेट कर देखना सही नजरिया नहीं होगा. वहां की घटनाएं पूरे नॉर्थ-ईस्ट को प्रभावित कर सकती हैं, जहां हिंसा और अशांति का लंबा इतिहास रहा है.

> केंद्र एन. बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री बनाए रखने पर अड़ा रहा है, जबकि सिंह की कोई साख राज्य में बची है, इसे अब वे भी नहीं मानते होंगे! बीरेन सिंह पर आरंभ में ही यह इल्जाम लगा कि वे पूरे राज्य का नेता होने की भूमिका निभाने के बजाय एक समुदाय विशेष के नेता के रूप में काम कर रहे हैं.

सुभाषित

सुखार्थी त्यजते विद्यां विद्यार्थी त्यजते सुखम् ।
सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम् ।।

जो व्यक्ति सुख के पीछे भागता है उसे विद्या का त्याग करना पड़ता है. जिसे विद्या प्राप्त करनी है उस व्यक्ति लिए सुख का त्याग आवश्यक हो जाता है. सुख के पीछे भागने वाले को विद्या कैसे प्राप्त होगी तथा जिसको विद्या प्राप्त करनी है उसे सुख कैसे मिलेगा?

युवा शक्ति अपनी क्षमता को पहचाने

आज वैश्विक समृद्धि दौड़ में गतिशील भारत जिसकी युवा शक्ति विश्वविदित है, अपनी इसी क्षमता के बूते अंदर बाहर सशक्त दिख रहा है. हनुमान युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत हैं तो फिर किंकर्तव्यविमूढ़ता क्यों? मार्ग निकलता है, भले ही कोई सुरसा रोके खड़ी क्यों ना हो. कौशल चाहिए अन्तर्मुखी क्षमता विवेक सामर्थ्य और जीतने की स्ट्रेटजी के लिए. शौर्य और विनय साथ साथ. समस्याएं हैं तो अवसर भी हैं.

• देश-काल

अयोध्या नाथ मिश्र

गीता में श्री कृष्ण ने जीवन के यथार्थ को व्यावहारिक रूप में समझाया है. वैसे विवेकी को जो अपनी पत्नी की मर्यादा लूटे जाने के प्रयास के समय भी चुप रहा. उसे शास्त्र में जड़ कहा गया है, जो कर्तव्याकर्तव्य के मूल को न समझे. केवल अपने लक्ष्य पर तीर मारना सफलता नहीं है, किसे मारना है, क्यों मारना है, वहीं लक्ष्य क्यों है इसका विवेक भी आज के संदर्भ में आवश्यक है. श्री कृष्ण का व्यक्तित्व अपरिमेय है. उन्होंने वही किया, जो समय की मांग थी, वैश्विक चुनौती थी. जब कोई समर्थ परिवेश से असंवेदनशील हो जाए तो वह जड़ है और वही जड़ता गीता समाप्त कर देती है, निर्माण कर देती है और मनुष्य कर्तव्याकर्तव्य के भाव को समझ लेता है .तब कर्म पथ पर आगे की ओर निरंतर बढ़ते चलता है. जब मानव के समक्ष षट् ऋतुओं की जंजीरों में जकड़ी माया सुरसा मुंह लिए खड़ी है तो किसी हनुमान जैसा "पवन तनय बल पवन समाना" चाहिए . बल का पवन समान का तात्पर्य भी यहां व्यष्टि से ऊपर है. पवन संपूर्ण सृष्टि निर्माण के मूर्धन्य घटक हैं. क्षिति जल पावन गगन समीर, इन्हीं के द्वारा समस्त ब्रह्मांड की रचना होती है. इस शरीर को पिंड से मृत्यु पर्यंत कवच अधीन रखने का समर्थ पवन में ही है.

प्रदीर्घ अनुभव ने अपनी समस्त सामाजिक राष्ट्रीय कल्याणकारी चेतना से तुरंत पहचान लिया 'का चुप ठाढ़ि रहे बलवाना'. बलवान का चुप रहना शोभा नहीं देता. बलवान अर्थात निर्माण कर्ता पिंड से ब्रह्मांड का पालनहार हार कैसे चुप रहता? पवन तो होने का एहसास ही नहीं दिलाते अपितु प्राण वायु हैं. तब तक ही जीवन है, जब तक यह वायु है. जहां वायु पुत्र हो, वहां कौन सा कार्य दुर्लभ रहेगा? सीता का पता यही लगा सकता है. वृद्ध अनुभवी आंखों ने पहचाना 'अतुलित बल धामं.....दनुज बन कृशानुं. रामदूत हनुमान ने निर्णय लेने में विलंब कब किया निर्णय जब विवेक से हो तो उसमें दृढ़ निष्ठा होती है और राम कृपा का स्नेहासिक्त हर्ष का संबल भी. वे युवा हैं तो बलशाली हैं. साथ में हैं राम काज की अदम्य इच्छा शक्ति.वाटिका के वृक्षों को फल खाने के उपरांत तोड़ना एक स्ट्रेटजी थी. फिर संघर्ष करना और आखिर में बहुत आगे बढ़ जाना. अपनी लघुता के वैराट्य का प्रदर्शन. कभी सुरसा के समक्ष तो दूसरा सीता के समक्ष. और लंका दहन तो सबसे उपर. एक को समर्थ का वैशिष्ट्य बताने के लिए तो दूसरे को विश्वास जीतने के लिए. तब न हुआ 'अजर अमर गुण निधि सुत होहू'. किसे सौभाग्य प्राप्त है जगत जननी मां सीता के मुंह से अपनी समस्त नवोद्भूत चेतना के साथ पुत्रवत आशीष पाने का !अजर और अमर में एक ही पर्याप्त होता, पर नहीं जरा क्यों ? सदा जवान और गुणनिधि अर्थात समस्त गुणों के सागर. इसलिए तुलसी बाबा ने लिखा 'अतुलित बल धामं हेम शैलाभ देहं.' काया तब निर्मल हो जाती है, जब उद्देश्य लोकहित हो, पावन हो....और तब सामर्थ्य चुप नहीं बैठता.

आज वैश्विक समृद्धि दौड़ में गतिशील भारत जिसकी युवा शक्ति विश्वविदित है, अपनी इसी क्षमता के बूते अंदर बाहर सशक्त दिख रहा है. हनुमान युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत हैं तो फिर किंकर्तव्यविमूढ़ता क्यों? मार्ग निकलता है, भले ही कोई सुरसा रोके खड़ी क्यों ना हो. कौशल चाहिए अन्तर्मुखी क्षमता विवेक सामर्थ्य और जीतने की स्ट्रेटजी के लिए. शौर्य और विनय साथ साथ. समस्याएं हैं तो अवसर भी हैं. देश की युवा शक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का भंडार है, सृजन की अपूर्व क्षमता है, जिसने अपनी क्षमता को पहचाना सागर पार कर लिया और जीवन का अभीष्ट अभिलाष सीता की खोज भी कर ली, लेकिन जिन बौरी डूबन डरी रही किनारे बैठ. युवा शक्ति को अपना मार्ग बनाना होता है 'वीर भोग्या वसुंधरा '! लंकिनी, त्रिजटा और विभीषण भी इस महाभियान में आपकी प्रतीक्षा करते हैं. फिर सृजन के लिए संहार और ज्वाला से खेलना तो पड़ता ही है. साथ में विवेक.

आज भारत में तेज रफ्तार की इकोनामी है. उद्यम उद्यमिता व्यवसाय और उससे जुड़ा पराक्रम इस तेजी से बढ़ रहा है कि पांच दिनों में एक अरबपति भारत की भूमि पर पैदा हो रहा है. हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बन रहे हैं तेज अव संरचना तथा तकनीक से संबंधित स्टार्टअप की रफ्तार काफी तेज है. नई शिक्षा नीति ने सृजनशील शिक्षा एवं कौशल विकास के अनेक द्वार खोल दिए हैं. सरकारें विभिन्न योजनाओं के साथ युवा शक्ति के कदम से कदम मिला रही हैं. सहायता, समर्थन और संवर्धन दे रही हैं, ताकि वैश्विक स्तर पर हमारी समृद्ध पहचान बन सके. भारत अगर विश्व की तीसरी अर्थशक्ति, श्रम शक्ति, कौशल शक्ति, उत्पादन शक्ति, तकनीक शक्ति, विज्ञान शक्ति और अंतरिक्ष शक्ति बनने वाली है तो किसी युवा शक्ति के बल पर ही. 140 करोड़ की आबादी बहुत बड़ी बात है और वह भी तब, जब इसकी 65% आबादी के हाथ में काम करने की कूबत है.

दुनिया के जापान जैसे उन्नत देश विकसित देश के सामने कर्मशील आबादी की बहुत बड़ी चुनौती है. दूसरी ओर हमारे यहां हर हाथ को काम देने की समस्या है, पर इस समस्या का समाधान एक ही है विवेकपूर्ण स्ववृत्ति के अनुसार कौशल विकास. देश में तमाम सेक्टर ऐसे हैं, जहां कौशल की बड़ी आवश्यकता है. उलझनें हैं, राजनीति जाति-पाति, धर्म -संप्रदाय, उच्च-नीच, अगला-पिछला, अमीर-गरीब की बातें बहुत उठाएगी, कुछ स्लोगन भी दिखाई देंगे. संभव है ये शक्तियां मार्ग रोकें, लेकिन 'रामकाज कीन्हें बिना मोहि कहां विश्राम' यही अभीष्ट होना चाहिए हमारे युवा शक्ति का. अर्थात हर परिस्थिति में हमें भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त करना है. सृजन कर्ता को कुलीन कहलाने की कोई जल्दीबाजी नहीं है. ₹ कहहु कवन मैं परम कुलीना, कपि चंचल सबही विधि हीना₹ में विनय एवं पात्रता की पराकाष्ठा है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. एसके पाण्डेय

उघरहिं अंत न होइ निबाहू

कोई पाखंडी चाहे अपनी जितनी भी चतुराई का प्रयोग क्यों न कर ले, एक दिन ऐसा समय आ ही जाता है, जब उसकी सारी की सारी चतुराई धरी की धरी रह जाती है. उसके चेहरे पर से परदा हट ही जाता है. इतिहास और पुराणों में उल्लेखित कई घटनाएं इस बात की पुष्टि करती हैं. गोस्वामी तुलसीदासजी महाराज कहते हैं कि भले और बुरे दोनों संसार में हैं. जैसे पाप और पुण्य, फूल और कांटा, देवता और राक्षस, तम और प्रकाश आदि. सबको ब्रह्माजी ने ही उत्पन्न किया है. वेदों ने इनके गुण और दोष की विवेचना की है. बिना गुण और दोष जाने यह निश्चय करना कठिन हो जाता कि किसके साथ जाना है और किसके साथ नहीं जाना है. कभी-कभी भले और बुरे में पहचान कर पाना बहुत ही मुश्किल हो जाता है. यदि कोई बुरा व्यक्ति भले व्यक्ति का स्वांग करे तो उसे सहसा कोई थोड़े पहचान सकता है. पहचानने में समय लगता है. समय भले ही लगे, लेकिन एक न एक दिन यह भेद खुल जाता है. जैसे मान लीजिए कोई अपना मित्र नहीं है. फिर भी वह मित्रता का स्वांग करता रहता है. आरंभ में हम भले ही उसे अपना मित्र-हितैषी मान लें. लेकिन वह दिन आ ही जाता है जब हमें पता चल जाता है कि यह मित्रता नहीं थी सिर्फ स्वांग था. लेकिन तब तक बहुत देर हो जाती है. इसलिए ही सावधानी की जरूरत होती है. यदि कोई भला है, अच्छा है लेकिन उसकी वेशभूषा ठीक नहीं है. आकर्षक नहीं है. अथवा उसकी अच्छाई सामने नहीं आ रही है तो हो सकता है आरंभ में लोग उसे सही न समझें. लेकिन एक दिन उसकी साधुता की विजय होती है. उसे जरूर सम्मान मिलता है. ठीक ऐसे ही यदि कोई बुरा है, अच्छा नहीं है, लेकिन वह लोगों को प्रभावित कर ले जाता है. लोगों को मिला लेता है. अपने को भला और अच्छा दिखाता है तो आरंभ में भले ही वह प्रशंसा का पात्र बन जाए. लोग उसे न समझ सकें. लेकिन एक दिन उसका भेद खुल ही जाता है. गोस्वामी जी कहते हैं कि जिसके पास साधुता है उसे सम्मान मिलता ही है लेकिन जो असाधु होकर भी साधुता का ढोंग करता है उसका ढोंग एक न एक दिन उजागर हो ही जाता है. इसी तरह से हर रहस्य का एक न एक दिन खुलासा होता ही है. खासकर ऐसे रहस्य का जिसके बल पर कोई अनैतिक कार्य किया जाता है और दूसरों को सताया जाता है- उघरहिं अंत न होइ निबाहू. कालनेमि जिमि रावन राहू.

आत्महत्याओं के सिलसिले को रोकने की जरूरत

• समाज

रंजीत पवार

दुनिया में कहीं और की अपेक्षा भारत में लोग अधिक आत्महत्या कर रहे हैं. वर्ष 2016 में भारत में प्रति एक लाख लोगों पर आत्महत्या की दर 16.5 रही, जबकि वैश्विक औसत 10.5 थी. यहां सवाल स्वाभाविक है कि लोगों को अपनी जान लेने की तरफ क्या चीज़ धकेलती है? क्या आत्महत्या की व्याधि एक व्यक्तिगत घटना है या हमारी सामाजिक, प्रशासनिक, आर्थिक, शैक्षणिक और धार्मिक व्यवस्था को आगे आकर इसकी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए? मानसिक रोग, ड्रग्स की लत, तलाक, असफल प्रेम संबंध, यौन हिंसा, दिवालियापन, शैक्षणिक विफलता, बेरोज़गारी और गरीबी खुदकुशी करने के मुख्य कारण हैं. इनके अलावा दक्षिण एशियाई देशों में एक और वजह है : समाज में इज्जत को ठेस. भारत में उच्च आत्महत्या दर की वजहों की, विशेषकर समाज के कुछ खास वर्गों में, जांच की जानी चाहिए. विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2024 में भारत को 143 देशों में 126वां स्थान मिला है, यह पड़ोस के पाकिस्तान और नेपाल से भी नीचे है. तो भारत में इतने सारे लोग दुखी क्यों हैं? सामान्य कारकों के अलावा, भारत में आत्महत्या के ग्राफ में एक अजीब सी समानता भी है- युवा, निम्न आय वर्ग, किसान और महिलाओं में आत्महत्या की दर ज्यादा है.15 से 29 आयु वर्ग, जो भारत की जनसंख्या का 53.7 प्रतिशत है, उसमें मौत के कारणों में आत्महत्याओं का हिस्सा काफी अधिक है. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2020 रिपोर्ट बताती है, उस साल हर दिन 35 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की. इस वर्ष कोटा में अब तक 13 छात्र यह अतिशयी कदम उठा चुके हैं, जबकि पिछले साल देश के इस कोचिंग के गढ़ में 26 छात्रों ने खुदकुशी की थी. गला-काट प्रतिस्पर्धा, उच्च प्रदर्शन का दबाव और असफलता का डर जिसको कभी-कभी माता-पिता का अधीर रवैया भी हवा देता है- युवा मानस के लिए इनको संभालना बहुत मुश्किल हो सकता है. नौकरी के चाहवान बहुत हैं और नौकरियां अत्यंत कम. लगभग 10 प्रतिशत भारतीय युवा बेरोजगार, नाखुश, चिंतित हैं और उनके पास अपनी रोजमर्रा की जरूरतें तक पूरा करने के लिए संसाधन नहीं हैं. रोजगार के मामले में महिलाएं पुरुषों से काफी पीछे हैं. बहुत बड़ी संख्या में नौकरी के चाहवानों के लिए न सिर्फ नौकरियां बहुत कम हैं, बल्कि निष्पक्ष और योग्यता आधारित भर्तियों की भी कमी है, जिससे आक्रोश और अरुचि उत्पन्न होती है. राजस्थान लोक सेवा आयोग के पेपर लीक और परिणामों में हेराफेरी को लेकर चल रही कानूनी कार्रवाई के कारण पिछले चार वर्षों में कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ी हैं. अन्य राज्य भी इसी किस्म की स्थिति से त्रस्त हैं. आत्महत्या से होने वाली मौतों में दो तिहाई हिस्सा न्यूनतम आय वर्ग के लोगों का है. इसके अलावा, वर्ष 2022 में किसानों और खेतीहर मजदूरों ने 11,290 खुदकुशी की. अपने वजूद और सुख के लिए आधारभूत आवश्यकताएं रोटी, कपड़ा और मकान हैं. नीति आयोग के अनुसार, 50 प्रतिशत भारतीयों की औसत मासिक क्रय शक्ति, क्रमशः ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में, 3094 रुपये और 4,963 रुपये हैं. ग्रामीण और शहरी आबादी के निचले 20 प्रतिशत में आने वाले लोगों के पास खुद के वास्ते और परिवार को जिंदा रखने के लिए दैनिक खर्च क्षमता महज 70-100 रुपये है. इतने कम पैसे में भोजन, कपड़ा और मकान का इंतजाम कर लेना बेहद मुश्किल है. आत्महत्या से होने वाली प्रत्येक मौत के बरक्स 200 से ज़्यादा लोग आत्महत्या करने की प्रवृत्ति और विचार पाले हुए हैं. चिंताजनक बात यह है कि वैश्विक औसत की तुलना में भारतीय महिलाओं की खुदकुशी दर दोगुनी है. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 में हर दिन औसतन 86 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए. यह संख्या असल से बहुत कम हो सकती है, क्योंकि अधिकांश पीड़ित महिलाएं लोकलाज आदि के डर से मामला दर्ज करवाने नहीं जातीं. महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा शारीरिक-मानसिक शोषण और उत्पीड़न का शिकार होता है, तिस पर व्यवस्था से सुनवाई की उम्मीद बहुत कम है. खेती से मोहभंग और शहरी जीवन की चकाचौंध से ग्रस्त होकर, ग्रामीण युवा पलायन के मौके की तलाश में रहते हैं, जिससे वे भारी संख्या में बड़े शहरों का रुख करते हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> इस वर्ष कोटा में अब तक 13 छात्र यह अतिशयी कदम उठा चुके हैं, जबकि पिछले साल देश के इस कोचिंग के गढ़ में 26 छात्रों ने खुदकुशी की थी. गला-काट प्रतिस्पर्धा, उच्च प्रदर्शन का दबाव और असफलता का डर जिसको कभी-कभी माता-पिता का अधीर रवैया भी हवा देता है- युवा मानस के लिए इनको संभालना बहुत मुश्किल हो सकता है.

सियासी उदासीनता के बीच विधान सभा चुनाव

• चुनाव

अरविंद मोहन

महत्वपूर्ण विधान सभाओं की कौन कहे, हैदराबाद समेत कई नगर निगमों का चुनाव, त्रिपुरा जैसे छोटे राज्य का चुनाव और एक एक उपचुनाव को महाभारत बनाकर लड़ने वाली नरेंद्र मोदी-अमित शाह की जोड़ी बहुप्रतीक्षित जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव और दिल्ली से लगे हरियाणा विधानसभा का चुनाव क्यों इस तरह 'बेमन' से लड़ रही है, यह गंभीर राजनैतिक चर्चा का विषय होना चाहिए. ऐसा सिर्फ़ दो राज्यों के चलते या एक जगह भाजपा को अपनी सरकार के लिए जनादेश लेने का प्रयास करने भर के लिए ही नहीं है. जम्मू-कश्मीर का चुनाव देश, दुनिया, हमारी दीर्घकालिक राजनीति और संघ-भाजपा के अब तक चली कश्मीर नीति की परीक्षा के हिसाब से काफी महत्व का है. इस पर दुनिया की नज़र टिकी हुई है, क्योंकि धारा 370 की समाप्ति के बाद यह पहला चुनाव है. लोकसभा चुनाव ने भी लोगों का मन बताने का काम किया, लेकिन उसमें हुए उत्साहजनक मतदान ने कई चीजों को छुपा लिया. अच्छा मतदान निश्चित रूप से जम्मू-कश्मीर की ही नहीं, किसी भी इलाक़े की राजनैतिक समस्याओं को निपटाने का सबसे मज़बूत आधार देता है, लेकिन दस साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव स्वशासन के बारे में लोगों की राय लेकर आएंगे और इतना बड़ा कदम उठाने वाली मोदी सरकार लोगों की नज़र में पास हुई या फेल, यह संदेश भी आएगा. मोदी और शाह की भाजपा ने लोकसभा चुनाव को भी इस इलाक़े में जिस तरह लड़ा था, वह कोई बहुत उत्साह नहीं जगाता था. जम्मू-कश्मीर से ही निकालकर अलग केंद्रशासित प्रदेश बने लद्दाख में भी भाजपा का प्रदर्शन चिंताजनक था, लेकिन घाटी में चुनाव लड़ने के नाम पर तो भाजपा के हाथ-पांव सुन्न पड़ने लगे थे. उसने लोकसभा चुनाव में ही सहयोगी क्षेत्रीय दल और मज़बूत निर्दलीय तलाशने शुरू कर दिए थे. इस बीच कांग्रेस से गुलाम नबी आज़ाद जैसे दिग्गज को तोड़ना, उनकी नई पार्टी बनवाना, जम्मू और कश्मीर इलाक़े में विधानसभा सीटों के पुनर्गठन का काम पूरा कराना, बनगूजरों समेत नए समूहों को आरक्षण देना, सेना के बल पर शांति बनाए रखना और कथित विकास योजनाओं पर गंभीरता से काम करना (हालांकि भाजपा ने धारा 370 हटाते समय जिस निवेश की बाढ़ और घाटी को स्वर्ग बनाने की बात कही थी, वह कहीं नहीं दिखी) जैसी तैयारियां भी चलती रहीं, लेकिन जैसे ही चुनाव घोषित हुए जम्मू और कश्मीर में भाजपा की कमजोरियां छुप न पाईं. अब चार सौ पार के शोर और फिर भाजपा की सीटों में भारी कमी आने जैसे हंगामों ने जम्मू और कश्मीर में उसके प्रदर्शन की बाहर ज़्यादा चर्चा नहीं होने दी, लेकिन भाजपा के लोगों को अपनी जमीन का एहसास हो गया था. पर एक एक सीट और एक एक उम्मीदवार के लिए जान लगाने वाले अमित शाह और मोदी की टोली जिस तरह से इस बार का विधानसभा चुनाव लड़ रही है, वह काफी लोगों को हैरान करता है. एक तो जम्मू-कश्मीर के साथ हरियाणा का चुनाव भर कराया गया, जबकि पिछली बार महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव साथ हुए थे. इस इलाके से उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती भी चुनाव हार गई थीं, लेकिन वे दोनों और उनकी पार्टियां ताल ठोंक रही हैं. बूढ़े फारूख अब्दुल्ला भी खुद को जवान कह रहे हैं, लेकिन मैदान छोड़ती सिर्फ भाजपा नज़र आती है. उसे तो अपना इंचार्ज चुनने और टिकट बांटने में (जम्मू क्षेत्र में भी) भारी संकट उठाना पड़ा. शुरू से उसके लोग (और मीडिया में उनका समर्थक हिस्सा) क्षेत्रीय दलों और निर्दलीयों के समर्थन से सरकार बनाने का दावा करने लगे थे, जो असल में हार कबूल करने की ध्वनि ही देता है. हरियाणा में पार्टी सत्ता में है और नायब सैनी सरकार ने कई वोट बटोरू नई योजनाएं शुरू की हैं. भाजपा के लोग विनेश फोगाट प्रकरण पर भी खुसर-फुसर अभियान चलाते रहे और गैर-जाट जातियों के ध्रुवीकरण की राजनीति भी चलाते रहे हैं. पर लगता नहीं कि किसानों, पहलवानों और अग्निवीर योजना वाले सवालों की नाराजगी कम हुई है. उल्टा यह हुआ है कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में उत्साह और ऊर्जा बढ़ती गई है और उसकी अंदरूनी फूट कम होती गई है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> मोदी और शाह की भाजपा ने लोकसभा चुनाव को भी इस इलाक़े में जिस तरह लड़ा था, वह कोई बहुत उत्साह नहीं जगाता था. जम्मू-कश्मीर से ही निकालकर अलग केंद्रशासित प्रदेश बने लद्दाख में भी भाजपा का प्रदर्शन चिंताजनक था, लेकिन घाटी में चुनाव लड़ने के नाम पर तो भाजपा के हाथ-पांव सुन्न पड़ने लगे थे.

मीडिया में अन्यत्र

कारगिल पर पाकिस्तान की आत्म स्वीकारोक्ति

जिस सच को भारत बार-बार दोहराता रहा है कि कारगिल युद्ध में पाक के सैनिकों की पूरी भूमिका रही है, उस सच को पाक सेना प्रमुख ने पच्चीस साल बाद स्वीकारा है. पाक की यह सफाई ऐसे वक्त में आई है जब भारत ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ कुछ समय पहले ही मनायी है. बीते शुक्रवार को पाक के रक्षा और शहीद दिवस के मौके पर सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर की स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं. हालांकि, मुनीर ने गोलमोल तरीके से भारत व पाक के बीच हुए युद्धों समेत कारगिल में हजारों सैनिकों के मारे जाने की बात कही. दरअसल, वर्ष 1999 के कारगिल संघर्ष को लेकर पाक के किसी शीर्ष सैन्य अधिकारी की पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है कि इस युद्ध में पाक सेना शामिल थी. अब तक पाक दलील देता रहा है कि कारगिल में कश्मीर के लिये लड़ने वाले लोग शामिल थे. हालांकि, इस साल की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कारगिल का नाम लिये बिना यह स्वीकारा था कि इस्लामाबाद ने 1999 में हुए उस समझौते का उल्लंघन किया था, जिस पर उनके व तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के हस्ताक्षर थे. यह स्वीकार्य तथ्य है कि कारगिल हमले का दुस्साहस जनरल परवेज मुशर्रफ द्वारा रची साजिश के तहत ही हुआ है. दरअसल, पाकिस्तानी सेना ने बांग्लादेश युद्ध में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने का असफल प्रयास ही किया था.बहरहाल, पाक सेना प्रमुख की कारगिल युद्ध में सेना के शामिल होने की स्वीकारोक्ति के छिपे निहितार्थ भी हो सकते हैं. मगर प्रश्न टाइमिंग को लेकर है कि आखिर क्या वजह थी जो पाक ने यह तब स्वीकारा जब भारत कारगिल विजय के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर जश्न मना चुका है. लेकिन स्पष्ट है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र सेना के शिकंजे में पूरी तरह जकड़ा हुआ है. सत्ता पर काबिज शरीफ बंधुओं पर सेना का पूरा दबदबा है. वहीं मुखर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल की सलाखों के पीछे हैं. दरअसल, पाक दुनिया को यह दिखाने का प्रयास कर सकता है कि वह अपनी अतीत की भूलों को स्वीकार रहा है और अपनी ऐतिहासिक भूलों से सबक सीखने को उत्सुक है. तभी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसी कार्यक्रम में कहा था कि पाक अपने सभी पड़ोसियों से बेहतर संबंध बनाना चाहता है. संभव है कि पाक अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एससीओ बैठक के लिये माहौल बनाने का प्रयास कर रहा हो. **(दैनिक ट्रिब्यून)**

शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

ऊंघ/ऊंच/ऊंट

वह ऊंट की ऊंची पीठ पर बैठ कर ऊंघ रहा था. वहां से लुढ़का तो सीधे नीचे आ गया और उसकी टांग टूट गयी. इस घटना के कारण पर प्रकाश डालने के लिए तीन शब्दों का प्रयोग किया गया है. पहला कारण ऊंट, दूसरा ऊंची पीठ और तीसरा ऊंघना. इन तीनों भले ही किसी एक अप्रिय घटना के कारण हों, लेकिन इनके बीच सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं है. हिंदी शब्द सागर में ऊंघ शब्द को संज्ञा स्त्रीलिंग बताया गया है. इसका मतलब है ऊंघाई, निद्रागम, झपकी, अर्धनिद्रा. इसका अकर्मक क्रिया रूप ऊंघना है, जिसका आशय है झपकी लेना, नींद में झूमना, निद्रालु होना. इस शब्दकोश में ऊंघ का एक और अर्थ बताया गया है-बैलगाड़ी के पहिए की नाभि और धुरकीली के बीच पहनाई हुई सन गेडुरी. यह इसलिए लगायी जाती है कि इसमें पहिया कसा रहे और धुरकीली की रगड़ से कटे नहीं. ऊंच तद्भव श्रेणी का विशेषण शब्द है. इसका तत्सम रूप उच्च है. मतलब ऊंचा, ऊपर उठा हुआ, बड़ा, श्रेष्ठ, उत्तम. ऊंच शब्द का विलोम है नीच और शब्दयुग्म बनता है ऊंच-नीच. मायने छोटा-बड़ा, आला-अदना. तुलसीदास जी ने कहा है-दानव देव ऊंच अरु नीचू. वहां पर ऊंच-नीच का कोई भेदभाव नहीं होता. मुहावरा है ऊंच-नीच नहीं सोचना यानी भला-बुरा न सोचना, मुहावरे का एक वाक्य प्रयोग देखने योग्य है-तुम ऊंच-नीच नहीं सोचते, यही तुम्हारी सबसे बड़ी कमजोरी है. इसका अधिकतम प्रयोग ऊंचा और नीचा के रूप में होता है. ऊंचा का मतलब जो दूर तक ऊपर की ओर उठा हुआ हो, उन्नत, बुलंद. जैसे ऊंचा पहाड़, ऊंचा मकान. इससे भी बना मुहावरा है ऊंचा-नीचा. मतलब ऊबड़-खाबड़, जो समतल न हो. उदाहरण के लिए, ऊंच नीच में बोई कियारी, जो उपजी से भई हमारी. ऊंट एक ऊंचा चौपाया जानवर है, जो विशेषकर रेगिस्तानी इलाके में सवारी और बोझ लादने के काम आता है. ऊंट किस करवट बैठता है, यह चिंता का विषय नहीं है. जरूरी है किसी का ऊंट से आदमी होना. ऊंट के मुंह में जीरा का क्या मतलब है?

इंसानों की बस्ती में तेंदुए का चकल्लस

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

इंसानों की बस्ती में तेंदुए. अब यह कोई नई और आश्चर्यजनक बात नहीं रही. वे आराम से अब यहां रहने लगे हैं. जब तबीयत होती है, किसी को भी अपना शिकार आसानी बना लेते हैं. उत्तर प्रदेश की राजधानी में वे कई बार दिखाई दिए हैं. कल की ही बात है, लखनऊ में फिर दिखा तेंदुआ. वह पास के एक गांव में पुलिया के नीचे छिपा बैठा था. सारे गांव में दहशत फ़ैल गई. इधर मध्य-प्रदेश के रायसेन जिले में पिछली रात दो अलग अलग घटनाओं में तेंदुओं के हमले में दो लोगों की मौत हो चुकी है. तेंदुए कब कहां मिल जाएं, कुछ कहा नहीं जा सकता. कभी घर के अन्दर वे टहलते हुए दिख जाते हैं तो कभी किसी बंगले में घुस आया करते हैं. सरकार और पुलिस बस कोशिश ही करती रहती है कि उन्हें किसी तरह ज़िंदा या मुर्दा पकड़ लिया जाए. जैसा कि हम सभी जानते हैं कि तेंदुआ चीते की जाति का एक हिंसक पशु है. शेर और बाघ से यह छोटा होता है, लेकिन यह अपेक्षाकृत बहुत चालाक, मौक़ा-परस्त और फुर्तीला परभक्षी है. अधिकतर तेंदुए पीली चमड़ी के होते हैं और उनपर गहरे रंग के धब्बे होते हैं, लेकिन तेंदुए की कई उपजातियां भी होती हैं. श्वेत हिम-तेंदुए तो होते ही हैं, काले रंग के तेंदुए भी देखे गए हैं. इंसानी बस्तियों में हर तरह के तेंदुए मिल जाते हैं. कभी कभी तो उन्हें पहचानना तक मुश्किल हो जाता है. इंसानों की बस्ती में पाए जाने वाले तेंदुए स्वभाव से बेशक तेंदुए ही होते हैं. वे तेंदुओं की तरह ही चालाक, मौकापरस्त और फुर्तीले होते हैं. बहुत रहस्यमय होते हैं. पर उनकी शक्ल-सूरत ठीक आदमियों जैसी ही होती है. शिकार करके अधिकतर वे दूसरी बस्तियों में भाग जाते हैं. कुछ बेहद हिम्मती भागते नहीं. जहां हैं, वहीं जमे रहते हैं. डरते नहीं, डराते रहते हैं. पैसा-प्रेमी इन तेंदुओं का शिकार ज़रूरी नहीं कोई आदमी ही बने. वे आदमियों से दोस्ती करके अक्सर बैंकों को अपना शिकार बनाते हैं. पैसा निकाल कर चम्पत हो जाते हैं. पकडाई में न आएं इसलिए राजनीतिज्ञों से सांठ-गांठ कर लेते हैं. यही कारण है कि यदि कोई तेंदुआ पकड़ भी लिया गया तो उस पर तुरंत राजनीति शुरू हो जाती है. तेंदुए सर्वव्यापी नहीं हैं. राजनीति सर्वव्यापी है. यह बात अलग है कि तेंदुए राजनीति करते हैं और राजनीति में तेंदुए हैं. तेंदुए आजकल बस्ती में हर जगह घुस आए हैं. घर घर में उनका वास है. शिक्षा और न्यायपालिकाओं तक में उन्होंने अपनी पैठ जमा ली है. कोई महकमा ऐसा नहीं रहा, जहां तेंदुओं ने घुस पैठ न कर ली हो.

गजेट्स रिव्यू : रेडमी स्मार्ट वॉच 5 एक्टिव

कम कीमत में शानदार फीचर्स वाला स्मार्टवॉच

स्मार्टवॉच धीरे-धीरे हमारी जरुरत में शुमार होता जा रहा. इसलिए कंपनियां लगातार नए फीचर्स के साथ स्मार्टवॉच ले कर आ रही हैं. रेडमी ने भी हाल ही अपनी नई स्मार्टवॉच को लॉन्च किया है. महज तीन हजार रुपए की इस स्मार्ट वॉच में बड़ी डिस्प्ले, कॉलिंग सुविधा, दमदार बैटरी जैसी कई खासियत हैं. आइए, इस स्मार्टवॉच की खासियत से हों रू-ब-रू

- **डिजाइन**

अलग डिजाइन की सबसे बड़ी खासयित है. कलाई पर यह अन्य स्मार्टवॉच से अलग और बड़ी दिखती है. रेडमी स्मार्ट वॉच 5 एक्टिव में 2 इंच का एचडी डिस्प्ले मिलता है, जो काफी बड़ा है. इसकी वजह से वॉच हाथ में बड़ी दिखती है. इसमें टीयूपी स्टैप मिलता है जो दो रंग विकल्प ब्लैक (मिडनाइट ब्लैक) एंड व्हाइट (मैट सिल्वर) में आती है.

- **डिस्प्ले**

रेडमी वॉच 5 एक्टिव में 2 इंच का एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है. एचडी रेजोल्यूशन का यह डिस्प्ले है. बेजल्स की अधिकता डिस्प्ले को कम आकर्षक बनाती है. स्क्रीन की ब्राइटनेस 500 निट्स तक की है. दिन में बाहर निकलने और कड़ी धूप में भी क्लियर नजर आता है. टॉर्च की सुविधा भी है.

- **परफॉर्मेंस**

ये हाइपर ओएस के साथ आने वाली इस स्मार्टवॉच को कनेक्ट करने के लिए आपको एमआई फिटनेस ऐप का इस्तेमाल करना होगा. इसमें ऑटोमेटिक आउटडोर एक्सरसाइज डिटेक्शन का फीचर दिया गया है. कस्टमाइज किए जा सकने वाले 200 से ज्यादा क्लाउड वॉच फेस मिलते हैं. इमोजी, कस्टमाइजेबल रिंगटोन और हिंदी लैंग्वेज का सपोर्ट अन्य फीचर्स हैं. हैल्थ ट्रैकिंग बेहतर करता है. हार्ट रेट सेंसर, एक्सलेरोमीटर और एसपीओ2 सेंसर दिए गए हैं. स्टेप काउंट्स और कैलोरी काउंट की जानकारी भी बेहतर मिलती है. ब्लूटूथ कॉलिंग का फीचर खास बनाता है. यानी वॉच से कॉलिंग भी हो सकती है. मैसेज रिप्लाई की सुविधा भी है. एलेक्सा का सपोर्ट है.

- **बैटरी लाइफ**

रेडमी वॉच 5 एक्टिव में 470 मेगाहर्ट्ज की बैटरी दी गई है. कंपनी का दावा है कि एक बार चार्ज करने पर यह 18 दिनों तक धड़ल्ले से चलेगी. इसके साथ आपको मैग्नेटिक चार्जिंग केबल मिलती है.

17 सितंबर से पितृपक्ष शुरू हो रहा है. मान्यता है कि इस अवधि में पितरों की आत्माएं पृथ्वी पर आती हैं और अपने वंशजों से जल, पिंड, और अन्न की आकांक्षा करती हैं. हैकर्स इससे पूर्व ही हमारे पितरों से जुड़ी भावनाओं को आहत कर रहे हैं और उनसे जुड़े मैसेज हम तक प्रेषित कर रहे हैं. जी हां, इन दिनों सोशल मीडिया पर 'भुतहा हैकर्स' घूम रहे हैं. ये हैकर्स ऐसे लोगों के अकाउंट को टारगेट कर रहे हैं, जो अब इस दुनिया में नहीं है. ये हैकर्स उन लोगों के अकाउंट को हैक करके उनके परिजनों को उनके नाम संदेश भेज रहे. जाहिर है मामला पूरी तरह फ्रॉड का है. हमारी भावनाओं से खेल कर वे लूट करते हैं.

पितृपक्ष से पहले आए 'भुतहा हैकर्स'

इधर पितृपक्ष के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं, उधर स्कैमर्स इस दुनिया से उठ चुके हमारे पूर्वजों के नाम घपला-घोटाले को अंजाम दे रहे हैं. जी हां, ये हैकर्स मरने के बाद भी लोगों को नहीं छोड़ रहे हैं. स्कैमर्स का नया टारगेट ही वैसे लोग हैं जो अब जीवित नहीं रहे. इस तरह के हैकर्स को घोस्ट हैकर्स या भुतहा हैकर के नाम से इन दिनों जाना जा रहा. इसके लिए हमारे आपके एक्स, फेसबुक आदि सोशल मीडिया पर नजर बनाए रखते हैं. जैसे ही हम-आप अपने किसी प्रियजन, परिजन या परिचित की मृत्यु की खबर इसमें पोस्ट करते हैं, प्रतिक्रिया देते हैं तो तुरंत ये एक्टिव हो जाते हैं.

ऐसे देते अंजाम

कोई व्यक्ति इस दुनिया में नहीं रहा, यह जानकारी प्राप्त करते ही वे उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स और दूसरे अकाउंट्स में ताक-झांक करने लगते हैं. मृतक से जुड़ी हर तरह की जानकारियां, सब तरह के डिटेल्स, डेटा एकत्र करते हैं. उसके बाद सोशल इंजीनियरिंग व अन्य तरीकों को अपना कर उनके अकाउंट में सेंधमारी करते हैं. पासवर्ड रिसेट करते हैं. इसके बाद शुरू हो जाता है इनका गंदा खेल. उस अकाउंट से स्पैम भेजकर या फिर उनकी चैट्स का फायदा उठा सकते हैं. ब्लैकमेलिंग करते हैं, मैसेज देकर पैसे मांगते हैं. या फिर ऐसे ही कोई काम करते हैं जिससे येन-केन-प्रकारेण उन्हें आर्थिक लाभ हो. मृत व्यक्तियों की पहचान चुराकर धोखाधड़ी करके उनके नाम पर क्रेडिट कार्ड, ऋण और अन्य वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए पर्याप्त व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करके प्राप्त करते हैं. ये हैकर्स दीमक की तरह हैं. एक बार जब वे एक खाते में घुस जाते हैं, तो वे हर जगह पहुंच जाते हैं, जब तक कि उन्हें रोका न जाए.

भूत हैकर्स को ऐसे रोकें

इन हैकर्स की नजर उन ऑनलाइन अकाउंट पर रहती है जिनका सक्रिय रूप से उपयोग नहीं किया जा रहा है, लेकिन उन्हें निष्क्रिय या अक्षम भी नहीं किया गया है. इसलिए, किसी अपने की मृत्यु के बाद सबसे पहले उनके सभी सोशल मीडिया और बैंक अकाउंट को निष्क्रिय कर दिया जाना चाहिए. इसके अलावा, उनके मोबाइल नंबर को बंद करना भी बेहतर होगा. चूंकि अब ऑनलाइन अधिकांश अकाउंट फ़ोन नंबरों के साथ लिंक हो गए हैं, इसलिए सेलुलर कनेक्शन को अक्षम करना एक अच्छा विकल्प है. सोशल मीडिया कंपनियां आपको किसी मृत व्यक्ति के अकाउंट को बंद करने की भी अनुमति देती हैं.

ऐसे करें सेटिंग

फेसबुक पर आप किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद किसी खाते को संभालने के लिए किसी विरासत संपर्क को नियुक्त कर सकते हैं. इस व्यक्ति के पास लॉग इन करने, आपके संदेश देखने या मित्रों को हटाने की क्षमता नहीं होगी. मोबाइल पर इसे सेट करने के लिए, नीचे दाईं ओर तीन-पंक्ति वाले मेनू आइकन पर टैप करें. सेटिंग्स और गोपनीयता पर जाएं, फिर "एकाउंट सेंटर" चुनें. उसके बाद "पर्सनल डिटेल्स" और फिर "एकाउंट ओनरशिप एंड कंट्रोल" चुनें. वहाँ से, "मेमोरियलाइजेशन" चुनें. यहां, आप अपनी मित्र सूची से अपने विरासत संपर्क का चयन कर सकते हैं. यह भी महत्वपूर्ण है कि जिस व्यक्ति का आपने इस काम के लिए चयन किया है, उसे भी उनकी इस नई भूमिका के बारे में जानकारी जरूर दें. इसके अलावा स्पष्ट कर दें कि आपके पास यह निर्दिष्ट करने का विकल्प भी है कि आप अपने निधन के बाद अपना खाता हटाना चाहते हैं या नहीं.

आईफोन यूजर्स के लिए

आईफोन यूजर्स के लिए एप्पल की लिगेसी कॉन्टैक्ट सुविधा आपको अपने एप्पल अकाउंट डेटा को प्रबंधित करने के लिए विश्वसनीय व्यक्तियों को नामित करने की अनुमति देती है. आप अपनी मृत्यु के बाद अपने अकाउंट की जानकारी को संभालने के लिए कई लिगेसी कॉन्टैक्ट नियुक्त कर सकते हैं, जिनमें से सभी की आयु कम से कम 13 वर्ष होनी चाहिए.

गूगल एकाउंट का यह सिस्टम

आप अपने गूगल खाते की सेटिंग भी समायोजित कर सकते हैं. कोई आश्चर्य नहीं कि आप चाहते हों कि आपके इस दुनिया में नहीं रहने पर कोई आपके मोबाइल से सर्च, वॉच या लोकेशन हिस्ट्री नहीं खंगाले. ये निजी जानकारियां किसी को हासिल नहीं हो. तो आपको बता दें कि गूगल डिफ़ॉल्ट रूप से 18 महीने के बाद खाते का डेटा अपने आप हटा देता है.

बैरंग वापस आया बोइंग स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट

नासा के एस्ट्रोनॉट्स सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में लेकर जाने वाला बोइंग स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट पिछले हफ्ते बैरंग पृथ्वी पर लौट आया. तकनीकी दिक्कत आने के बाद स्पेसक्राफ्ट बिना किसी एस्ट्रोनॉट्स के आया है. न्यू मैक्सिको के व्हाइट सैंड्स स्पेस हार्बर पर यह गत शनिवार को उतरा. इस घटना को पाठ बताते हुए नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम के प्रबंधक स्टीव स्टिच ने कहा कि यह अनुभव हमारे भविष्य के कदम को तय करेगा. हम स्टारलाइनर को सुरक्षित रूप से धरती पर वापस लाकर काफी खुश हैं. नासा मुख्यालय में अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर केन बोवर्सॉक्स ने भी इसकी वापसी पर प्रसन्नता जाहिर की. स्टारलाइनर के अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होने के बाद सुनीता विलियम्स ने रेडियो संदेश में कहा था कि वह अपने घर जा रहा है.

हुंडई अल्काजार फेसलिफ्ट

बोल्ड लुक और सेफ्टी फीचर्स की भरमार

हुंडई अल्काजार फेसलिफ्ट अब झारखंड की सड़कों पर भी दौड़ती नजर आएगी. साउथ कोरियन कार निर्माता कंपनी हुंडई ने पिछले दिनों भारतीय मार्केट में इसे लॉन्च कर दिया गया है. हुंडई अल्काजार फेसलिफ्ट में इस मिड-साइज एसयूवी में कंपनी ने कुछ ख़ास फीचर्स को शामिल किया है जो इसे पिछले मॉडल की तुलना में बेहतर बनाते हैं. इस SUV को 6-सीटर और 7-सीटर दोनों कॉन्फिगरेशन में पेश किया गया है. इसके पेट्रोल वेरिएंट की शुरुआती कीमत 14.99 लाख रुपये और डीजल वेरिएंट को 15.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तय की गई है.

एक्सटीरियर डिजाइन

नई अल्काजार के फ्रंट में कंपनी के लोगो के साथ एक कनेक्टेड एलईडी डीआरएल सेटअप दिया गया है. इसके नीचे एक बड़ा ग्रिल है. ग्रिल के दोनों ओर बॉक्सी एलईडी हैडलाइट्स दी गई हैं. गाड़ी के लुक को बेहद आकर्षक बनाती है इसके बंपर पर दी गई सिल्वर स्किड प्लेट. इसकी वजह से इसके रूफ रेल्स और बेहतर दिखाई देते हैं. इसमें 18-इंच के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं.

स्मार्ट फोन से खुलेगें डोर

नई अल्काजार में 70 से ज़्यादा ब्लूलिंक कनेक्टेड कार फीचर्स हैं. 270 से अधिक एम्बेडेड वीआर कमांड दी गई है जो हिंग्लिश और 135 हिंदी वॉयस कमांड के साथ आती है. पैसेंजर की सेफ्टी के लिए भी कई एडवांस फीचर्स दिए गए हैं. खास बात यह है कि गाड़ी के डोर के लॉक को आप अपने फोन या स्मार्टवॉच के जरिए अनलॉक कर सकते हैं. नई अल्काजार को चार वेरिएंट एग्जीक्यूटिव, प्रेस्टीज, प्लेटिनम और सिग्नेचर में लॉन्च किया गया है.

पिछले दिनों अंतरिक्ष से फोन कर सुनीता विलियम्स ने अपनी मां को अपनी कुशलता की सूचना दी थी. बेटी की बातें इतने दिनों बाद सुनना और खुद उससे भरोसा पाना यकीनन मां के लिए बड़ा संबल रहा होगा. लेकिन इस प्रकरण के बाद यह सवाल मन में कई लोगों के उठा कि अंतरिक्ष में तो न मोबाइल होते और न इंटरनेट. फिर भला धरती पर बात कैसे करते हैं अंतरिक्ष यात्री? आइए, आज चर्चा करें इसी जिज्ञासा पर

न मोइल टावर, न फोन केबल, न इंटरनेट...

फिर कैसे होती अंतरिक्ष से धरती पर बातें

अंतरिक्ष आज भी हमारे लिए रहस्यों से भरी दुनिया है. तमाम रिसर्च, अंतरिक्ष यात्रा, तमाम प्रयोगों और अध्ययनों के बाद भी इससे जुड़े कई सवाल पहेली से बने हुए हैं. वहां की आबोहवा, प्रकृति, माटी, जीवन, इतिहास के कई कई सवाल मन में उठते हैं. हाल ही में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर भी अंतरिक्ष में ऐसे ही कुछ सवालों के हल ढूंढने गए थे. लेकिन लंबे समय से तकनीकी कारणों से उनकी वापसी संभव नहीं हो पा रही है और अब जैसा कि नासा ने पिछले दिनों सूचना दी, अगले साल ही उनकी वापसी अब संभव है. अंतरिक्ष में फंसे रहने के बावजूद उनका संवाद लगातार पृथ्वी से जारी है. वे नासा के वैज्ञानिकों ही नहीं, बल्कि अपने परिवार वालों से भी बातचीत कर रहे हैं. इंटरनेट और मोबाइल टावर की गैर-मौजूदगी में उनकी यह कनेक्टिविटी हमें अचम्भित करती है. भला अंतरिक्ष से कैसे वे सहजता से बात कर पा रहे हैं. पिछले दिनों सुनीता विलियम्स ने पृथ्वी पर अपनी मां बोनी पांड्या से बात कर उन्हें बताया था कि वे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में ठीक हैं और जल्द ही वापस लौट लाएंगी.

- **इस तरह होती अंतरिक्ष से पृथ्वी पर बात**

इसमें कोई दो राय नहीं कि मोबाइल टॉवर, फोन केबल व इंटरनेट के अभाव में अंतरिक्ष में संचार (कम्युनिकेशन) आसान नहीं है. ऐसे में अंतरिक्ष में कम्युनिकेशन स्पेस कम्युनिकेशन एंड नैविगेशन के माध्यम से धरती पर बात की जाती है. अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर बात करने के लिए सैटेलाइट और ऑर्बिटर का प्रयोग करते हैं. इस दिशा में नासा की भूमिका बेहद प्रशंसनीय है जिसने इस पर इतना काम अब तक किया है कि फंसे यात्रियों की आवाज सुनकर धरती पर बैठे वैज्ञानिक उचित कदम उठा सके या अंतरिक्ष यात्रियों के परिजन थोड़ा सुकून हासिल कर सकें. अंतरिक्ष यात्रियों से संपर्क करने के लिए नासा का स्पेस कम्युनिकेशन एंड नैविगेशन सिस्टम काम करता है. अंतरिक्ष यात्रियों से संपर्क करने के लिए नासा के पास रिले सैटेलाइट भी हैं. इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से ट्रैकिंग एंड डेटा रिले सैटेलाइट्स (टीडीआरएस) के जरिए संपर्क होता है. ट्रैकिंग एंड डेटा रिले सैटेलाइट्स ग्राउंड सैटेलाइट को सिग्नल भेजती है. इस काम के लिए ऑर्बिटर की भी मदद ली जाती है, जो मैसेज को फॉरवर्ड करते हैं. बता दें कि नासा ने पृथ्वी के ऊपर तीन टीडीआरएस स्थापित किए हैं, जो पूरी पृथ्वी को कवर करते हैं. इनकी मदद से कभी भी अंतरिक्ष में संचार स्थापित किया जा सकता है.

जब करें ऑनलाइन शॉपिंग, रखें बस इतना ध्यान

कोरोना काल का असर कहें या हमारी बढ़ती व्यस्तता या फिर समय के साथ हमारा अधिक टेक्नोफ्रेंडली होना, ऑनलाइन शॉपिंग अब हमारा शौक नहीं, हमारी जरुरत बन गई है. पसंद के विस्तृत ऑप्शन और बजट की विविधता इसकी खासियत है. सामान पसंद नहीं आए तो बहुत सहजता से रिर्टन फैसिलिटी है और पैसे भी झटपट अकाउंट में वापस आ जाते. लेकिन सुविधा का यह सौदा कई बार बहुत असुरक्षित भी साबित होता है. आवश्यकता इस बात की है कि हम ऑनलाइन शॉपिंग करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखें.

सीओडी मंगाएं

बेहतर होगा कि हम पेमेंट के लिए बजाय अपना बैंक अकाउंट नंबर साझा करने के, सीओडी यानी कैश ऑन डिलीवरी का विकल्प अपना कर सामान मंगाएं. इससे आपको अपना बैंक डिटेल शेयर करने की ज़रूरत नहीं होगी. जब सामान घर पर पहुंच जायेगा तब ही आपको कैश पेमेंट करना होगा.

एटीएम की डिटेल्स नहीं करें सेव

ऑनलाइन शॉपिंग करते समय कभी भी पेमेंट करते समय अपने एटीएम कार्ड की डिटेल्स सेव न करें. ऐसा होता है कि ऑन लाइन शॉपिंग साइट पर कार्ड में बारे में कई तरह की सूचनाएं दिए गए फॉर्मेट में भरनी होती है. इसके बाद सेव कार्ड डिटेल का ऑप्शन आता है और यस पर टिकमार्क होता है. हम जाने-अनजाने इस पर ओके का क्लिक कर देते हैं. हमारा यह कदम कहीं से भी सुरक्षित नहीं है. इस स्टेप पर विशेष सर्तकता की दरकार है, इस विकल्प को ध्यान से देखें और नो पर क्लिक करें. इससे आपको अपना बैंक अकाउंट सेफ रखने में मदद मिलेगी.

यूआरएल पर दें ध्यान

यह बहुत अहम बात है, पर अक्सर हमारी अनदेखी हमारे अकांउट पर भारी पड़ती है. ऑनलाइन शॉपिंग जब भी करें, उस वेबसाइट के यूआरएल पर ध्यान दें. वेबसाइट के यूआरएल की शुरुआत हमेशा एचटीटीपीएस से होनी चाहिए. अगर इसकी शुरुआत एचटीटीपी से होती है तो सामान्य भाषा में बस इतना सूझ लीजिए कि यह गूगल की तरफ से सिक्योर्ड नहीं है.

पब्लिक वाई-फाई से करें तौबा

इन दिनों कई जगह फ्री पब्लिक वाईफाई उपलब्ध रहता है. यह बात गांठ बांध लीजिए कि ऑनलाइन शॉपिंग के समय कभी भी पब्लिक वाई-फाई का इस्तेमाल नहीं करें. यह सजगता बेहद जरूरी है. हैकर्स ऐसी स्थिति में आपके बैंक डिटेल्स तक आसानी से पहुंच सकते हैं.

फर्जी वेबसाइट से बचें

जब कभी वेबसाइट या ऐप से शॉपिंग करें तो उसकी वास्तविकता जरूर परखें. इन दिनों कई फर्जी वेबसाइट और ऐप हमारे सामने से गुजरते हैं और इससे फर्जीवाड़ा करने के केस भी सामने आते हैं. इसलिए हमारी कोशिश होनी चाहिए कि जो प्रोडक्ट हम खरीदने जा रहे हैं उसकी आधिकारिक वेबसाइट या ऐप का इस्तेमाल करें. या फिर किसी विश्वसनीय व जाने माने ऑनलाइन शॉपिंग साइट या ऐप से ही शॉपिंग करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

रंगारंग समारोह के साथ पेरिस पैरालंपिक का समापन

169 देशों का ध्वज

रंगारंग कार्यक्रम

अलविदा पेरिस... अब लॉस एंजेलिस में मिलेंगे

एजेंसी। पेरिस

पेरिस पैरालंपिक का रंगारंग समारोह के साथ समापन हो गया. समापन समारोह के अंतिम लम्हों में पेरिस की मेयर ने पैरालंपिक ध्वज अंतरराष्ट्रीय कमेटी के अध्यक्ष को सौंपा. इसके बाद इंटरनेशनल पैरालंपिक कमेटी के प्रमुख एंड्रयू पारसंस ने अमेरिका से पेरिस पहुंचीं लॉस एंजेलिस की महिला पदाधिकारी को मेजबानी सौंप दी. पेरिस पैरालंपिक 2024 में 169 प्रतिनिधिमंडलों ने हिस्सा लिया. इसमें आठ एथलीटों वाली एक पैरालंपिक शरणार्थी टीम भी शामिल रही. भागीदारी का पिछला रिकॉर्ड पैरालंपिक गेम्स लंदन में बना था. 2012 में हुए इस आयोजन में 164 प्रतिनिधिमंडल शरीक हुए थे. पेरिस पैरालंपिक में इरिट्रिया, किरिबाती और कोसोवो ने इतिहास में पहली बार हिस्सा लिया.

आकर्षक लेजर लाइट शो भी हुआ : पेरिस पैरालंपिक 2024 के समापन समारोह में लेजर लाइट का शो भी हुआ. इसमें दुनियाभर से आए एथलीट के योगदान की सराहना करते हुए उनकी उपलब्धि को दिखाने का यादगार प्रयास किया गया. पेरिस पैरालंपिक के समापन समारोह का स्तब्ध करने वाला एक लम्हा ऐसा भी रहा जब खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रशंसकों की भावनाओं का ज्वार भी उमड़ा. अब चार साल के बाद अमेरिकी शहर लॉस एंजेलिस में ओलंपिक और पैरालंपिक का आयोजन किया जाएगा. प्रतिभागी देशों के एथलीट बारिश के बावजूद पूरे उत्साह के साथ परेड में शामिल हुए. इंटरनेशनल पैरालंपिक कमेटी के प्रमुख एंड्रयू पारसंस ने जब पेरिस के वॉलंटियर्स और सफल आयोजन से जुड़ी देश की जनता की खेल भावना और जज्बे की सराहना की तो भावपूर्ण लम्हे में लगभग एक मिनट तक तालियां बजती रहीं. पेरिस पैरालंपिक के समापन समारोह की शुरुआत में, फ्रांसीसी गायिका सैंटा ने जॉनी हैलीडे के मशहूर गाने- विवरे पोर ले मेइलेर पेश कियाा. इस प्रदर्शन के साथ कई वीडियो क्लिप भी दिखाए गए, जिनमें पिछले तीन पैरालंपिक की यादगार तस्वीरें और भावनाओं की झलकी दिखी.

हरविंदर और स्प्रिंट रनर प्रीति पाल भारतीय दल के ध्वजवाहक बने

पेरिस पैरालंपिक के समापन समारोह में परेड के दौरान भारतीय दल की तरफ से तीरंदाज हरविंदर और स्प्रिंट रनर प्रीति पाल ध्वजवाहक बने. अब चार साल के बाद खेलों के इस महाकुंभ का आयोजन अमेरिका करेगा. फ्रांस की तरफ से मेजबानी अमेरिका को सौंपे जाने के बाद समारोह औपचारिक रूप से समाप्त हो गया. भारतीय दल ने सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदकों के साथ अपना सफर 18वें पायदान के साथ समाप्त किया. पिछली बार भारत 24वें नंबर पर रहा था.

भारत से गया था सबसे बड़ा दल

पैरालंपिक में भारतीय अभियान के लिए इस बार बड़ा दल शामिल था. भारतीय खिलाड़ियों की 84 सदस्यीय टीम के साथ 95 अधिकारी भी पेरिस गए थे. इनमें खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को देखते हुए उनके साथ जाने वाले निजी कोच और सहायक भी शामिल रहे. भारत के दल में कुल 179 सदस्य शामिल रहे. 95 अधिकारियों में से 77 अलग-अलग टीमों के अधिकारी थे. नौ दल के चिकित्सा अधिकारी और नौ अन्य दल अधिकारी भी शामिल थे.

मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी गयी

पेरिस पैरालंपिक 2024 के समापन समारोह में फ्रांस की गायिका सैंटा की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति का दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया. इसके अलावा डीजे की धुनों पर भी खिलाड़ी के साथ-साथ समारोह स्थल पर मौजूद लोगों को झूमते देखा गया. बारिश की फुहारों के बीच रेनकोट पहने लोग ऐतिहासिक और अविस्मरणीय लम्हों को अपनी स्मृतियों में कैद करने को बेताब दिखे. पेरिस पैरालंपिक के समापन समारोह में तकनीक का भी भरपूर इस्तेमाल देखा गया. फ्रांस के झंडे के रंग में आकर्षक रोशनी और आतिशबाजी की गई.

भारतीय दल के दमदार प्रदर्शन पर चोपड़ा ने दी बधाई, कहा-

आप सभी पर देश को गर्व है...

नयी दिल्ली । स्टार भारतीय जैवलिन प्लेयर नीरज चोपड़ा ने सोमवार को पेरिस पैरालिंपिक में दमदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी. भारतीय दल ने पैरालंपिक में इतिहास रचा. भारत ने अपने ऐतिहासिक पेरिस पैरालिंपिक अभियान का समापन कुल 29 पदकों के साथ किया. एक पैरांलिपक में भारत 20 पदक भी कभी नहीं जीता था, लेकिन इस पर पदकों की संख्या 29 पहुंच गई. भारतीय एथलीटों ने सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदक जीते. इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत के लिए ये सबसे ज्यादा पदक हैं.

भारत ने इससे पहले 19 पदक टोक्यो पैरालंपिक में जीते थे. 19 में से 5 गोल्ड, 8 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल थे. इस बार भारत ने तीनों ही पदकों की संख्या को बढ़ाया और नया कीर्तिमान रचा. इसी प्रदर्शन की तारीफ टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट और पेरिस ओलंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने की. नीरज चोपड़ा ने अपने एक्स अकाउंट पर भारतीय दल को बधाई देते हुए लिखा, 2024 पैरालिंपिक में टीम इंडिया का शानदार प्रदर्शन. हर प्रतिभागी और पूरे सहयोगी स्टाफ को

अपना सर्वश्रेष्ठ देने और 29 पदक लेकर घर लौटने के लिए बधाई! भारत को आप सभी पर गर्व है.

इस रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की बदौलत भारत ने प्रतियोगिता के इतिहास में 50 पदकों का आंकड़ा भी पार किया. 28 अगस्त से रविवार आठ सितंबर तक चले पैरालंपिक के 12 खेलों में भारत के 84 पैरा-एथलीटों ने तिरंगे का प्रतिनिधित्व किया. वहीं, टोक्यो 2020 में भारत ने सिर्फ 9 खेलों में हिस्सा लिया था. भारत ने पेरिस में नए खेलों मेंभी भाग लिया, जिनमें पैरासाइक्लिंग, पैरारोइंग और ब्लाइंड जूडो था. हालांकि, इनमें पदक भारत को नहीं मिले. पैरा-शूटर अवनि लेखरा दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं.

ब्रीफ खबरें

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की दूसरी जीत

हुलुनबुइर (चीन)। भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है. सोमवार को हुलुनबुइर में गए मुकाबले में भारत ने जापान को 5-1 से हरा दिया. भारत की ओर से सुखजीत सिंह ने सबसे ज्यादा दो गोल (2 और 60वें मिनट) दागे.

कोरिया ने पाकिस्तान को 2-2 से ड्रॉ पर रोका

मोकी (चीन) । एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे दिन सोमवार को कोरिया और पाकिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला. मैच के 60वें मिनट में कुछ सेकंड के अंतर पर तीन गोल हुए और कोरिया ने पाकिस्तान को 2-2 से ड्रॉ पर रोका.

श्रीलंका ने इंग्लैंड को आठ विकेट से हराया

लंदन। श्रीलंका क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को लंदन के केनिंग्टन ओवल में तीसरे टेस्ट मैच में 8 विकेट से हरा दिया है. इंग्लैंड ने इस मैच में पहली पारी में 325 रन बनाए थे. इसके जवाब में श्रीलंका ने 263 ही रन बनाए थे. यह दूसरी पारी थी, जिसने इस टेस्ट मैच का रुख बदल दिया.

फाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया

सिनर बने यूएस ओपन 2024 के चैंपियन

एजेंसी। न्यूयॉर्क

दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने यूएस ओपन 2024 का खिताब जीतकर इतिहास रचा है. वे इटली के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने यूएस ओपन मेंस सिंगल्स टाइटल जीता है. जैनिक सिनर ने फाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया और खिताबी जीत हासिल की. सिनर ने फ्रिट्ज के खिलाफ आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 6-3, 6-4 और 7-5 से हराया. सिनर का ये इस साल दूसरा ग्रैंड स्लैम था, क्योंकि उन्होंने 2024 में ही ऑस्ट्रेलियन ओपन भी जीता था. फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में भी वे पहुंचे थे.

सिनर ने फ्रिट्ज को हराकर खिताब जीतने के बाद जश्न में अपनी बाहें ऊपर उठाईं और आर्थर ऐश स्टेडियम में जयकारे गूंज उठे. भले ही घरेलू प्रशंसकों को उम्मीद थी कि फ्रिट्ज 21 साल के अमेरिकी पुरुष ग्रैंड स्लैम सूखे को खत्म करेंगे, लेकिन सिनर ने ऐसा होने नहीं दिया. टूर्नामेंट की शुरुआत में सिनर विवादों में घिरे हुए थे, क्योंकि मार्च में एनाबॉलिक एजेंट के लिए उनका दो बार डोप टेस्ट पॉजिटिव आया था, लेकिन प्रतिबंध से बच गए थे, क्योंकि एक इंडिपेंडेंट ट्रिब्यूनल ने उनके दावे

को स्वीकार कर लिया कि उनका टेस्ट इसलिए पॉजिटिव आया है, क्योंकि ये अनजाने में किसी गंदगी के कारण हुआ है.

जैनिक ने खिताबी जीत के बाद कहा, हम बस दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ते गए, अच्छे से अभ्यास करने की कोशिश की. छुट्टी के दिनों में भी खुद पर भरोसा किया जो सबसे महत्वपूर्ण है. मुझे समझ में आया, खासकर इस टूर्नामेंट में कि इस खेल में मानसिक हिस्सा कितना महत्वपूर्ण है. मैं इस अद्भुत क्षेत्र में इतने निष्पक्ष होने के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं. यह बहुत खुशी की बात थी. आपको जानकर हैरानी होगी कि फाइनल समेत जैनिक ने इस टूर्नामेंट में अमेरिका के तीन खिलाड़ियों को हराया है. 12वीं सीड फ्रिट्ज भी खिताबी दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन जैनिक ने करिश्माई खेल दिखाया.

टीम इंडिया नजमुल हसन शांतो की टीम को हल्के में नहीं लेगी

रिकॉर्ड में भारत अजेय, बांग्लादेश भी फॉर्म में

एजेंसी। नयी दिल्ली

आगामी 19 सितंबर से टीम इंडिया बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी. टीम इंडिया बीते एक महीने से ब्रेक पर है. इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की शुरुआत में सीरीज के बाद से टेस्ट मैच नहीं खेली है. उसे रेड बॉल क्रिकेट खेले हुए छह महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है. राहुल द्रविड़ की जगह गौतम गंभीर मुख्य कोच बन चुके हैं. इधर बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया. उसने न सिर्फ पाकिस्तान को पहली बार हराया बल्कि क्लीन स्वीप भी किया. भारतीय टीम अबतक टेस्ट क्रिकेट में बांग्लादेश के खिलाफ अजेय है, लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम नजमुल हसन शांतो की टीम को हल्के में नहीं लेगी. इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में विराट कोहली और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया था.

भारत-बांग्लादेश के बीच पिछला टेस्ट सीरीजभारत-बांग्लादेश के बीच पिछला टेस्ट सीरीज 2022 के अंत में खेला गया था. भारतीय टीम 2-0 से वह टेस्ट सीरीज जीती थी, लेकिन दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने उसे कड़ी टक्कर दी थी. भारतीय टीम पहला टेस्ट आसानी से जीती थी. उसने बांग्लादेश को 188 रन से हराया था. दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम 3 विकेट से जीती थी. उसने 145 का टारगेट चेज करते हुए 7 विकेट गंवा दिए थे. शुभमन गिल, केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली और ऋषभ पंत दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके थे.

बांग्लादेश ने पाकिस्तान का किया व्हाइटवॉश : पाकिस्तान को बांग्लादेश ने व्हाइटवॉश किया है. बांग्लादेश की टीम बल्लेबाजी में गहराई काफी ज्यादा है. लिटन दास नंबर 7 पर बल्लेबाजी करने आते हैं. मेहदी हसन मिराज भी बल्लेबाजी कर सकते हैं. दोनों ने दूसरे टेस्ट में टीम को 26/6 से संभाला था.

छह माह से टीम इंडिया रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेली है

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ मार्च में टेस्ट सीरीज के बाद रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेली है. विराट कोहली और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों को तो टेस्ट खेले हुए इससे भी ज्यादा वक्त हो गया है. ऋषभ पंत 20 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे. वह सड़क दुर्घटना से पहले टेस्ट में भारतीय टीम के सबसे बड़े मैच विनर रहे हैं. दलीप ट्रॉफी के फर्स्ट राउंड में शुभमन गिल, ऋषभ पंत और केएल राहुल खेलते दिखे. गिल कुछ खास नहीं कर पाए. पंत और राहुल ने दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा.

बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल.

स्पिन है भारतीय टीम की कमजोरी

इंग्लैंड की टीम भारत दौरे पर शोएब बशीर, टॉम हार्टले, शोएब बशीर और रेहान अहमद के साथ आई थी. सभी टॉप 10 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल थे. इसके अलावा जो रूट भी विकल्प थे. हार्टले और बशीर ने इसी सीरीज में डेब्यू किया था. उन्हें भारतीय परिस्थितियों का कुछ खास अंदाजा नहीं था. यहीं नहीं भारतीय टीम ने रणनीति में बदलाव भी किया. बीते कुछ समय में घरेलू सरजमीं पर टीम टर्निंग विकेट पर मैच खेलती थी. पहले सेशन से ही टर्न देखने को मिलता था. इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में ऐसा देखने को नहीं मिला. इंग्लैंड के मुकाबले बांग्लादेश के पास अच्छे स्पिनर हैं.

चेन्नई में लगेगा टीम इंडिया का कैंप, बांग्लादेश को हराने का बनेगा प्लान

एजेंसी। नयी दिल्ली

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया के ऐलान के बाद अब बारी है, तैयारियों की, जिसके लिए मिल रही जानकारी के मुताबिक 12 सितंबर से चेन्नई में कैंप लगने वाला है. मतलब ये कि इसी दिन से हेड कोच गौतम गंभीर भी अगली सीरीज को अंजाम देने के काम पर लग जाएंगे. रिपोर्ट्स के मुताबिक इस कैंप में बांग्लादेश से लोहा लेने के लिए चुने गए सारे खिलाड़ी चेन्नई में जुटेंगे. विराट कोहली के भी उस दिन तक लंदन से चेन्नई पहुंचने की खबर है. घरेलू जमीन पर हेड कोच गंभीर की पहली सीरीज

हेड कोच गौतम गंभीर का वैसे तो ये तीसरा असाइनमेंट होगा. लेकिन, घरेलू जमीन पर उनके हेड कोच बनने के बाद ये पहली सीरीज होगी. जाहिर है घर में गंभीर अपना विजयी आगाज चाहेंगे और इसके लिए वो ना सिर्फ टीम की तैयारियों को दुरुस्त करेंगे बल्कि परफेक्ट प्लान भी बनाने में जुटेंगे. भले ही बांग्लादेश ने अब तक भारत के खिलाफ कोई भी टेस्ट मैच नहीं जीता है. लेकिन, इसके बावजूद गंभीर उसे हल्के में नहीं लेंगे. ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में बांग्लादेश, पाकिस्तान को उसके घर में टेस्ट सीरीज हराकर भारत आ रही है.

5 दिन के कैंप में इन पर होगा फोकस

रिपोर्ट्स के मुताबिक चेन्नई में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया का कैंप 5 दिन चलेगा. उसके बाद टेस्ट मैच की शुरुआत हो जाएगी. कैंप में भारतीय टीम का मकसद अपनी तैयारियों को परखना और कमजोरियों को दुरुस्त करने का होगा. इसके अलावा लंबे समय से क्रिकेट से दूर रहने के बाद मैदान पर उतर रहे खिलाड़ी आपस की बॉन्डिंग और ट्यूनिंग को भी मजबूत करना चाहेंगे.

कानपुर टेस्ट के लिए सिर्फ 18 हजार टिकट की होगी बिक्री

कानपुर । 27 सितंबर से शुरू होने वाले भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच की तैयारियां तेजी से चल रही है. फिलहाल, 18,300 सीटों के लिए टिकट छापने का निर्णय लिया गया है और टिकट छपाई की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट के आधार पर सी गैलरी और ई पब्लिक गैलरी को जर्जर मानते हुए इन हिस्सों को दर्शक क्षमता में शामिल नहीं किया है. आगे चलकर दर्शकों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया जाएगा. भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेला जाएगा. मैच की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं. बाद में दर्शक क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकता है, जिसके बारे में आगे विचार किया जाएगा. टिकट बिक्री जल्द शुरू होगी. ग्रीन पार्क स्टेडियम की कुल दर्शक क्षमता 42,000 है, लेकिन सी गैलरी और ई पब्लिक गैलरी की हालत खराब होने के कारण फिलहाल इन्हें टिकट बिक्री में शामिल नहीं किया गया है.

एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने जीते सात खिताब

दीपाली थापा बनीं पहली एशियाई स्कूली चैंपियन छात्रा

एजेंसी। अल ऐन (यूएई)

भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल ऐन में चल रही एशियाई चैंपियनशिप में सात महिला खिताब जीते. युवा मुक्केबाज दीपाली थापा ने 33 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एनेलीया ऑर्डाबेक को हराया और फाइनल में यूक्रेन की लियुडमिला वासिलचेंको पर हावी होकर खिताब जीतने के लिए बेहतर तकनीक और नियंत्रण का प्रदर्शन किया. इस खिताब को जीतने के बाद दीपाली पहली स्कूली चैंपियन छात्रा बनीं. अब भारत के नाम एशियाई चैंपियनशिप में सात महिला खिताब हो गए हैं. दीपाली के अलावा भूमि ने 35 किग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान की एस्सेल जालिमबेकोवा को हराकर जीत हासिल की. वहीं, निश्चल शर्मा ने यूक्रेन की मारिया मत्सिउरा पर रणनीतिक जीत के साथ 37 किग्रा वर्ग में भारत की तालिका में इजाफा किया. राखी ने 43 किग्रा वर्ग में यूक्रेन की वेरोनिका होलब को हराकर भारत को चौथी जीत दिलाई.

शिक्षकों को ले जा रही नाव पलटी, बाल-बाल बचे शिक्षक

बेतिया के श्रीनगर थाना क्षेत्र के पाटजीरवा घाट पर सोमवार सुबह हुआ हादसा

संवाददाता । बेतिया

बेतिया के श्रीनगर थानाक्षेत्र के पाटजीरवा घाट पर सोमवार सुबह एक बड़ी नाव दुर्घटना हो गई. सुबह 8:30 बजे के आसपास, एक नाव जिसमें 15 शिक्षक और शिक्षिकाएं सवार थे, दियारा क्षेत्र के स्कूल की ओर जा रही थी. अचानक तेज नदी की धार के कारण नाव पलट गई और सवार सभी लोग नदी में गिर गए. इस हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. फिलहाल सभी का इलाज चल रहा है. इस हादसे के बाद शिक्षकों में आक्रोश उत्पन्न हो गया है. शिक्षकों ने विभाग पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इतने बड़े हादसे के बावजूद विभाग की ओर से किसी ने भी उनकी स्थिति जानने का प्रयास नहीं किया. उन्होंने आरोप लगाया कि कोई भी अधिकारी यह जांचने नहीं आया कि कितने शिक्षक डूबे और कितने सुरक्षित हैं.

सभी को ग्रामीणों ने बचाया

शिक्षकों ने बताया कि दियारा क्षेत्र के स्कूलों में पढ़ाने के लिए यही एकमात्र साधन है, और उनकी सुरक्षा के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है. उन्होंने कहा कि यह रास्ता प्रतिदिन इस्तेमाल किया जाता है और समय पर स्कूल पहुंचने के लिए सभी शिक्षक एक ही नाव पर सवार होते हैं. शिक्षकों ने विभाग से बेहतर सुरक्षा और वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था की मांग की है.

नालंदा : शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला

121 स्कूलों की मान्यता होगी रद्द

नालंदा । बिहार में शिक्षा विभाग इन दिनों सख्त है. बताया जा रहा है कि नालंदा में 121 स्कूलों की मान्यता रद्द की जा सकती है. इन सभी स्कूलों ने शिक्षा विभाग के निर्देशों का पालन नहीं किया है. ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर छात्रों की एंट्री नहीं करने पर इन स्कूलों को नोटिस भेजा गया है. दरअसल, नालंदा में कुल 639 निबंधित निजी विद्यालय संचालित हैं जिसमें से 121 निजी विद्यालयों की ओर से ई-शिक्षाकोष पर एक भी छात्र की एंट्री नहीं की गई है. ऐसे में अब नोटिस के बाद संतोषजनक जवाब नहीं पाया गया तो 121 निजी विद्यालयों की मान्यता रद्द हो सकती है. डाटा एंट्री करने को लेकर सोमवार से दो दिन का वक्त दिया गया था. कहा गया है कि बच्चों की एंट्री हो जाए नहीं तो ऐसे विद्यालयों की स्वीकृति रद्द करने की अनुशंसा कर निदेशालय को चिट्ठी भेज दी जाएगी. अभी तक 35 फीसद मात्र ही बच्चों की एंट्री की गई है. ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर डाटा एंट्री करने को लेकर प्राचार्यों को गाइडलाइन का पालन करने के लिए कहा गया है.

वंशावली बनाने आए युवक को मार डाला

जहानाबाद । जहानाबाद जिले में जहां जमीन सर्वे के दौरान एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत हो गई, जिसने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है. 55 वर्षीय अशोक सिंह, जो झारखंड के बोकारो से अपने गांव धर्मपुर आए थे, की लाश गांव में मिली. उनकी मौत से परिवार और गांव वाले सकते में हैं. मृतक के परिवार वालों का आरोप है कि अशोक सिंह की हत्या कर दी गई है. उन्हें पहले से ही धमकी मिली थी कि अगर उन्होंने वंशावली सही तरीके से नहीं बनवाई तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा. परिवार का आरोप है कि पट्टीदारों ने ही इस हत्या को अंजाम दिया है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. हालांकि, प्रथम दृष्टया मौत की वजह कीचड़ में गिरना प्रतीत हो रही है. लेकिन मृतक के शरीर पर कोई जख्म के निशान नहीं मिले हैं. परिवार के बयानों के आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है.

पटना में भाजपा नेता की गोली मार कर हत्या, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता । पटना

पटना में सोमवार सुबह भाजपा नेता को अपराधियों ने पटना सिटी के मंगल तालाब, मनोज कमलिया गेट के पास भाजपा नेता श्याम सुंदर उर्फ मुन्ना शर्मा की गोली मार कर हत्या कर दी. अपराधियों ने को सुबह 4 बजे के आसपास घटना को अंजाम दिया. खबरों के अनुसार श्याम सुंदर मनोज कमलिया गेट के पास पहुंचे ही थे कि अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी. वे वहीं गिर पड़े.

मौके पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि उन्हें सुबह छह बजे इस वारदात की सूचना मिली. परिजन श्याम सुंदर को अस्पताल ले गये थे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो गयी थी. पुलिस के अनुसार घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी की जांच पड़ताल की जा रही है.अनुसंधान जारी है

बाइक पर दो लड़के आये थे : श्याम सुंदर के एक मित्र के अनुसार वे भाजपा के पटना सिटी चौक के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष थे. बताया कि हम लोग हर दिन मंगल तालाब आकर मॉर्निंग वॉक करते हैं. सुबह हम लोग आये तो जानकारी मिली कि उनकी हत्या कर दी गयी है. उन्होंने कहा कि हमने यहां लगे कैमरे का वीडियो निकालकर देखा. इससे यह सामने आयी कि श्याम सुंदर मंदिर में दर्शन कर बाहर निकले और किसी से बात कर रहे थे. इसी दौरान बाइक पर दो लड़के आये और गले से चेन छीनने की कोशिश की. इसी के साथ सिर में गोली मारकर फरार हो गये.

जमीन विवाद में युवक को मारी गोली, मौत

सीवान । जिले के गोपालपुर में एक व्यक्ति की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतक तकी इमाम उर्फ लल्लू को सोमवार सुबह उनके घर से फोन करके बाजार में बुलाया गया. जब वह बाजार पहुंचे तो अपराधियों ने उनके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी. घटना के बाद बाजार में भगदड़ मच गई और घायल को सीवान सदर अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद परिजनों की चीख-पुकार सुनकर इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. हत्या के कारणों के बारे में पता चला है कि तकी इमाम उर्फ लल्लू का विवाद एक करोड़ रुपये की

पूर्वजों की जमीन को लेकर चल रहा था. उनकी बेटी ने बताया कि एक दिन पहले ही उन्हें उस जमीन का असली दस्तावेज मिला था, जो उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण था.

लूटपाट की नीयत से हत्या की गयी या फिर किसी ने कोई साजिश रची

पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या लूटपाट की नीयत से हत्या की गयी या फिर किसी ने कोई साजिश रची है. यह बात भी सामने आ रही है कि मृतक श्याम सुंदर के गले में चेन पड़ी हुई थी. सिर में गोली मारने वाले चेन नहीं ले गये. जानकारी के अनुसार रविवार रात श्याम सुंदर के बेटे का एक मैरिज हॉल में छेका था. इसमें कई रिश्तेदार शामिल हुए थे. कुछ रिश्तेदारों को सुबह निकलना था. इसलिए सोमवार सुबह श्याम सुंदर ऑटो के लिए मंगल तालाब के पास आये थे. इस बीच अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया.

जमीन विवाद में दो को मारी गोली, एक की मौत

घटना जिले के सहार थाना के पेरहाप गांव की है, जांच शुरू

संवाददाता । आरा

आरा में जमीन विवाद को लेकर सोमवार की सुबह दो भाइयों को बदमाशों ने गोली मार दी. घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है. घटना जिले के सहार थाना के पेरहाप गांव की है. मृतक की पहचान पेरहाप गांव निवासी कमलेश राय (50 वर्ष) के रूप में की गई है. वहीं उनके भाई मनोरंजन राय (35 वर्ष) घायल हैं. इसी साल 15 अप्रैल को मृतक कमलेश राय के 24 वर्षीय बेटे आदित्य की भी गोली मारकर हत्या की गई थी. उस वक्त कमलेश राय को भी दो गोली लगी थी, लेकिन वह बच गए थे. बेटे को चार गोली लगी थी. करीब छह महीने में परिवार में यह दूसरी हत्या है. इस घटना के बाद हड़कंप मच गया है. इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण एवं मृतक के परिजन पेरहाप मोड़ के पास शव को सड़क पर रखकर हंगामा करने लगे. हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे. हालांकि पुलिस ने मामले को समझाकर शांत कराया.

कमलेश को लेकर आरा जा रहे थे : जख्मी मनोरंजन राय ने बताया कि कमलेश को लेकर आरा जा रहे थे. इसी बीच राजदेव नगर गांव में प्रियांशु और उसके साथी ने छिप कर गोली मार दी. उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने कमलेश राय के बेटे (आदित्य) की हत्या की थी उन्हीं लोगों ने फायरिंग की है. पिछली बार कुछ लोगों की गिरफ्तारी हुई थी, लेकिन अभी भी कुछ लोग फरार हैं.

इस मामले में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पीरो अनुमंडल अंतर्गत सहार थाना के पेरहाप गांव में चचेरे भतीजे और चचेरे चाचा के बीच संपत्ति का विवाद है जो पहले से चल रहा है.

छपरा में मरीज की मौत के बाद फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

छपरा । छपरा में यूट्यूब देखकर ऑपरेशन करने वाला फर्जी डॉक्टर अजीत कुमार को गिरफ्तार हो गया है. मृतक के शव को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया था. परिजनों ने उसका दाह संस्कार कर दिया. दरअसल मढ़ौरा थाना के भुआलपुर निवासी चंदन साह का 15 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ गोलू कुमार को शरीर में पथरी की शिकायत हुई. इसके बाद वो ऑपरेशन के लिए गरखा थाना के मोतीराजपुर बाजार स्थित गणपति सेवा सदन के फर्जी डॉक्टर अजीत कुमार पूरी के पास पहुंचा, जहां ऑपरेशन के दौरान उसकी स्थिति काफी बिगड़ गई, जिस पर आनन-फानन में पटना ले जाया जा रहा था इसी क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई.

अस्थि विसर्जन कर लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

बेगूसराय । जिले के साहेबपुर कमाल थानाक्षेत्र में सोमवार को हीरा टोल जीरो माइल श्री कृष्णा सेतु के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दो मोटरसाइकिलों को कुचल दिया. दोनों युवक मुंगेर घाट पर किसी परिजन का अस्थि विसर्जन करने के लिए जा रहे थे. मृतकों की पहचान मधेपुरा के पन्नालाल शर्मा और राहुल शर्मा के रूप में की गई है. पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है.

ब्रीफ खबरें

पटना के बेऊर जेल में पुलिस ने की छापेमारी

पटना । पटना के बेऊर जेल में पुलिस ने छापेमारी की है. पुलिस छापेमारी से जेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया. दरअसल, हाल के दिनों में कई अपराधिक घटनाओं का तार जेल में बंद अपराधियों से जुड़ रहा है. जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है. पुलिस जेलों में रुटीन छापेमारी कर की है. करीब तीन घंटे तक चले इस छापेमारी के दरम्यान जेल में बंद कैदियों और बंदियों में हड़कंप मच गया. यही नहीं जेल प्रशासन ने सभी हाई सिक्युरिटी वार्डों में भी तलाशी अभियान चलाया.

गया में पुलिस गश्ती टीम से लूटी बाइक

गया । गया जिले में अपराध नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर विभिन्न थाना क्षेत्रों में डायल 112 की पुलिस टीम तैनात की गई है. चार पहिया वाहन और बाइक से डायल 112 की टीम गश्ती करती है. अब बदमाश इसी टीम को निशाना बनाने लगे हैं. बीते रविवार (08 सितंबर) की रात बाइक सवार 112 के पुलिस जवान से अज्ञात बदमाशों ने बाइक लूट ली. सरकारी पिस्टल भी लेकर फरार हो गए. हालांकि घटनास्थल से कुछ दूरी पर बाइक फेंक दी गई थी जिसे बरामद कर लिया गया है. लूटी गई पिस्टल नहीं मिली है. जवान के साथ यह घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रेलवे ओवरब्रिज के नीचे हुई है.

जहरीला मशरूम खाने से 14 लोग बीमार

बांका । बांका जिला अंतर्गत अमरपुर प्रखंड के गालिमपुर गांव में जंगली छाता (जहरीला मशरूम) की सब्जी खाने से मासूम बच्चे समेत 14 लोगों के बीमार हो जाने का मामला सामने आया है. बीमार अर्चणा देवी, सुधा देवी, डेजी देवी, मंजु देवी, रघुनंदन मंडल, बेबी देवी, सुभाष मंडल, सत्यम कुमार, अजीत कुमार, करूणा कुमारी, कोमल कुमारी, जुली कुमारी, कोमल कुमारी, निशा कुमारी का प्राथमिक उपचार किया गया है. मामले को लेकर सुभाष मंडल ने बताया कि घर के कुछ बच्चे गांव के समीप स्थित डांढ़ के पास से जंगली छाता (मशरूम) तोड़कर घर लेकर आए.

कारोबार

बजाज ग्रुप का एक और आईपीओ खुल गया

नयी दिल्ली । बजाज हाउसिंग फाइनेंस का लंबे समय से इंतजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है. सोमवार से बजाज हाउसिंग फाइनेंस का आईपीओ खुल गया है और इसको लेकर काफी समय से बज़ बना हुआ है. बजाज हाउसिंग फाइनेंस के इस आईपीओ के जरिए 6560 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है. बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड आईपीओ सोमवार से खुलकर 11 सितंबर तक खुलेगा. बजाज हाउसिंग फाइनेंस के आईपीओ के लिए 50 फीसदी कोटा संस्थागत निवेशकों के लिए रखा गया है.

चीन में हुई अडानी ग्रुप की एंट्री

नयी दिल्ली । गौतम अडानी के नेतृत्व वाला अडानी ग्रुप चीन भी पहुंच गया है. अडानी ग्रुप ने इस पड़ोसी देश में अपना कारोबार फैलाने के लिए एक सब्सिडियरी कंपनी का रजिस्ट्रेशन वहां करवाया है. इसके साथ ही अब चीन में भी अडानी ग्रुप अपनी जड़ें फैलाना शुरू करेगा. अडानी इंटरप्राइजेज की सब्सिडियरी अडानी ग्लोबल पीटीई, सिंगापुर के जरिए यह काम किया गया है. एक रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, अडानी ग्रुप ने चीन में सप्लाई चेन सोल्यूशंस और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के जरिए अपना काम शुरू करने का प्लान बनाया है.

भारत-जापान वित्तीय सहयोग बढ़ाएगा

नई दिल्ली । भारत और जापान ने वित्तीय सहयोग को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए चर्चा जारी रखने पर सहमति जताई है. वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी है. वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत-जापान वित्तीय सहयोग को और बढ़ावा देने तथा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए चर्चा जारी रखने पर सहमत हुए है. दोनों देशों के बीच ये सहमति 6 सितंबर, 2024 को टोक्यो में आयोजित दूसरा भारत और जापान वित्त संवाद के दौरान बनी. सचिव अजय सेठ ने किया, जबकि जापानी पक्ष की अगुवाई जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के वित्त उप-मंत्री अत्सुशी मिमुरा ने की.

गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश, लगातार चौथे महीने 29 टन अतिरिक्त हुआ निवेश

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार नॉर्थ अमेरिका और यूरोप में निवेश बढ़ा

एजेंसी । नई दिल्ली

अगस्त के महीने में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में एक बार फिर तेजी दर्ज की गई है. इस दौरान गोल्ड ईटीएफ में 29 टन का अतिरिक्त निवेश हुआ है. इस अतिरिक्त निवेश की वजह से अगस्त के महीने में गोल्ड ईटीएफ की होल्डिंग बढ़ कर 3,182 टन हो गई है. ये लगातार चौथा महीना है, जब निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ में अपना निवेश बढ़ाया है.

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार नॉर्थ अमेरिका और यूरोप में गोल्ड ईटीएफ में निवेश सबसे अधिक बढ़ा है. इसमें निवेश बढ़ने की वजह से इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट में भी सोने की कीमत में तेजी आई है. सोना लगातार तीसरे हफ्ते 2,500 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा है. इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट में सोने के भाव में तेजी आने की वजह से देश के सर्राफा बाजारों में भी सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है.

सोने की तरह ही चांदी में भी लगातार तेजी बनी हुई है. पिछले सप्ताह चांदी 29 डॉलर के स्तर को पार कर गया. चांदी के भाव में आई तेजी के कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी सोने के भाव में तेजी बनी हुई है. पिछले हफ्ते एमसीएक्स पर चांदी का भाव करीब 4 प्रतिशत तक चढ़ गया.

बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन के मुताबिक गोल्ड ईटीएफ में लगातार निवेश बढ़ने के पीछे एक बड़ी वजह डॉलर इंडेक्स में आई गिरावट भी है. गिरते डॉलर के कारण भी सोने को सपोर्ट मिल रहा है. इसके साथ ही मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और यूक्रेन-रूस जंग की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की मांग में तेजी आई है. इसी तरह सोलर इंडस्ट्री और इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री के कारोबार में तेजी आने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की मांग में भी बढ़ोतरी हुई है. इस वजह से गोल्ड ईटीएफ के प्रति दुनिया भर के निवेशकों का रुझान बढ़ा है.

मयंक मोहन के मुताबिक अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लेकर फैसला करने वाला है. ब्याज दरों के संबंध में फैसला आने के बाद इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट की चाल में भी बदलाव आ सकता है, जिसका असर गोल्ड ईटीएफ में होने वाले निवेश पर भी पड़ेगा.

पीएफसी, कॉनकॉर और राइट्स ने 712 करोड़ सरकार को दिए

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) और राइट्स लिमिटेड ने लाभांश किश्त के रूप में करीब 172 करोड़ रुपये दिए हैं. इन कंपनियों में पीएफसी ने करीब 601 करोड़ रुपये, कॉनकॉर ने 68 करोड़ रुपये और राइट्स लिमिटेड ने 43 करोड़ रुपये का भुगतान किया है. वित्त मंत्रालय के निवेश और लोकसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) तथा राइट्स लिमिटेड से लाभांश किश्त के रूप में क्रमशः लगभग 601 करोड़ रुपये, 68 करोड़ रुपये और 43 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं.. इस तरह कुल मिलाकर सरकार को लाभांश किश्तों के रूप में करीब 172 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं.

सोना हो गया सस्ता, चांदी के भी घट गए दाम

मुंबई । कारोबारी सप्ताह की शुरुआत के साथ ही सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है. वायदा बाजार में 9 सितंबर को सोना 150 रुपये के करीब सस्ता हुआ है. चांदी की कीमतों में भी कमी देखी जा रही है और यह कल के मुकाबले करीब 100 रुपये सस्ती हो गई है. अगर आप सोना खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो हम आपको 24 कैरेट-22 कैरेट सोने की कीमतों के बारे में जानकारी दे रहे हैं. घरेलू बाजार में सोना की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना शुक्रवार के मुकाबले 172 रुपये तक सस्ती होकर 71,254 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है. शुक्रवार को सोना वायदा बाजार में 71,426 रुपये पर बंद हुआ था. सोने के अलावा सोमवार को चांदी की कीमतों में भी कमी देखी जा रही है.

कंपनी ने बयान जारी कर दी जानकारी

अडानी ग्रीन ने 75 करोड़ डॉलर के बॉन्ड भुनाए

एजेंसी । नयी दिल्ली

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने अपने 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बॉन्ड को भुनाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है. कंपनी ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी. एजीईएल ने अपने 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बॉन्ड को जल्द भुनाने की योजना की जनवरी में घोषणा की थी. ये बॉन्ड सितंबर में परिपक्व हो रहे थे. एजीईएल उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह की अक्षय ऊर्जा कंपनी है. कंपनी ने बयान में बताया कि उसने आठ सितंबर 2024 को देय सभी बकाया 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर के 4.375 प्रतिशत होल्डको 'नोट्स'को भुना लिया है. यह वित्तपोषण कंपनी के प्रवर्तकों को 9,350 करोड़ रुपये (1.12 अरब डॉलर) के तरजीही आवंटन के तहत धनराशि प्राप्त होने के साथ पूरा हुआ. इसके अलावा, एजीईएल के प्रवर्तकों ने दिसंबर 2023 में 9,350 करोड़ रुपये की राशि के तरजीही वारंट की सदस्यता लेने पर सहमति व्यक्त की थी. जिसमें से 7,013 करोड़ रुपये (83.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समतुल्य) एजीईएल के पास किसी भी त्वरित पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं पर खर्च करने के लिए उपलब्ध होंगे. एजीईएल के पास वर्तमान में 11.2 गीगावाट का अक्षय ऊर्जा खंड है. यह भारत में सबसे बड़ा है और 12 राज्यों में फैला हुआ है.

इस सप्ताह 13 आईपीओ में निवेश करने का मौका

आठ कंपनियों के शेयर एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे

नयी दिल्ली । लंबे समय बाद एक बार फिर प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गमों (आईपीओ) की बाढ़ आ रही है. इस हफ्ते 13 आईपीओ आ रहे हैं. इसमें से चार मेनबोर्ड पर और बाकी छोटे एवं मझोले (एसएमई) प्लेटफॉर्म पर आएंगे. सभी कंपनियां कुल मिलाकर 8,644 करोड़ रुपये जुटाएंगी. आठ कंपनियों के शेयर एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे. अगस्त में कुल 17,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई गई है. मई, 2022 के बाद का किसी एक माह में रिकॉर्ड है. इस समय आईपीओ में निवेश पर अच्छा खासा फायदा मिल रहा है. मुख्य बोर्ड पर लिस्ट होने वाली कंपनियों के आईपीओ में खुदरा निवेशकों को कम-से-कम 15,000 रुपये निवेश करना होता है.

रिपोर्ट के अनुसार 75 लाख से ज्यादा की प्रॉपर्टी के लिए डेढ़ गुना बढ़ गए लोन

अब लोगों को ज्यादा पसंद आ रहे महंगे घर

एजेंसी । मुंबई

प्रीमियम व लग्जरी सेगमेंट में घरों की बिक्री लगातार बढ़ रही है. हालिया सालों में घर खरीदने के ट्रेंड में यह बदलाव साफ दिख रहा है. अब एक रिपोर्ट में होम लोन के आंकड़े इस बात की पुष्टि कर रहे हैं. होम लोन के आंकड़े बता रहे हैं कि अब लोग महंगे घरों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं. टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीते 4 सालों के दौरान कुल होम लोन में 75 लाख रुपये से महंगे घरों के लिए लोन की हिस्सेदारी डेढ़ गुना बढ़ी है. मार्च 2020 में कुल होम लोन में ऐसे महंगे घरों के होम लोन की हिस्सेदारी सिर्फ 19 फीसदी पर थी. मार्च 2024 में उनकी हिस्सेदारी टोटल होम लोन में बढ़कर 31.4 फीसदी पर पहुंच गई.

साल दर साल इस तरह बढ़ी हिस्सेदारी : रिपोर्ट के अनुसार, 75 लाख रुपये से ऊपर के मकानों का हिस्सा साल दर साल बढ़ता गया है. वित्त वर्ष 2019-20 में उनकी हिस्सेदारी जहां सिर्फ 19 फीसदी पर थी, उनका हिस्सा बढ़कर वित्त वर्ष 2020-21 में 20.6 फीसदी पर पहुंच गया. वित्त वर्ष 2021-22 में ऐसे घरों का शेयर और बढ़कर 24 फीसदी पर और वित्त वर्ष 2022-23 में 27.3 फीसदी पर पहुंच गया. नाइट फ्रैंक के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर 1 करोड़ रुपये से ऊपर की कैटेगरी को देखें तो यह घरों की कुल बिक्री में 41 फीसदी से ज्यादा योगदान दे रहा है. नाइट फ्रैंक का मानना है कि बाजार में अब स्थिरता का साफ पत चल रहा है, क्योंकि होम लोन के आवेदनों की संख्या लगातार बढ़ रही है. आंकड़े बताते हैं कि यह ट्रेंड टेंपोररी नहीं है, बल्कि टिकाऊ लग रहा है.

महंगे घरों के लोन में प्राइवेट बैंक आगे : रिपोर्ट में बताया गया है कि जहां 75 लाख रुपये से नीचे के होम लोन की कैटेगरी में सरकारी बैंकों का दबदबा है, वहीं 75 लाख रुपये से ऊपर की कैटेगरी में प्राइवेट बैंक आगे हैं. वहीं 35 लाख रुपये से भी कम की श्रेणी में हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों की अच्छी-खासी हिस्सेदारी है. यह बात सीआरआईएफ के एक रिपोर्ट के हवाले से बताई गई है.

शेयर बाजार में चार दिनों की गिरावट पर ब्रेक

सेंसेक्स 375 अंक चढ़ा, निफ्टी 24950 के पार, बैंकिंग मजबूत

एजेंसी । मुंबई

भारतीय मुख्य इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी 50 सोमवार को बैंकिंग और उपभोक्ता शेयरों में मजबूती के कारण बढ़त के साथ बंद हुए. पिछले सप्ताह के रोजगार के आंकड़ों के बाद अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बनी हुई थी. श्रम बाजार में निरंतर मंदी का संकेत मिल रहे थे. सोमवार को बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 375 अंक या 0.46% बढ़कर 81,559 पर बंद हुआ, जबकि व्यापक व्यापक बाजार एनएसई निफ्टी 84 अंक या 0.34% बढ़कर 24,936 पर बंद हुआ. एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और नेस्ले इंडिया सेंसेक्स पर सबसे ज्यादा लाभ वाले शेयर रहे, इनमें 0.5% से लेकर 3% तक की बढ़त दर्ज की गई. दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और पावर ग्रिड लाल निशान में बंद हुए. क्षेत्रीय मोर्चे पर, निफ्टी एफएमसीजी में 2% से अधिक की वृद्धि दिखी. गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स , डाबर और यूबीएल में बढ़त दर्ज की गई. निफ्टी बैंक में 1% से अधिक की वृद्धि आई. एकल शेयरों में, बजट एयरलाइन स्पाइसजेट की ओर से लगभग 137.6 मिलियन डॉलर के विमानपट्टा दायित्वों के पुनर्गठन के लिए इसके शेयर 4% से ज्यादा मजबूत होकर बंद हुए.

न्यूज अपडेट

स्कूल वाहन पलटा, दो बच्चों की मौत

फलोदी। राजस्थान के फलोदी जिले में सोमवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया. स्कूल कैंपर पलटने से 2 बच्चों की मौत हो गई और करीब 9 बच्चे घायल हो गए. घायल बच्चों को राजकीय जिला अस्पताल फलोदी में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि सभी बच्चे कैंपर में सवार होकर मरुस्थल पब्लिक स्कूल में पढ़ने जा रहे थे. वाहन का संचालन स्कूल करता था. सीएमएचओ अपनी मेडिकल टीम के साथ घायल बच्चों का इलाज कर रहे हैं. दो बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जोधपुर रेफर किया गया है.

इसराइल का सीरिया पर हमला, 16 मरे

नयी दिल्ली। इसराइल ने सीरिया के कई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं. सीरिया की सरकारी न्यूज़ एजेंसी सना के अनुसार इसमें 16 लोगों की जान गई है. सीरिया की सरकारी न्यूज़ एजेंसी सना ने स्वास्थ्य अधिकारी का हवाला देते हुए रिपोर्ट में बताया कि 36 लोग घायल हुए हैं. इसमें से छह गंभीर रूप से घायल हुए हैं. वहीं इसराइली सेना ने कहा है कि वो विदेशी मीडिया की रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं करेगी. सीरिया के विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा की है. ईरान ने इसे आपराधिक हमला करार दिया है.

दीवाली में गिर जाएगी कर्नाटक सरकार

हुबली। कर्नाटक भाजपा के नेता सीटी रवि ने कहा है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का 'टाइम फिक्स' हो गया है. उनके मुताबिक आगामी दीवाली तक सिद्दारमैया सरकार की विदाई तय है. उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं आपको एक बात बता देना चाहता हूं कि दीपावली में प्रदेश की कांग्रेस सरकार धड़ाम से गिर जाएगी. सरकार गिरने का टाइम बॉम्ब फिक्स हो गया है. अगली सरकार का मुख्यमंत्री समय आने पर निर्धारित होगा, लेकिन कांग्रेस ने सिद्दारमैया के इस्तीफे के लिए डेडलाइन निर्धारित कर दी है.

गाजा से इजरायल में दागे गए दो रॉकेट

यरूशलेम। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी से आतंकवादियों ने रविवार रात दक्षिणी इजरायली शहर अश्कलोन पर दो रॉकेट दागे. आईडीएफ ने कहा, "उत्तरी गाजा से इजरायली क्षेत्र में घुसते हुए दो मिसाइलों की पहचान हो पाई. एक मिसाइल को इंटरसेप्ट कर दिया गया, जबकि दूसरा अश्कलोन के तट से समुद्र में गिर गया. रॉकेट के शहर में प्रवेश के साथ ही चेतावनी सायरन बजने लगे थे. इस हमले में किसी के घायल होने या किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है."

ईरान के राष्ट्रपति मसूद जाएंगे इराक

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान बुधवार को तेहरान से इराक की राजधानी बगदाद के लिए रवाना होंगे. यह जुलाई के अंत में पदभार संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा होगी. शिन्हुआ ने बताया कि पेजेशकियान इस दौरान इराक के उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे. संभावना है कि दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते हो सकते हैं. इराक में ईरानी राजदूत, ने आईआरएनए को बताया कि यह यात्रा इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के निमंत्रण पर है और पेजेशकियान एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे.

राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आईसीयू में

लखनऊ। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास (86) को लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है. अस्पताल ने सोमवार को एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर बताया कि उनकी हालत गंभीर है और डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है. इससे पहले महंत नृत्य गोपाल दास का मूत्र संबंधी समस्याओं के चलते ग्वालियर में इलाज कराया गया था. आध्यात्मिक नेता कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में भाग लेने के लिए 24 अगस्त को मथुरा गए थे.

पंजाब में 2,500 डॉक्टर हड़ताल पर गए

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी शासित राज्य पंजाब में 2,500 चिकित्सकों के हड़ताल पर जाने से ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई हैं. हड़ताल पर बैठे डॉक्टर "सुनिश्चित करियर प्रगति योजना" की मांग कर रहे हैं. हालांकि, आपातकालीन और गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) के कर्मचारी हड़ताल में शामिल नहीं हैं. सरकार के साथ बातचीत नहीं बनने के बाद पंजाब सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (पीसीएमएसए) ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया.

कतर, यमन के बीच सहयोग पर चर्चा

दोहा। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी ने यमन के प्रधानमंत्री अहमद अवद बिन मुबारक के साथ बैठक की. बैठक के दौरान यमन की ताजा स्थिति पर चर्चा हुई. साथ ही द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया. कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा, 'रविवार को हुई वार्ता के दौरान कतर पीएम अल थानी (जो विदेश मंत्री भी हैं) और अहमद अवद बिन मुबारक ने द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की.

यूके में दिसंबर में होंगे पंचायत चुनाव

देहरादून। उत्तराखंड सरकार निकाय और पंचायत चुनाव दोनों की तैयारियों में पूरी तरह जुटी हुई है. सरकार ने ग्राम पंचायत में परिसीमन की पूरी तैयारी कर ली है. सभी 13 जिलों में परिसीमन का काम पूरा हो चुका है. पंचायती राज के सचिव चंद्रेश कुमार यादव ने जानकारी दी. कहा कि 2024 में होने वाले चुनावों के लिए ग्राम पंचायतों के परिसीमन और पुनर्गठन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है. इस बार कुल 50 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं और 13 ग्राम पंचायतें निरस्त की गई हैं. कुल 37 ग्राम पंचायत अस्तित्व में आई हैं.

त्रासदी : उत्तरी फू थो प्रांत में एक स्टील पुल ढहा, 10 गाड़ियां और दो बाइकें रेड नदी में गिरीं, 13 लोग लापता

वियतनाम में तूफान 'यागी' का कहर, 59 लोगों की मौत; कई लापता

एजेंसी। हनोई

वियतनाम में तूफान ''यागी'' और इसके कारण आये बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है. कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, आपदा की चपेट में आने से देश के उत्तरी क्षेत्र में 59 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं. समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने वियतनाम की एक समाचार एजेंसी के हवाले से बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण 247 लोग घायल हुए हैं. इनमें से 157 क्वांग मिन्ह प्रांत से और 40 लोग हाई फोंग शहर से हैं. आपदा में 25 मानव रहित नौकाएं और जहाज डूब गए, जिनमें से ज्यादातर मछली पकड़ने वाली नावें थीं. इस आपदा से 1,13,000 हेक्टेयर चावल के खेत और 22,000 हेक्टेयर से अधिक अन्य फसलों के खेतों को नुकसान पहुंचा.

1,90,000 पक्षी मारे गए और 1,21,700 पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए

इसके अलावा 1,90,000 पक्षी मारे गए और लगभग 1,21,700 पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए. वियतनाम के उत्तरी फू थो प्रांत में सोमवार सुबह एक स्टील पुल ढह गया, जिसके कारण 10 गाड़ियां और दो मोटरसाइकिलें रेड नदी में गिर गईं तथा 13 लोग लापता हो गए. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, काओ बांग प्रांत में भूस्खलन के कारण 21 लोगों की मौत हो गई और कई लापता हो गए. वहीं, लाओ कै प्रांत में 15 लोगों की मौत हो गई. मंत्रालय के अनुसार, टाइफून यागी पिछले 30 साल में उत्तरी वियतनाम में आया सबसे भयंकर तूफान था. यागी का जापानी में अर्थ बकरी या मकर राशि होता है. यह चीन सागर में आये चार श्रेणी 5 सुपर टाइफून में से एक है. यागी की उत्पत्ति 30 अगस्त को बने कम दबाव वाले क्षेत्र में हुई थी, जो लगभग 540 किलोमीटर की दूरी पर था. इस सिस्टम को 1 सितंबर को उष्णकटिबंधीय तूफान के रूप में वर्गीकृत किया गया और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी द्वारा यागी नाम दिया गया.

नाइजीरिया : पेट्रोल टैंकर में विस्फोट, 48 की मौत

अबुजा। नाइजीरिया के नाइजर में हाईवे पर पेट्रोल से भरे एक टैंकर में विस्फोट हो गया. विस्फोट में 48 लोगों की मौत हो गई. यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी. राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख अब्दुल्ला बाबा-आराह ने रविवार को राज्य की राजधानी मिन्ना में संवाददाताओं को बताया कि पेट्रोल से भरे टैंकर की बीदा-अगाई-लापई राजमार्ग पर मवेशियों से लदे एक ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसके कारण गैसोलीन टैंकर में विस्फोट हो गया. बाबा-आराह ने बताया कि आग की चपेट में दो अन्य वाहन भी आ गए. जिससे 48 लोगों की मौत हो गई.

नेता प्रतिपक्ष ने कहा-भारतीय राजनीति में प्रेम, सम्मान व विनम्रता का अभाव

राहुल गांधी ने अमेरिका में आरएसएस-भाजपा को घेरा

एजेंसी। डलास (टेक्सास)

नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहले अमेरिकी दौरे पर पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में प्रेम, सम्मान और विनम्रता का अभाव है और उन्होंने यह मानने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भी आलोचना की कि भारत 'एक विचार' है. राहुल गांधी ने भारत में उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वह बेरोजगारी का सामना नहीं कर रहा है जबकि भारत और अमेरिका समेत पश्चिमी देश बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं. राहुल गांधी ने टेक्सास में भारतीय समयानुसार नौ सितंबर की सुबह दो कार्यक्रमों में शिरकत की. राहुल ने भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाक़ात की और यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के एक कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं. इस दौरान राहुल गांधी बीजेपी और आरएसएस पर हमलावर रहे.

पित्रोदा ने कहा, राहुल गांधी बहुत पढ़े-लिखे और समझदार शख्स: वहीं इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के चेयरपर्सन सैम पित्रोदा ने बीते सप्ताह कहा था कि विपक्ष के नेता अमेरिका किसी आधिकारिक हैसियत से नहीं बल्कि 'व्यक्तिगत तौर' पर आ रहे हैं. राहुल गांधी ने कहा है, 'चुनाव के नतीजे आने के कुछ मिनट के अंदर ही लोगों के मन से बीजेपी और भारत के प्रधानमंत्री मोदी का डर समाप्त हो गया.' उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बहुत पढ़े-लिखे और समझदार शख्स हैं. राहुल गांधी का एजेंडा बड़े मुद्दों को सुलझाने का है. उनके पास ऐसा विजन है, जिसके लिए भाजपा करोड़ों रुपये खर्च करती है. वह पप्पू नहीं हैं बल्कि बहुत पढ़े-लिखे हैं. वह स्ट्रैटेजिस्ट है, जिनका किसी भी विषय पर गहन अध्ययन है. बता दें कि बीते लोकसभा चुनावों में बीजेपी 240 सीटें ही जीत सकी थी. हालांकि एनडीए के घटक दलों की मदद से नरेंद्र मोदी सरकार बनाने में सफल रहे थे. इन चुनावों के बाद से कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन साल 2024 के चुनावी नतीजों को अपनी बड़ी जीत बताकर पेश करता रहा है.

राहुल गांधी बेरोज़गारी पर क्या कहा

राहुल ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्सास में छात्रों के बीच दुनियाभर में बेरोज़गारी और अन्य मुद्दों पर बात की. कहा कि आज भारत में फ़ोन, फ़र्नीचर और कपड़े हर चीज़ के पीछे 'मेड इन चाइना' लिखा होता है. छात्रों के बीच राहुल गांधी ने अपनी 4 हज़ार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा पर भी बात की है. राहुल गांधी ने कहा, 'पहला सवाल जो आपने पूछा, वह यह है कि मैं चार हजार किलोमीटर पैदल क्यों चला, हमें ऐसा करने की ज़रूरत क्यों पड़ी?' "इसकी वजह यह है कि भारत में संचार के सभी रास्ते बंद थे. हमने संसद में बात की लेकिन उसका टेलीविजन पर प्रसारण नहीं हुआ. हम मीडिया के पास गए, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं सुनी. हमने कानूनी व्यवस्था के सामने दस्तावेज भी पेश किए, लेकिन कुछ नहीं हुआ. सारे रास्ते बंद हो गए और लंबे समय तक हम समझ ही नहीं पाए कि संवाद कैसे करें." राहुल बोले, 'फिर अचानक, हमें यह विचार आया कि अगर मीडिया आम लोगों तक नहीं पहुंच रहा है और संस्थाएं हमें लोगों से नहीं जोड़ रही हैं तो हम सीधा उनके पास जाएं. राहुल गांधी ने दावा किया, "इस यात्रा ने मेरे काम के बारे में सोचने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया. उस यात्रा में कई लोग शामिल थे और इसमें बिना किसी योजना के स्वाभाविक रूप से जो सबसे अच्छी चीज़ हुई वह थी राजनीति में प्रेम के विचार का परिचय. यह अजीब है क्योंकि ज़्यादातर देशों में राजनीतिक विमर्श में आपको प्रेम शब्द कभी नहीं मिलेगा. आपको नफ़रत, गुस्सा, अन्याय, भ्रष्टाचार - ये सभी शब्द मिलेंगे.'

राहुल गांधी ने और क्या कुछ कहा : राहुल गांधी ने टेक्सास में एक कार्यक्रम में कहा है, 'आरएसएस मानता है कि भारत 'एक विचार' है, जबकि हम मानते हैं कि भारत 'कई विचारों' से बना है. हम अमेरिका की तरह मानते हैं कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, सबको भागीदारी का मौक़ा मिलना चाहिए और यही लड़ाई है.' राहुल गांधी ने दावा किया है कि चुनाव के दौरान लाखों लोग इस बात को स्पष्ट तौर पर समझ रहे थे कि भारत के प्रधानमंत्री भारत के संविधान पर हमला कर रहे हैं. राहुल गांधी ने कहा, 'भारत के संविधान में भाषा, धर्म, परंपरा और जाति हर किसी के सम्मान की बात की गई है. संविधान आधुनिक भारत की बुनियाद है. चुनाव के दौरान मैंने देखा कि लोग स्पष्ट तौर पर समझ रहे थे कि बीजेपी हमारी परंपरा, भाषा, राज्य और इतिहास पर हमला कर रही है.' राहुल गांधी ने कहा, 'बीजेपी का डर समाप्त हो गया है. यह भारत के लोगों की उपलब्धि है जिन्होंने बताया कि हम भारत के संविधान पर किसी हमले को स्वीकार नहीं करेंगे.' भारतीय समुदाय से जुड़े एक कार्यक्रम में राहुल गांधी बोले, 'आप यहां मन में घृणा नहीं, सम्मान लेकर आए हैं और आप यहां हमारे दूत हैं. इसलिए आपकी एक बहुत बड़ी भूमिका है. भारत को अमेरिका की ज़रूरत है और अमेरिका को भारत की. आप अपने पुराने घर और नए घर अमेरिका के बीच पुल हैं.'

चीन का उत्पादन पर कब्ज़ा

राहुल गांधी ने कहा है कि दुनिया में हर जगह रोज़गार की समस्या नहीं है. पश्चिमी देशों में, भारत में रोज़गार की समस्या है, लेकिन चीन और वियतनाम में रोज़गार की समस्या नहीं है. राहुल गांधी ने कहा है कि साल 1940, 50 और 60 के दशक में अमेरिका वैश्विक उत्पादन का केंद्र था. अमेरिका में कार, वाशिंग मशीन, टीवी सबकुछ बनाया जाता था, लेकिन धीरे धीरे यह उत्पादन कोरिया, जापान और अब चीन में चला गया है. राहुल ने कहा है, "अगर आप आज देखें तो चीन वैश्विक उत्पादन पर हावी है. भारत में आप फोन, फर्नीचर, कपड़े देखें तो उन सभी के पीछे "मेड इन चाइना" लिखा होता है. यह एक तथ्य है." "तो क्या हुआ है? पश्चिमी देशों, अमेरिका, यूरोप और भारत ने उत्पादन के विचार को छोड़ दिया है और इसे चीन को सौंप दिया है." राहुल गांधी ने रोज़गार के संकट पर ख़ास तौर बात की है और कहा, 'उत्पादन का काम रोज़गार पैदा करता है. हम जो करते हैं, जो अमेरिका या पश्चिमी देश करता है वह उपभोग को व्यवस्थित करना है.' राहुल गांधी के मुताबिक़- भारत को उत्पादन के काम और उत्पादन को व्यवस्थित करने के बारे में सोचना होगा. विनिर्माण या उत्पादन चीनी, वियतनामी या बांग्लादेशियों का होने जा रहा है. राहुल गांधी बोले, 'बांग्लादेश अभी समस्याओं का सामना कर रहा है, लेकिन उसके बाद भी उसने वस्त्र उद्योग में हमसे पूरी तरह से प्रतिस्पर्धा की है. उन्होंने वस्त्र उद्योग में हमारा सफाया कर दिया है.' हालांकि पीएम मोदी कई मौक़ों पर ये कहते रहे हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से आगे बढ़ रही है. नई सड़कों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों और मेट्रो लाइनों का निर्माण नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीति की धुरी रहा है. हालांकि बेरोज़गारी के मुद्दे पर पीएम मोदी की अकसर आलोचना होती रही है.

राहुल गांधी के अमेरिकी दौरे पर बीजेपी की कड़ी प्रतिक्रिया, कहा- आरएसएस को जानने के लिए कई जन्म लेने पड़ेंगे

राहुल के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने कहा, "आरएसएस को जानने के लिए राहुल गांधी को कई जन्म लेने पड़ेंगे. कोई देशद्रोही आरएसएस को नहीं जान सकता. जो विदेशों में जाकर देश की निंदा करे वो आरएसएस को नहीं जान सकता. लगता है कि राहुल गांधी भारत को बदनाम करने के लिए ही विदेश जानते हैं." उन्होंने कहा, "मैं बार-बार कह रहा हूं कि राहुल गांधी इस जन्म में आरएसएस को नहीं समझ पाएंगे, क्योंकि यह संगठन भारतीय संस्कार और संस्कृति से पैदा हुआ है." वहीं अमित मालवीय ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है, "कल्पना कीजिए कि कोई राहुल गांधी का परिचय इस तरह से करा रहा हो कि वो पप्पू नहीं हैं और सैम पित्रोदा ने यह कर दिखाया है." सैम ने मई 2024 को एक इंटरव्यू में कहा था- "हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं, जहाँ पूर्व में रहने वाले लोग चाइनीज़ जैसे दिखते हैं, पश्चिम में रहने वाले अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर में रहने वाले मेरे ख़्याल से गोरे लोगों की तरह दिखते हैं, वहीं दक्षिण में रहने वाले अफ़्रीकी जैसे लगते हैं. इससे फ़र्क़ नहीं पड़ता. हम सब भाई-बहन हैं." वहीं राहुल गांधी के बयान का कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने समर्थन किया है. कहा,"हम देश को समझते हैं, आरएसएस को नहीं और ना ही हम आरएसएस को समझना चाहते हैं. आरएसएस को क्या समझा जाए, क्या वह समझने लायक है? जरा बताएं?

नौशेरा सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश में दो आतंकी हुए ढेर

- दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध में उपयोग किए जाने वाले सामान बरामद

एजेंसी। जम्मू

जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना ने आतंकियों के घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है. राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सोमवार को नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश के दौरान दो आतंकवादी मारे गए.

भारतीय सेना ने कहा कि "घुसपैठ की संभावित कोशिश के संबंध में खुफिया एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के इनपुट के आधार पर, सेना द्वारा 8 और 9 सितंबर की मध्यरात्रि को सामान्य क्षेत्र लाम, नौशेरा में एक घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था." "इस अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है और अब तक दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध में उपयोग किए जाने वाले सामान बरामद किए गए हैं. सुरक्षा बल कड़ी निगरानी रख रहे हैं, जिसके लिए हवाई प्लेटफार्मों का उपयोग किया जा रहा है." सेना ने आगे कहा कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है.

पिछले दिनों घुसपैठ में बढ़ोतरी हुई है, खासकर सर्दियों की शुरुआत और बर्फबारी से रास्ते बाधित होने से पहले. जम्मू संभाग के पुंछ, राजौरी, डोडा, कठुआ, रियासी और उधमपुर के पहाड़ी जिलों में पिछले दो महीनों के दौरान सेना, सुरक्षाबलों और नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी हमले हुए हैं.

इन हमलों के लिए 40 से 50 की संख्या में माने जाने वाले कट्टर विदेशी आतंकवादियों के एक समूह के जिम्मेदार होने की रिपोर्ट के बाद, सेना ने 4,000 से अधिक प्रशिक्षित सैनिकों को तैनात किया गया, जिनमें विशिष्ट पैरा कमांडो और पर्वतीय युद्ध में प्रशिक्षित लोग शामिल थे. आतंकवादी अलग-अलग तरीके का इस्तेमाल कर रहे हैं. सेना और सीआरपीएफ की तैनाती के साथ-साथ निवासियों द्वारा तैयार ग्राम रक्षा समितियों के मजबूत और जागरूक होने से आतंकवादी अपने गलत मंसूबे पूरे करने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं.

हरियाणा में गठबंधन की चर्चा के बीच 'आप' ने जारी की लिस्ट

एजेंसी। नयी दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी. पहली सूची में पार्टी ने 20 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है. खास बात यह है कि हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच लगातार सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा चल रही है. लेकिन, दोनों पार्टियों के बीच अभी तक गठबंधन पर सहमति नहीं बन पाई है. माना जा रहा था कि हरियाणा में आप, कांग्रेस से 10 या उससे ज्यादा सीटें देने की मांग कर रही थी.

इसी बीच पार्टी ने नारायणगढ़ से गुरपाल सिंह, कलायत से अनुराग ढांडा, पूंडरी से नरेंद्र शर्मा, घरौंडा से जयपाल शर्मा, असंध से अमनदीप जुंदला को प्रत्याशी बनाया है. समालखा से बिट्टू पहलवान, उचाना कलां से पवन फौजी, दाबवली से कुलदीप गरदाना, बादशाहपुर से बीर सिंह सरपंच, बादली से रणबीर गुलिया, बेरी से सोनू अहलावत, रनिया से हैप्पी रनिया, रोहतक से बिजेंद्र हुड्डा, भिवानी से इंदु शर्मा, मेहम से विकास नेहरा को प्रत्याशी बनाया है.

'आप' को बड़ा झटका

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच आम आदमी पार्टी के पंचकूला जिला अध्यक्ष रंजीत उप्पल ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई. इस मौके पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा भी मौजूद रहे.

इजरायल को हथियार निर्यात में दखल से कोर्ट का इनकार

- शीर्ष कोर्ट ने कंपनियों के लाइसेंस रद्द करने और नये लाइसेंस जारी करने संबंधी याचिका खारिज की

एजेंसी। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें गाजा के साथ चल रहे संघर्ष के बीच इजरायल को हथियारों और अन्य सैन्य उपकरणों के निर्यात के लिए विभिन्न भारतीय कंपनियों के लाइसेंस रद्द करने और नये लाइसेंस जारी करने पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी.

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि संविधान के अनुसार रक्षा और विदेश मामलों का संचालन करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र केंद्र सरकार के पास है. पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल थे. शीर्ष अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 162 के अलावा संविधान के अनुच्छेद 253 के प्रावधान यह निर्धारित करते हैं कि संसद के पास किसी भी अंतर्राष्ट्रीय समझौते, सम्मेलन या संधि को लागू करने के लिए पूरे भारत संघ या उसके हिस्से के संबंध में कोई भी कानून बनाने की शक्ति है. पीठ ने कहा, "हम सरकार से यह नहीं कह सकते कि आप किसी देश को निर्यात नहीं करेंगे या आप किसी विशेष कंपनी को सैन्य उपकरण निर्यात करने वाली सभी कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर देंगे. यह राष्ट्रीय नीति का मामला है." इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने माना कि याचिका में मांगी गई निषेधाज्ञा राहत से अनिवार्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय अनुबंधों और समझौतों का उल्लंघन होगा. उसने स्पष्ट किया कि उसकी टिप्पणियों का उद्देश्य केंद्र सरकार या किसी संप्रभु राष्ट्र द्वारा विदेश नीति के संचालन पर कोई राय देना नहीं है.

जनहित याचिका में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के एक हालिया फैसले का हवाला दिया गया, जिसमें गाजा पट्टी में अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के उल्लंघन के लिए इजरायल के खिलाफ अनंतिम उपायों का आदेश दिया गया था.

धर्म-कर्म पीठापुरम-काकीनाडा रोड पर नए आश्रम परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. उमर अली शाह ने कहा

आत्म विश्लेषण की शक्ति देता है आध्यात्मिक और दार्शनिक ज्ञान

लगातार न्यूज नेटवर्क। पिठापुरम

श्री विश्व विज्ञान विद्या आध्यात्मिक पीठ के नौवें पीठाधिपति डॉ. उमर अली शाह ने कहा कि आध्यात्मिक और दार्शनिक ज्ञान व्यक्ति को अच्छे व बुरे का आत्म विश्लेषण करने की शक्ति देता है और मानव तंत्र सही दिशा में आगे बढ़ता है. पीठम के सातवें प्रमुख हुसैन शाह की 119वीं जयंती मनाने के लिए सोमवार को पीठापुरम-काकीनाडा रोड पर नए आश्रम परिसर में आयोजित एक बैठक में अली शाह ने भक्तों को संबोधित किया.

ज्ञातव्य है कि मनुष्य में आध्यात्मिकता की कमी के कारण ही समाज में बुराइयों का निर्माण होता है.

ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति अपनी जीवनशैली में माया की शक्तियों से पीड़ित है और बेचैन और असंतुष्ट महसूस कर रहा है वह न केवल खुद को खो रहा है बल्कि अपने साथियों को भी खो रहा है. यह बात सामने आ चुकी है कि आध्यात्मिक चिंतन से ही मनुष्य को मानसिक शांति मिल सकती है. यह ज्ञात है कि यदि हम काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और माश्च रय को समतल कर लें, जो हमारी आत्मा को परेशान करते हैं, तो हमें अच्छे और बुरे का विश्लेषण करने की शक्ति मिल जाएगी. उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति बचपन से ही दार्शनिक ज्ञान प्राप्त कर ले तो वह जीवन भर शांतिपूर्ण जीवन जी सकेगा. ऐसा कहा जाता है कि ध्यान, ज्ञान और मंत्र की त्रिवेणी का अभ्यास करने से दार्शनिक ज्ञान प्राप्त होता है. उन्होंने कहा कि सभी को पीठम के सातवें प्रमुख हुसैन शाह द्वारा लिखित कालजयी ग्रंथ "शाह तत्व" पढ़नी चाहिए. उन्होंने पीठम के सदस्यों से पर्यावरण संरक्षण के तहत तीन-तीन पौधे लगाने का आह्वान किया.

कई जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित

बाद में, राष्ट्रपति ने उमर अलीशा ग्रामीण विकास ट्रस्ट और रोटरी ब्लड बैंक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया. ट्रस्ट ने कई जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित कीं और सभा में पक्षियों के चारे के लिए अनाज का वितरण किया. अली शाह ने मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में पीठम द्वारा प्रकाशित कई पुस्तकों का अनावरण किया. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जेएनटीयूके, कुलपति डॉ. मुरलीकृष्ण, रजिस्ट्रार डॉ. रवीन्द्रनाथ, शतावधानी अमुदाला मुरली, श्री किरण कांति अस्पताल के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. चन्द्रशेखर रावुलु ने सदस्यों से कहा कि इंसानों को अपने मतभेदों को भुलाकर इंसानों के प्रति समभाव रखना चाहिए. चेयरमैन ने आध्यात्मिक दर्शन और सामाजिक सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करके अलीशा की सेवाओं की प्रशंसा की. इसके बाद, पीठासीन अधिकारी ने प्रसिद्ध कवि, लेखक और विश्लेषक जोन्नाविटुला श्रीरामचंद्रमूर्ति को सम्मानित किया, जिन्होंने विज्ञान ज्योति ग्रंथ का कन्नड़ भाषा में अनुवाद किया था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)